सुप्रभात

रांची, शनिवार

03.12.2022

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 140

SURJABASHA

12 महाराष्ट्र को हरा कर सौराष्ट्र ने जीती विजय हजारे ट्रॉफी

## न्यूज डायरी

### श्रम अधीक्षक पर लगा 500 रुपये का जुर्माना

**रांची।** श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग ने तत्कालीन सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह श्रम अधीक्षक पुनित मिंज पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया है। उनके उपर राज्य निर्वाचन आयोग ने कार्रवाई की अनुशंसा की थी। यह बात सामने आयी थी कि इस वर्ष मई महीने में आयोजित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 के दौरान केरसई प्रखंड के मदान केंद्र संख्या 55 में चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में उन्होंने लापरवाही बरती, जिसके कारण दोबारा चुनाव कराना पड़ा। पूरे मामले को आयोग ने गंभीरता से लिया था और कार्रवाई के लिए विभाग से अनुशंसा की थी।

### 100 करोड़ गबन के आरोपी राजू इडी रिमांड पर

**रांची।** ईडी ने मिड-डे-मिल के 100 करोड़ के गबन के आरोपित राजू कुमार वर्मा को पांच दिनों के रिमांड पर लिया है। उसे तीन से सात दिसंबर तक रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि शनिवार से शुरू होगी। ईडी ने राजू कुमार वर्मा को गुरुवार को गिरफ्तार कर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया था और उसी समय रिमांड के लिए आवेदन दिया था। शुक्रवार को अदालत ने आदेश पारित करते हुए पांच दिन के रिमांड का आदेश दिया।

### लोहा चोरी के दौरान गिरी छत, तीन दबे

**गिरिडीह।** सीसीएल गिरिडीह कोलियरी के बंद पड़े कोक प्लांट में हादसा हो गया। यहां लोहा चोरी के दरमियान कोक प्लांट के एक हिस्से का छत गिर गया गयी। इस घटना में तीन लोहा चोर दब गये। बाद में चोरों के साथियों ने किसी तरह मलबे को हटाया और तीनों को लेकर भाग गये। कहा जा रहा है कि घायलों में से एक ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रबंधन व पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार की देर शाम को लगभग एक दर्जन की संख्या में लोहा चोर गैस कटर को लेकर बंद पड़े कोक प्लांट में घुसे और एक स्थान पर लोहा काटने लगे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

### दुमका जेल के संतरी पर चलायी गोली

**दुमका।** सेंट्रल जेल के मुख्य गेट पर तैनात संतरी पर शुक्रवार को बाइक सवार तीन बदमाशों ने गोली चलायी। हालांकि, इस गोलीबारी में संतरी बाल-बाल बच गया। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौके से दो खोखा बरामद किया। सूचना पर घटनास्थल पर एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी पहुंचे और जांच शुरू की। जांच में सेंट्रल जेल के गेट पर लगे सीसीटीवी खराब पाया गया।

### इडी ने जेल में हांसदा से घंटों पूछताछ की

**रांची।** अवैध खनन मामले की जांच कर रही इडी की तीन सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को साहिबगंज मंडल कारागार में बंद विजय हांसदा से उसके दावे और साहिबगंज पुलिस पर लगाये गए आरोप के संबंध में करीब तीन घंटे तक पूछताछ की और कई अन्य जानकारी ली। इडी की तीन सदस्यीय टीम असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा के नेतृत्व में बिहार के कहलगांव स्थित एनटीपीसी रेस्ट हाउस से साहिबगंज पहुंची थी। ईडी की टीम कोर्ट से मिले विजय हांसदा की रिमांड पेपर के साथ सुबह लगभग 11:50 बजे साहिबगंज मंडल कारागार पहुंची और पूछताछ की कार्रवाई की।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 50,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 66,000 रु./प्रति किलो |

### हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति मामला, सुप्रीम कोर्ट में सीएस हाजिर

# मेधा सूची बनाने का निर्देश

➲ कोर्ट ने कहा, अंतिम कट ऑफ को आधार बनायें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति मामले में दायर अवमानना वाद की सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले पर सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने राज्य सरकार को अब तक नियुक्त हुए अभ्यर्थियों के अंतिम कट ऑफ को आधार मानकर इस केस के सभी पिटिशनर की मेधा सूची तैयार करने का निर्देश दिया है। मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 दिसंबर निर्धारित की है। हाइस्कूल शिक्षक नियुक्ति मामले में सोनी कुमारी की ओर से दाखिल अवमानना याचिका दायर की गयी थी। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि जिनकी नियुक्ति हो चुकी है उन्हें और हाईकोर्ट के पब्लिक नोटिस के बाद जो इस मैटर में मूल



याचिकाकर्ता बने हैं इन दोनों के बीच मिलाकर मेरिट लिस्ट बनायें और इनकी नियुक्ति करें। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने मामले में यथास्थिति बहाल रखने का आदेश दिया था। हाइस्कूल नियुक्ति विज्ञापन संख्या 21/ 2016 के द्वारा झारखंड में हाई स्कूल में नियुक्ति प्रक्रिया चल रही थी। इसमें सोनी कुमार और अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना का दायर किया था। इसमें कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। सोनी कुमारी की ओर से कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश था कि विषयवार और कोटिवार अंतिम चयनित अभ्यर्थी का प्रकाशित कटऑफ के अनुसार मेरिट लिस्ट रिवाइज करना था, जो कि राज्य सरकार और जेएसएससी के द्वारा इस तरह से प्रकाशित नहीं किया गया। यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना है। सोनी कुमारी की ओर से वरीय अधिवक्ता रंजीत कुमार, अधिवक्ता ललित कुमार सिंह ने कोर्ट में पक्ष रखा और राज्य सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पैरवी की। बता दें कि झारखंड में विज्ञापन संख्या 21/ 2016 में हाई स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति नियोजन नीति के तहत की गई थी। जिसे झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति हुए लोगों को राहत दी थी। साथ ही राज्य सरकार को हुए रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया था। लेकिन राज्य सरकार ने कट ऑफ मार्क्स को बदलते हुए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की।

### पीएम को लिखे पत्र में सीएम ने वन संरक्षण नियम-2022 पर जतायी आपत्ति

# ग्राम सभा की सहमति के बिना पेड़ काटना घातक : मुख्यमंत्री

➲ खत्म जायेंगे आदिवासियों के अधिकार

➲ पुनर्विचार करें, यह मासूम आदिवासियों के साथ धोखा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी को पत्र लिख कर वन संरक्षण नियम 2022 पर आपत्ति जताते हुए पुनर्विचार की अपील की है। सीएम ने कहा कि पेड़-पौधों को आदिवासी समाज अपने पूर्वजों के रूप में देखते हैं। ऐसे में उनकी सहमति के बिना पेड़ों को काटना उनकी भावना पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा है कि ग्राम सभा की सहमति के बिना पेड़ों को काटना खतरनाक है। झारखंड में 32 प्रकार की





जनजातियां रहती हैं, जो प्रकृति के साथ समरसतापूर्वक जीवन जीती हैं। ये पेड़ों की पूजा और रक्षा करते हैं। केंद्र सरकार ने वन अधिकार अधिनियम 2006 को परिवर्तित कर वन संरक्षण नियम 2022 में गैर वानिकी उद्देश्यों के लिए वन भूमि का उपयोग करने से पहले ग्राम सभा की सहमति प्राप्त करने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। यह मासूम आदिवासियों के साथ धोखा है, क्योंकि इससे आदिवासी समुदाय का अधिकार खतरे में है। सीएम ने जंगल में रहने वालों की सहमति के बिना पेड़ काटने वाले इस कानून पर कड़ी आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 वनों में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों और वनों पर निर्भर अन्य पारंपरिक लोगों को वन अधिकार प्रदान करने के लिए लाया गया था। देश में करीब 20 करोड़ लोगों की प्राथमिक आजीविका वनों पर निर्भर है। लगभग 10 करोड़ लोग वनों के रूप में वर्गीकृत भूमि पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि 2022 की नयी अधिसूचना में ग्राम सभा की सहमति की शर्त को आश्चर्यजनक रूप से पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। अब ऐसी स्थिति बन गयी है कि एक बार फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिलने के बाद बाकी सब बातें औपचारिकता बनकर रह जायेंगी। राज्य सरकारों पर वन भूमि के डायवर्जन में तेजी लाने के लिए केंद्र का और भी अधिक दबाव होगा। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि प्रधानमंत्री इस पर निर्णय लें।

## मेयर पद आरक्षण पर कोर्ट ने सरकार व आयोग से मांगा जवाब

**रांची।** रांची मेयर का पद अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मामले में राज्य निर्वाचन आयोग और राज्य सरकार को 2 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने मौखिक कहा कि यह मामला अति महत्वपूर्ण है। इस विषय पर नीतिगत निर्णय लिया गया है, इसलिए सरकार जल्द जवाब दाखिल करें। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने कहा कि शेड्यूल एरिया में नगर निकाय चुनाव में मेयर या अध्यक्ष या नगर पंचायत अध्यक्ष



का पद सिर्फ आदिवासियों के लिए ही आरक्षित हो सकता है, गैर-आदिवासियों के लिए यह पद नहीं हो सकता है।

बता दें कि इसे लेकर लक्ष्मीनारायण मुंडा ने याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने कहा है कि पांचवी अनुसूची के तहत अनुसूचित जिले में मेयर या अध्यक्ष का पद एसटी के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है लेकिन नियमों का उल्लंघन करते हुए इस बार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एससी के लिए आरक्षित कर दिया गया है।

# नक्सलियों का पीएलजीए सप्ताह शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों का पीएलजीए सप्ताह शुक्रवार से शुरू हो गया है। पहले ही दिन सुरक्षाबलों ने दो पश्चिमी सिंहभूम के टोन्टो थाना के रंगड़ाहातु से दो-दो किलो का दो आइइडी बम बरामद किया। वहीं पलामू जिले के नौडीहा बाजार के इलाके में नक्सलियों ने पोस्टर चिपका कर दहशत का माहौल बनाया। पीएलजीए सप्ताह को झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी एसपी को अर्लट जारी किया गया है। नक्सली इस दौरान विध्वंसक घटना को अंजाम देते है। सभी एसपी को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सर्तकता बरतने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि माओवादियों के केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) ने पीएलजीए की 22 वीं वर्षगांठ दो से आठ दिसंबर तक मनाने का ऐलान किया था। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ समेत कई इलाकों में नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। रेलवे समेत सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती भी की गयी है।



### पलामू में पोस्टर में जनयुद्ध की बात

पलामू जिले के लक्ष्मीपुर पंचायत के इलाके में पेड़ पर माओवादियों ने पोस्टर चिपकाये। पोस्टर की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसे जब्त कर लिया। सीएमसी ने 27 पन्नों का एक बुकलेट जारी कर पीएलजीए सप्ताह बनाने का आह्वान किया था। इस दौरान गुरिल्ला युद्ध का तेज करने, जनाधार बनाने, दुश्मन को परास्त करने और जनयुद्ध को आगे बढ़ाने का की घोषणा की गयी थी।

### सुरक्षाबलों को क्षति पहुंचाने की मंशा

चाईबासा के टोंटो थाना क्षेत्र में कोबरा 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ 174 बटालियन एवं जिला पुलिस टीम दो आईईडी बम विस्फोट कर सुरक्षा बलों को लक्षित करने के लिए लगायी पायी गयी। दोनों बम को उसी स्थान पर निष्क्रिय कर दिया गया।

### राजकीय सम्मान के साथ दादा पंचतत्व में विलीन

**बोकारो।** पूर्व मंत्री और भाजपा के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय समरेश सिंह शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। चंदनकियारी स्थित देवुलटांड में इजरी नदी के तट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ। बड़े पुत्र सिद्धार्थ सिंह उर्फ माना सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पूर्व उनके अंतिम दर्शन के लिए जिले के सभी जगहों से हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम यात्रा सेक्टर चार स्थित उनके आवास से शुरू होकर पूरे शहर का भ्रमण करते हुए चंदनकियारी स्थित पैतृक गांव देवुलटांड पहुंची। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने उनकी शव यात्रा में शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व सीएम रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद पीएन सिंह, विधायक विरंची नारायण, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक कुमार जय मंगल सिंह और गोमिया विधायक लंबोदर महतो सहित बड़ी संख्या में उनके चाहने वाले मौजूद थे।

## जी-20 बैठक में मेहमानों के लिए गीत-संगीत



एजेंसी

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में आगामी पांच से सात दिसंबर तक होनेवाली जी-20 शिखर बैठक के दौरान विदेशी मेहमानों के लिए गीत संगीत की प्रस्तुति होगी। पर्यटन विभाग की उप निदेशक शिखा सक्सेना ने बताया कि 4 दिसंबर सायं लीला पैलेस के शीश महल में रिसेप्शन के दौरान म्यूजिक सिंफनी की जायेगी। पांच को दिनभर शेरपा बैठक का दौर चलेगा और सायं जगमंदिर में सांस्कृतिक संध्या होगी जिसका थीम राजस्थान होगा। इसी प्रकार छह दिसंबर को पुनः दिनभर बैठक, सायं शिल्पग्राम आर्ट एंड क्राफ्ट विजिट और सायं मानक चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम इंडिया थीम पर होगा। ये सांस्कृतिक कार्यक्रम आईसीसीआर और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होंगे। 7 दिसंबर को शेरपा सुबह कुंभलगढ़ जायेंगे और फतेह बाग में लंच करेंगे। इस दौरान पुनः म्यूजिकल कंसर्ट आयोजित होगा। इसके बाद शेरपा फतेह बाग से रवाना होगा रणकपुर मंदिर जाएंगे।

### दोस्त मोदी की हर मदद करेंगे : बाइडन

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि भारत अमेरिका का मजबूत पार्टनर है। वे जी-20 की अध्यक्षता के दौरान अपने दोस्त पीएम मोदी की पूरी मदद करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने ट्वीट में कहा है कि साथ मिलकर हम जलवायु, ऊर्जा और खाद्य संकट जैसी साझा चुनौतियों से निपटते हुए सतत और समावेशी विकास के लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे।

### बांग्लादेश आमंत्रित राष्ट्र बना

भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता प्राप्त करने के साथ ही बांग्लादेश भी आमंत्रित राष्ट्र बन गया है जो संगठन की शिखर बैठकों सहित अन्य बैठकों में भी भाग ले सकेगा। बांग्लादेश ने इसके लिए आभार व्यक्त किया है क्योंकि जी-20 एजेंडा के अनेक मुद्दों से वह भी जुड़ा हुआ है। बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना को अगले साल जी -20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### एनटीपीसी का सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन कोयला उत्पादन बढ़ाने और एनटीपीसी के बिजली संयंत्रों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण ईंधन आपूर्ति की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। बताया गया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 8.27 मिलियन मीट्रिक टन कोयले के उत्पादन की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में नवंबर 22 तक 12.24 मिलियन मीट्रिक टन के कोयले के उत्पादन के साथ, एनटीपीसी ने साल-दर-साल उत्पादन में 48 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है। एनटीपीसी ने नवंबर 22 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन का रिकॉर्ड बनाया है।

# तीसरी वर्षगांठ पर जोहार यात्रा शीघ्र

## प्रथम चरण में छह, दूसरे तीसरे में 9-9 जिले शामिल होंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** महागठबंधन सरकार की तीसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जल्द ही जोहार-आशीर्वाद यात्रा शुरू की जायेगी। जोहार आशीर्वाद यात्रा की सफलता के लिए सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गठबंधन दलों के नेताओं की आवश्यक बैठक हुई है। यह यात्रा तीन चरणों में होगी। पहले चरण में 6 जिलों को शामिल किया गया है जबकि दूसरे और तीसरे चरण में 9-9 जिलों के नाम शामिल हैं। पहले चरण में गढ़वा, पलामू, गुमला, लोहरदगा, गोड्डा और देवघर जिले शामिल हैं। इस यात्रा में मुख्यमंत्री से लेकर सभी कैबिनेट मंत्री व विधायक शामिल होंगे। यात्रा के दौरान हरेक जिले में बड़ी जनसभा का आयोजन किया जायेगा। इन आयोजनों में हेमंत सरकार की उपलब्धि आम लोगों को बताया जायेगा। महागठबंधन ने इस यात्रा को लेकर रोड मैप तैयार करना शुरू कर दिया है। इसका मकसद पिछले तीन सालों में सरकार की हासिल की गई उपलब्धियों के बारे में जनता को बताना और उनकी प्रतिक्रिया जानना है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार 29 दिसंबर को सत्ता में अपने तीन साल पूरे कर रही है।

### सरकार की उपलब्धियों का जश्न मनेगा

सत्तारूढ़ महागठबंधन के सूत्रों के अनुसार यह 1932 के भूमि रिकॉर्ड (खतियान) के आधार पर सरकार की नयी अधिवास नीति के साथ-साथ ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण, पुरानी पेंशन योजना, किसानों के लिए ऋण माफी योजना और फसल राहत योजना जैसी अन्य उपलब्धियों के जश्न के रूप में मनायी जायेगी। मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि राज्य के हर जिले में यूपीए के सहयोगी संयुक्त रूप से रैलियां निकालेंगे। सरकार के प्रदर्शन पर लोगों की प्रतिक्रिया जानने के लिए एक सर्वेक्षण भी किया जायेगा।

# पटरी से उछला सरिया, खिड़की तोड़ युवक के सिर में घुसा

## हादसे के वक्त तब 110 किमी/घंटे की रफ्तार थी नीलांचल एक्सप्रेस की

एजेंसी

**अलीगढ़।** कहते हैं कि जिंदगी मौत का कोई भरोसा नहीं है। होनी होकर रहती है, उसे टाला नहीं जा सकता है। यह बात फिर एक बार सच साबित हुई है। ट्रेन के अंदर बैठे-बैठे एक इंसान की जान चली गयी। यह मौत सरिया के तौर पर खिड़की से आयी। खिड़की के पास बैठे शख्स के गर्दन के यह आर-पार हो गयी। पलक झपकते सबकुछ खत्म हो गया। रेलवे के मुताबिक हादसे में जान गंवाने वाले यात्री का नाम हरिकेश कुमार दुबे है। वह सुल्तानपुर के गोपीनाथपुर गांव के रहने वाले थे। घर जाने के लिए दिल्ली से सुल्तानपुर नीलांचल एक्सप्रेस से रवाना हुए थे। ट्रेन अलीगढ़ के सोमना पहुंचने वाली थी, उस समय ट्रेन की रफ्तार करीब 110 किलोमीटर प्रति घंटा थी। तभी यह घटना हुई। हरिकेश दिल्ली में मोबाइल टॉवर से जुड़ी कंपनी में टेक्नीशियन थे। वह ट्रेन के जनरल कोच में खिड़की के किनारे बैठे हुए थे। सरिया जबर्दस्त स्पीड से आयी और शीशा तोड़कर हरिकेश दुबे की गर्दन के आर-पार चली गयी। अगल-बगल बैठे यात्री सन्न रहे गये। कुछ सेकेंड तक कुछ समझ ही नहीं आया कि हुआ क्या। फिर चीखपुकार मच गयी। लोगों को पता चला कि उनके पास बैठे हरिकेश की सरिया ने जान ले ली है।




### ऐसी मौत ताज्जुब से कम नहीं

ट्रेन में सफर कर रहे हरिकेश की जान जिस तरह गयी वो किसी ताज्जुब से कम नहीं है। बदकिस्मती से उन्हें वह सीट मिली थी जिसे पाकर लोग खुद को खुशकिस्मत समझते हैं। यानी कॉर्नर की सीट। उन्हें शायद नहीं पता था कि इस कॉर्नर की सीट पर उनका यह अंतिम सफर होगा। एक सरिया उछलकर ट्रेन का शीशा फोड़कर आयी और हरिकेश दुबे की गर्दन के आर-पार हो गयी। आखिर यह हादसा हुआ कैसे? इसमें गलती किसकी थी? क्या सिर्फ 'होनी' कहकर इससे पल्ला झाड़ा जा सकता है? जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक पर काम चल रहा था।

## 33 करोड़ के फर्जीवाड़े में शाहिद को जेल

**रांची।** जमीन के फर्जी दस्तावेज के आधार पर बैंकों को 33 करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाकर फरार शाहिद खान को सीबीआइ ने कोलकाता से गिरफ्ताार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया गया। मालूम हो कि आरोपी ने अपने सहयोगी के साथ आपराधिक साजिश रचकर जमशेदपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक से 13.75 करोड़ रुपये एवं यूको बैंक से 19.45 करोड़ रुपये की फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर 2010 में ऋण उठाया था। जब ऋण एनपीए हो गया तो इसकी जांच की गयी। पता चला आरोपियों ने बैंक को चूना लगाया है। इसके बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गयी। सीबीआई ने 2015 में चार अलग-अलग मामला दर्ज कर तफ्तीश प्रारंभ की थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपी शाहिद खान जमशेदपुर से कोलकाता शिफ्ट गया। कांड संख्या आरसी 7/2015 में पीएनबी के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक बीराबर दास, मेसर्स टीआरएल के पार्टनर एजाज खान, सिराज खान, बीवी सुब्रमण्यम, शाहिद खान समेत 10 आरोपी नामजद है। वहीं यूको बैंक धोखाधड़ी मामले में कांड संख्या आरसी 8/2015 में एजाज खान, सुबाशीश सिन्हा, राजेश रंजन, कार्तिक लाल, शाहिद खान समेत 14 नामजद है।

### कोर्ट को बरगलाने की कोशिश

गिरफ्तार आरोपी शाहिद खान ने पेशी के दौरान कोर्ट को बरगलाने की कोशिश की। पेशी के दौरान उसने कहा कि मैं शाहिद नहीं उसका भाई हूं। मैं एक वकील हूं और वकालत करता हूं। इसके अलावा ऊंची-ऊंची पहुंच की बात करने लगा। जब उससे वकील होने का सबूत मांगा गया तो वह पेश नहीं सका।

# नक्शा विचलन मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप का होगा गठन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नक्शा विचलन से जुड़े एक मामले में 11 साल बाद आरोपियों के खिलाफ आरोप गठन किया जाना है। शुक्रवार को सीबीआई की विशेष अदालत में आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित थी लेकिन एक बार फिर समय ले लिया गया। अदालत ने अगली तारीख 17 दिसंबर निर्धारित की है। मामले में आरोपियों को सीबीआई ने बीते 11 मई को पुलिस पेपर सौंप चुकी है।

नक्शा विचलन मामले में बूटी रोड स्थित जगन्नाथ लाइफकेयर अस्पताल के निदेशक डॉ सुधीर कुमार, रानी अस्पताल के संचालक डॉ राजेश कुमार, आरआरडीए के अधिकारी समेत नौ लोग ट्रायल फेस कर रहे हैं।

झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआइ ने 25 मार्च 2011 को डॉ सुधीर कुमार, डॉ राजेश कुमार समेत नौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सीबीआइ ने जांच पूरी करते हुए जनवरी 2013 में अदालत में चार्जशीट दाखिल की। इसमें नक्शा विचलन करने का आरोप सही पाया गया था। सीबीआइ ने पाया कि उपनियमों के प्रावधानों के बड़े पैमाने पर उल्लंघन किया गया है। जिसमें आरआरडीए के अधिकारियों ने पदों का दुरुपयोग कर बिल्डरों, फर्मो और कंपनियों द्वारा आपराधिक साजिश में शामिल होकर नक्शा विचलन किया गया।

### सीबीएसई के कलासेतु पोर्टल पर आर्ट इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट सबमिट करना आवश्यक

रांची। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा एक से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए कला आधारित प्रोजेक्ट कार्य शुरू किया गया है। पहली से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों को अब शैक्षणिक सत्र 2022-2023 में भी प्रत्येक विषय में एक कला आधारित प्रोजेक्ट कार्य लेना पड़ेगा। कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक के छात्रों को भी एक कला आधाारित प्रोजेक्ट कार्य बनाना जरुरी है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत विद्यार्थियों को किसी एक राज्य या केंद्र शासित प्रदेश से संबंधित विषय पर प्रोजेक्ट बनाना होगा। सीबीएसई बोर्ड एग्जाम के एडमिट कार्ड को डाउनलोड करने से पहले विद्यालयों को यह प्रोजेक्ट कलासेतु पोर्टल पर जमा करना है।

## झारखंड के लिए देश में पहले 'वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड' का लोकार्पण

# विश्व हर सेकंड एक एकड़ मिट्टी खो रहा, बढ़ रहा खतरा : संजय श्रीवास्तव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और वन उत्पादकता संस्थान ने शुक्रवार को रांची में झारखंड के लिए देश का प्रथम वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड का विमोचन किया। विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय श्रीवास्तव उपस्थित थे।

**95 फीसदी खाद्य का मुख्य स्त्रोत मिट्टी** : मौके पर संजय श्रीवास्तव ने कहा कि वन उत्पादकता संस्थान ने देश में सर्वप्रथम वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड सही समय पर जारी कर इतिहास बनाया है क्योंकि दो दिनों बाद मृदा दिवस मनाया जाएगा। इस हेल्थ कार्ड में बताया गया है कि 95 प्रतिशत खाद्य का मुख्य स्त्रोत मिट्टी है। रिपोर्ट के आधार पर विश्व प्रति सेकंड 1 एकड़ जमीन की मिट्टी खो रहा है और 60 साल बाद हम मृदा विहीन हो जायेंगे। इसकी कल्पना कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं।




### रांची का वन उत्पादकता संस्थान बना सहभागी

रांची के वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी ने कहा कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की स्वीकृति के बाद भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून द्वारा वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड का निर्माण कार्य शुरू किया गया। परिषद के महानिदेशक अरुण सिंह रावत के निर्देशन में वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। इसमें वन उत्पादकता संस्थान, रांची भी सहभागी था, जो पूर्वी क्षेत्र के वन अनुसंधान कार्यों का प्रतिनिधित्व करता है। इस संस्थान को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल राज्यों के लिए वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड तैयार करने का कार्य सौंपा गया है।

# प्रो. संजय मिंज के निधन पर शोक सभा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के बीएड विभाग के शिक्षक प्रो संजय मिंज के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा की गई। मौके पर कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि दिवंगत प्रो संजय मिंज के निधन पर विश्वविद्यालय प्रशासन उनके परिवार को हर संभव मानसिक और आर्थिक संबल प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ की पहल पर दिवंगत परिवार को आर्थिक मदद देने के प्रस्ताव को सभी शिक्षकों ने सहमति प्रदान की।

# दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाने में लापरवाही बरती तो होगी कड़ी कार्रवाई : बन्ना गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विश्व दिव्यांग दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित एक शाम दिव्यांगों के नाम कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यदि दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाने पर यदि किसी को दिक्कत हुई तो संबंधित अधिकारी नपेंगे। कार्यक्रम के दौरान उन्हें सदर अस्पताल में दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाने वाले काउंटर के हालातों की जानकारी दी गयी। इस पर मंत्री ने कहा कि इसमें जल्द बदलाव देखने को मिलेगा और बिना बताये निरीक्षण भी करूंगा। उन्होंने दिव्यांगजनों की समस्याओं को सरकार के स्तर पर रखने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में दिव्यांगजनों में से अनेक प्रतिभाशाली लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मौके पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान आफताब आलम, अजय नाथ शाहदेव, हितेश गोयल, जिज्ञासा श्रीवास्तव, बरखा सिन्हा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आजसू का अखिल झारखंड महिला संघ का राज्यस्तरीय अधिवेशन कल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी की सहयोगी इकाई अखिल झारखण्ड महिला संघ का राज्यस्तरीय अधिवेशन 4 दिसंबर को कोनार डैम क्षेत्र, विष्णुगढ़, हजारीबाग में होगा। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि अधिवेशन में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विशिष्ट अथिति गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी और सम्मानित अतिथियों में आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, केंद्रीय महासचिव डॉ. लंबोदर महतो व रौशनलाल चौधरी, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक एवं हसन अंसारी, केंद्रीय संगठन सचिव शालिनी गुप्ता, केंद्रीय सचिव यशोदा देवी, सुनीता चौधरी, तिवारी महतो, अर्जुन बैठा एवं हरेलाल महतो होंगे। पार्टी की ओर से बताया गया कि उनकी पार्टी राज्य में 50 हजार महिला नेतृत्वकर्ता तैयार करने में जूटी है। इसी लक्ष्य के साथ अखिल झारखंड महिला संघ का सभी स्तर पर पुनर्गठन, गठन एवं विस्तार किया गया। साथ ही 16 अक्टूबर को राज्य के सभी 24 जिलों में अखिल झारखण्ड महिला संघ का जिला सम्मेलन संपन्न हुआ तथा 23 सितंबर को सभी 260 प्रखंडों में प्रखंड सम्मेलन किया गया।

### राज्यपाल आज देंगे छात्र-छात्राओं को मेडल और उपाधि

# इक्फाई विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस शनिवार को इक्फाई विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं को मेडल और उपाधि प्रदान करेंगे। यह आयोजन मोराबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में शनिवार को अपराह्न दो बजे से किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस व विशिष्ट अतिथि जस्टिस रोंगन मुखोपाध्याय होंगे।

दीक्षांत समारोह में साल 2022 में स्नातक करने वाले 139 छात्र-छात्राओं को डिग्री दी जायेगी। इसमें सात छात्र-छात्राओं को पीएचडी की उपाधि दी जायेगी। वहीं, 9 छात्रों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए गोल्ड मेडल और 9 को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जायेगा। इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने शुक्रवार को कहा कि अपने स्थापना काल से ही गुणवत्तायुक्त और संस्कारयुक्त शिक्षा देने के प्रति कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि इक्फाई विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र देश के विभिन्न नामी-गिरामी कंपनियों में कार्यरत हैं। विश्वविद्यालय के छात्रों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हो रहा है। विश्वविद्यालय प्रबंधन लगातार प्रयासरत रहता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की जरूरतों और रोजगारपरक शिक्षा को देखते हुए अगले सत्र से कई नये पाठ्यक्रमों की भी शुरूआत की जायेगी।

# खेलो झारखंड प्रतियोगिता में कांके प्रखंड की टीम विजेता



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के अंतर्गत बालिका उच्च विद्यालय बरियातू रांची के मैदान में वर्ग 6 से 8 के लिए बालिका श्रेणी में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान जिले के दौरान कुल 18 प्रखंडों की टीम ने भाग लिया, जिसमें कांके प्रखंड की टीम विजेता रही जबकि लापुंग प्रखंड के टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नरेंद्र सिंह सैनी ने विजेता ट्रॉफी का वितरण किया।

इसी प्रकार बालक की श्रेणी का मैच संत जॉन उच्च विद्यालय इंग्लिश मीडियम रांची के मैदान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया जिसके फाइनल में नगड़ी और मांडर के बीच मुकाबला हुआ । नगड़ी की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान विनय बंधु कच्छप, प्रताप कुमार, पंकज तिर्की, ओम प्रकाश उपाध्याय, शांति कुमारी, करुणा पूर्ति और सुश्री कृपा आदि थे।

# बैंक में आए व्यक्ति से अच्छा बर्ताव करें : राज्यपाल

### राजभवन में रिजर्व बैंक के अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों के साथ की बातचीत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि बैंक में आए व्यक्ति से अच्छा व्यवहार करें। हमारे देश में ग्राहक को भगवान समझा जाता है। बैंक में आये व्यक्ति भी आपके ग्राहक हैं। उन्होंने कहा कि आज बैंकिंग सेवा में बदलाव आ गया है। पहले ऋण लेने के लिए लोगों को बैंक जाकर आग्रह करना पड़ता था लेकिन अब बैंक प्रतिनिधि ग्राहक के द्वार पहुंचने लगे हैं। श्री बैस शुक्रवार को राजभवन में भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि लोगों की जब उनकी जीवन भर की जमा पूंजी साइबर ठगी का शिकार हो जाती है, तो उनके दुखों की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सुनने में आता है कि जामताड़ा साइबर क्राइम की जननी है और विदेशों से भी लोग यहां प्रशिक्षण लेने आते हैं। साइबर अपराध पर नियंत्रण की दिशा में बैंक एवं पुलिस प्रशासन का महत्वपूर्ण दायित्व है।

उन्होंने कहा कि बैंक पीड़ित व्यक्ति की सहायता करने के लिए तत्पर रहें। उनके साथ टाल-मटोल का रवैया न अपनाएं। उन्होंने कहा कि आज अधिक से अधिक ग्राहक डिजिटल लेनदेन भी कर रहे हैं। अधिकांश वित्तीय सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इसलिए इस स्वयंसेवा मॉडल के युग में, ग्राहक को सुरक्षित वित्तीय लेनदेन करने के लिए भी आरबीआई को पूरी तरह से सक्षम और तैयार होने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि उपभोक्ताओं को यह भी समझाने की आवश्यकता है कि इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग सही और सुरक्षित तरीके से कैसे करना है। लोगों को जागरूक करने की जरूरत है कि वे अपने व्यक्तिगत पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड अनावश्यक किसी से साझा न करें।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, आरबीआई के महाप्रबंधक संजीव सिन्हा, लोकपाल, आरबीआई, चंदना दासगुप्ता आरबीआई के विाििन्न अधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सूचना प्रौद्योगिकी की संसदीय समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद संजय

### पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल पर हुई चर्चा

**सांसद ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि नागरिकों का हर डाटा पूरी तरह से गोपनीय रह सके।**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी संसद की स्थाई समिति की बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक में सांसद संजय सेठ मौजूद थे। स्थाई समिति की इस बैठक में पर्सनल डाटा प्रोटक्शन बिल पर विस्तृत चर्चा हुई। देश के नागरिकों का निजी डेटा कैसे सुरक्षित रहे, इस पर चर्चा हुई। सांसद ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि नागरिकों का हर डाटा पूरी तरह से गोपनीय रह सके। उनकी सहमति के बिना कोई भी इसका दुरुपयोग नहीं कर सके।

सांसद ने कहा कि भारत सूचना प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग कर रहा है। इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं भी लगातार बढ़ी हैं। यह सुखद है कि भारत में 100 करोड़ से अधिक मोबाइल धारक हैं। 80 करोड़ से अधिक लोग इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि भारत ही दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां सबसे सस्ती इंटरनेट सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने डाटा प्रोटेक्शन के क्षेत्र में भारत बेहतर काम कर रहा है। सांसद ने विश्वास जताया कि हमारे अधिकारी और मंत्रालय बेहतर काम कर रहे हैं।

## ओरमांझी प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी भाजपा में हुईं शामिल

# गांव की सरकार का प्रतिदिन भाजपा के प्रति बढ़ रहा भरोसा: दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ओरमांझी प्रखंड की प्रमुख अनुपमा देवी शुक्रवार को भाजपा में शामिल हुईं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने अंगवस्त्र और पट्टा देकर विधिवत रूप से उन्हें पार्टी में शामिल कराया। श्री प्रकाश ने कहा कि ओरमांझी की प्रमुख अनुपमा देवी का शामिल होना यह बता रहा कि प्रतिदिन गांव की सरकार का भरोसा भाजपा पर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से राज्य की गठबंधन सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त है। खनिज सम्पदाओं की लूट मची हुई है। कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर बना दी गयी है। छोटी-छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म और हत्या जैसी जघन्य घटनाएं घटित हो रही है। जिस उम्मीद के साथ राज्य की जनता ने को सत्ता सौपी थी राज्य सरकार उस उम्मीद को पूरा करने में पूरी तरह से फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अनुपमा देवी के भाजपा में आने के बाद और मजबूती मिलेगी।

प्रमुख अनुपमा देवी ने कहा कि वे नीति सिद्धांत और राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा परिवार में शामिल हो रही हैं। राज्य का विकास सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। यह पिछले तीन सालों से हम सब अनुभव कर रहे है। आगे पार्टी के निर्देश पर आगे दिशा में काम करूंगी। अनुपमा देवी के साथ दीपा चौरसिया, अरविंद पतरस, जनमेजय दास, अमित राज ने भी भाजपा का दामन थामा। इसके पहले अनुपमा देवी ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह से मिलकर आशीर्वाद लिया। मौके पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, दीपक बंका सहित अन्य शामिल थे।

### आर्यभट्ट सभागार का किराया अब 2 लाख 21 हजार रुपये

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में अब शैक्षणिक आयोजन के लिए चार गुणा किराया चुकाना होगा। पहले 50 हजार किराया लगता था वहीं अब एक दिन के लिए दो लाख 21 हजार रुपए का भुगतान करना होगा। ये निर्णय शुक्रवार को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित सिंडिकेट की बैठक में लिया गया। आर्यभट्ट सभागार के अलावा दीक्षांत मंडप के लिए एक दिन का किराया एक लाख और सेंट्रल लाइब्रेरी स्थित शहीद स्मृति भवन सभागार का किराया 40 हजार कर दिया गया है। इसके अलावा शिक्षकों से प्रमोशन से संबंधित एजेंडे सहित 17 पर सिंडिकेट ने मुहर लगायी। बैठक में प्रति कुलपति डॉ अरुण कुमार सिन्हा, डीएसडब्ल्यू डॉ राजकुमार शर्मा, प्रॉक्टर डॉ बीआर झा, मानविकी डीन डॉ जीएस झा आदि मौजूद थे।

# कल 2000 शिक्षकों को सम्मानित करेगा पासवा, समारोह की सभी तैयारियां पूरी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पासवा की ओर से 4 दिसंबर को दीक्षांत मंडप मोरहाबादी रांची विश्वविद्यालय में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारियां जोरों पर है। इस निमित्त पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में अरविंद कुमार, आलोक बिपीन टोप्पो, संजय प्रसाद, डॉ सुषमा केरकेट्टा, राशीद अंसारी, अल्ताफ अंसारी, राजन कुमार, मेंहुल दूबे, मुकेश सिंह, शुभोजित अधिकारी, कैलाश कुमार उपस्थित थे। मौके पर प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि पूरे राज्य से लगभग 2000 शिक्षकों को सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। शिक्षक सम्मान समारोह में राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव राज्यभर के शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित करेंगे। साथ ही साथ प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर को भी सम्मानित किया जाएगा। रांची जिला पासवा अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने बताया में शामिल होने के लिए पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद 3 दिसम्बर को अपराह्न 1.00 बजे सेवा विमान से रांची आयेंगे और एयरपोर्ट से राजकीय अतिथिशाला होते हुए दीक्षांत मंडप जाएंगे एवं तैयारियों का जायजा लेंगे।

शिक्षक सम्मान समारोह के साथ साथ बच्चों के द्वारा मोबाइल का इस्तेमाल विषय पर कार्यशाला भी आयोजित की जायेगी। कार्यशाला के मुख्य वक्ता रिनपास की डायरेक्टर डा. जयती सिमलई व्याख्यान देंगी जबकि शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य वक्ता आर्य ज्ञान प्रचार समिति के निदेशक व डीएवी ग्रुप के पूर्व डायरेक्टर एल आर सैनी होंगे।

कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने संचालन समिति का गठन किया है।

# बागराय मार्केट के वेद टेक्सटाइल्स, सिटी स्टाइल फेमिना एवं बजाज शोरूम की हुई भूमि मापी

## एसएएफ फॉर्म में भरे क्षेत्रफल से अधिक निकला एरिया, वाटर हार्वेस्टिंग व ट्रेड लाइसेंस की भी हुई जांच

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** नगर आयुक्त के आदेशानुसार शुक्रवार को रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नं. 27 स्थित बागराय मार्केट के वेद टेक्सटाइल्स, सिटी स्टाइल, फेमिना एवं बजाज शोरूम की जांच नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 483 के तहत व्यावसायिक बहुमंजिले इमारतों के घृतियों के भवन की मापी, वाटर हार्वेस्टिंग, ट्रेड लाइसेंस आदि की जांच की गयी।

जांच के क्रम में आवेदक द्वारा एसएएफ फॉर्म में जो 31,250 वर्गफीट भरा गया था, जांच में वह एरिया अधिक पाया गया। साथ ही अभिषेक बनर्जी के होल्डिंग संख्या 0270002273000 बी4 जो एसएएफ फॉर्म में 7100 वर्गफीट और जी प्लस 4 भरा गया था, जांच में जी प्लस 6 एवं एरिया अधिक पाया गया।

श्याम लाल साहू, मनी लाल साहू होल्डिंग संख्या 456 456/बी जो की वर्ष 2016-17 में हो रहे असेसमेंट के दौरान अपनी घृति को रिअसेसमेंट नहीकराया गया है। मापी में 13458 वर्गफीट कामर्शियल पाया गया। जिसके कारण आवेदक को दंड स्वरुप 100 प्रतिशत का शास्ति अधिरोपित किया गया।

बागरॉय मार्केट और उसके आसपास व्यापार कर रहे दुकानदारों के ट्रेड लाईसेन्स की जांच की गयी। साथ ही व्यापार कर रहे दुकानदारों को निदेशित किया गया कि व्यवसाय करने हेतु ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जिन दुकानदारों के द्वारा ट्रेड लाइसेंस अबतक प्राप्त नहीं किया गया है वे तुरंत ट्रेड लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करेगे। साथ ही कुछ दुकानदारों का ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाया जाता है तो उक्त दुकानों को झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 466 (1) के अंतर्गत दुकानों को सीलबंद करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

जांच में नगर प्रबंधक राजस्व शााखा, वार्ड के कनीय अभियंता, निगम के कर संग्रहकर्ता, मेसर्सश्री पब्लिकेशन प्रा. लि के कर संग्रहकर्ता एवं मेसर्स च्वायइस कंसलटेंट प्रा लि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सरकार दिव्यांग जन अधिकार विधेयक 2016 को लागू करे : संजय सर्राफ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पैरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने कहा है कि 3 दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित किया गया था। यह दिन समाज और विकास के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों एवं कल्याण को बढ़ावा देने तथा राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के हर पहलू में दिव्यांग व्यक्तियों की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

विश्व विकलांग दिवस मनाने का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य अशक्तजनों की अक्षमता के मुद्दों को लेकर समाज में लोगों की जागरूकता समाज और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है। विकलांग जनों में आत्मसम्मान कल्याण और आजीविका की सुरक्षा सुनि>ित करने में उनकी सहायता करना,आधुनिक समाज मे दिव्यांग जनों के साथ हो रहे हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त करना, दिव्यांग जनों के अधिकार एवं संवर्धन संरक्षण एवं उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, आवास एवं पुनर्वास, राजनीतिक जीवन सहभागिता और समानता तथा भेदभाव रहित व्यवहार जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल करते हुए 2006 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्वीकार किया गया। अशक्तजनों के प्रति प्रेम भाव और आदर बढ़ाने के लिए भारत में इन्हें दिव्यांग कहा जाने लगा, दिव्यांग जनों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने तथा उनके कौशल को पोषण देने एवं उनकी सुगमता और अधिकारों की सुरक्षा के लक्ष्य पर आधारित दिव्यांगजन अधिकार विधेयक 2016 पारित किया जा चुका है। किंतु इस विधेयक का पूर्ण पालन नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण लाखों दिव्यांग जनों को उनके अधिकार हक एवं सम्मान नहीं मिल पा रहा है। झारखंड सरकार भी दिव्यांग जनों के प्रति उदासीन है। कमेटी झारखंड सरकार से मांग करती है कि सरकार अति शीघ्र ठोस कदम उठाये।

## विश्व एड्स दिवस पर डालसा ने लोगों को किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के पीएलवी के द्वारा शुक्रवार को सेक्स वर्करों को जागरूक किया गया। कचहरी चौक स्थित सब्जी बाजार में आयोजित इस जागरुकता अभियान में डालसा के पारा लीगल वॉलिन्टियर्स, अधिवक्ता संजीव कुमार पाठक एवं मृगनैनी सेवा संस्थान की अध्यक्षा प्रतिमा कुमारी, सदस्य ज्योति देवी तथा अन्य सेक्स वर्कर कार्यक्रम में उपस्थित थे।

पैनल अधिवक्ता संजीव कुमार पाठक ने में विश्व एड्स दिवस के अवसर जागरूकता कार्यक्रम किया तथा एड्स होने के कारण व उसके बचाव पर जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने नालसा तथा झालसा के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी एवं केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में भी प्रकाश डाला। पीड़ित मुआवजा के बारे में जानकारी दी गयी। डालसा के पीएलवी ने कहा कि एचआईवी व एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को इस भयावह बीमारी के प्रति जागरूक करना है ताकि इस बीमारी के संक्रमण से लोगों को बचाया जा सके।

## संविधान सप्ताह पर कार्यशाला आयोजित कर डालसा ने दी संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** संविधान सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, (डालसा) रांची के द्वारा डालसा हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिव राकेश रंजन, रिटेनर अधिवक्ता संजीव कुमार पाठक, छोटानागपुर लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के लगभग 70 कार्यरत पीएलवी उपस्थित थे।

कार्यशाला में उपस्थित सभी लोगों के बीच संविधान को पढ़कर सुनाया गया तथा संविधान के मौलिक अधिकार तथा कर्त्तव्यों की जानकारी दी गयी। रिटेनर अधिवक्ता ने सभी उपस्थित पीएलवी से कहा कि लिगल-एड-क्लिनिक में जुड़े पीएलवी झालसा कैलेण्डर के अनुसार काम करेंगे और लाभुकों को यथासंभव लाभ पहुचायेंगे।

पीड़ित महिलाओं को भी चिन्हित करें, जिनको मुआवजा नहीं मिला हैं, उनका आवेदन डालसा कार्यालय में जमा कराकर, मुआवजा प्रदान करने में लाभुकों का मदद करें। अंत में सचिव राकेश रंजन ने सभी पी.एल.वी के द्वारा किये गये कार्यों का भी अवलोकन किया और उन्हें अपने क्षेत्र में अच्छी तरह से काम करने के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिये।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, राकेश रंजन, रिटेनर अधिवक्ता संजीव कुमार पाठक एवं पीएलवी अश्रुता बेक, अनिमा मलिक, ज्योत्सना गोराई, शारदा देवी, भारती देवी, बेबी देवी, जसिन्ता टोप्पो, कपिलदेव प्रसाद, ललिता देवी, लता कुमारी, मानव कुमार, मुक्तेश्वर पाहन, सिकन्दर मुण्डा, मुन्नी देवी, पम्मी देवी, पार्वती देवी, बेबी सिन्हा, राजेन्द्र महतो, अनिता देवी, रिना लिण्डा, संध्या विश्वास एवं छोटानागपुर लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में मना पीला रंग महोत्सव



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, जाहेर ब्रांबे, रांची में शुक्रवार को रंगों के महत्व को नन्हें-नन्हें विद्यार्थियों को समझाने के लिए पीला रंग महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं पीले वस्त्र धारण कर विद्यालय आये थे। शिक्षिका ज्योत्सना झा ने पीले रंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताया कि पीला रंग सूर्य, खुशी और युवा शक्ति का प्रतीक होता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। प्रधानाचार्या डॉ रोमी झा ने कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद दिया।

## केजीबीवी मांडर में डालसा ने लगायी विज्ञान प्रदर्शनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मांडर प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के द्वारा प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव राकेश रंजन, पीएलवी सुमन ठाकुर, आफताब अंसारी एवं तारामनी देवी मौके पर उपस्थित थे।

जागरूकता कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा विज्ञान प्रदर्शनी में लगाये गये वस्तुओं को बारीकी से देखा तथा जानकारी प्राप्त की। बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। डालसा सचिव ने बच्चों को संविधान के मौलिक अधिकार तथा कर्तव्य की जानकारी दी। कहा कि बच्चे अपने अधिकारों को जाने एवं उसका समुचित उपयोग करें तथा अपने कर्तव्यों को निर्वहन सही तरीके से करें। पीएलबी सुमन ठाकुर ने निशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी देते हुए श्रम नियोजन से संबंधित एवं इसके लाभ साथ ही साथ प्रखंड से मिलने वाली योजनाओं के बारे में वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन परिवार लाभ हित निराश्रित निःशक्त पेंशन के बारे में जानकारी दी।

आफताब अंसारी एवं तारामनी देवी ने उपस्थित बच्चों को गुड टच, बैड टच एवं संविधान के मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी। संविधान के उद्देश्यों के बारे में बताया गया।

यह भी ज्ञात हो कि डालसा हॉल, रांची में फ्रंट ऑफिस के पीएलवी के द्वारा प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां छोटानागपुर लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं डालसा के पीएलवी ने भाग लिया एवं प्रदर्शनी में रखे गये संविधान एवं जागरूकता से संबंधित पम्पलेट तथा लिफलेट का अवलोकन बारीकी से किये। अंत में बच्चों के बीच पम्पलेट, लिफलेट एवं कानूनी संबंधित पुस्तिका का वितरण किया गया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

## खबर एक नजर में

### समरेश सिंह का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति : राजेंद्र



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने झारखण्ड के धरतीपुत्र व जमीनी नेता पूर्व मंत्री समरेश सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि समरेश सिंह का निधन, झारखण्ड के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मोर्चा अध्यक्ष ने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि उनसे मिलने के बाद जब भी हमलोग स्थानीय नीति की मांगों को लेकर रांची में धरना पर बैठे तब बीच समरेश सिंह कैबिनेट मंत्री रहते हुए हमारे साथ धरना में आकर बैठते थे। प्रसाद ने कहा उनमें झारखण्डियत की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। प्रसाद ने कहा समरेश सिंह एक मिलनसार व्यक्ति थे और झारखण्ड की वास्तविक राजनीति को वे भली भांति जानते और समझते थे।

### गरीब महिला स्वयंसेवा संघ हरमू ने चलाया जागरूकता अभियान

**रांची।** गरीब महिला स्वयंसेवा संघ हरमू रांची, झारखंड द्वारा शुक्रवार को शिविर के माध्यम से एक कार्यक्रम का आयोजन कर संस्था की सचिव श्रीमती सुमन कुमारी सिंह ने वार्ड नंबर - 34 महादेव नगर में जागरूकता अभियान चलाया। इसमें सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने की कोशिश की गयी और बैंक कर्मियों की सहायता से प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 47 लोगों को इंडियन ओवरसीज बैंक हरमू शाखा में खाता खोला गया। लोगों का मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक किया गया, जो उनमें जानकारी के अभाव में नहीं हो पाया था। संस्था इस तरह से सभी वर्ग के लोगों को इसके लाभ के बारे में जानकारी दी और सभी लोगों से आग्रह किया कि मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड से लिंक करायें। कार्यक्रम के दौरान 113 लोगों ने मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक कराया। संस्था के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने बताया कि जिनका भी शिविर के माध्यम से अकाउंट खोला गया था, उनका अकाउंट खुल चुका है। वे सभी लोग बैंक शाखा जाकर अपना पासबुक प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में इंडियन ओवरसीज बैंक हरमू शाखा की बैंक प्रबंधक निधि सिंह, सहायक प्रबंधक विकास कुमार, राजेश कुमार, निशा कुमारी, दुलारी देवी, निधि पटेल, तरुण विप्लव, पूजा कुमारी, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थीं।

### सेल रांची आज 70 दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण देगी

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर शनिवार को सेल, रांची अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के तहत नामकुम प्रखंड कार्यालय में 70 दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के कृत्रिम उपकरण प्रदान करेगी। कार्यक्रम का आयोजन दिन में 12:00 बजे होगा।




# जीवन के नवीनीकरण का समय है आगमन काल : आर्चबिशप

## फेलिक्स टोप्पो ने कहा- प्रत्येक मसीही के लिए बगैर आध्यात्मिक तैयारी के क्रिसमस का कोई मतलब नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पूरे जगत के मसीही विश्वासियों के लिए ख्रीस्त जन्मोत्सव से पूर्व चार सप्ताह की अवधि आगमन काल के रुप में जानी जाती है। वास्तव में यह आगमन काल मसीहियों के लिए ख्रीस्त जयंती मनाने की दिशा में आध्यात्मिक यात्रा व तैयारी है। आगमन की विशेष अवधि ख्रीस्तीय अनुयायियों के लिए धन्यवादी हृदय के साथ अपने पिछले जीवन को देखने तथा परोपकार, भलाई व निस्वार्थ प्रेम व सेवा के साथ अपने जीवन को नवीनीकरण करने का समय है।

आर्चडायसिस रांची के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने आगमन काल के संदर्भ में यह जानकारी देते हुए खबर मन्त्र को बताया कि अधिकांश मसीहियों के लिए क्रिसमस या ख्रीस्त जन्मोत्सव की तैयारी का मतलब होता है उपहार खरीदना, नए कपड़े लेना तथा मित्रों के साथ उत्सव मनाना, घरों को साफ सुथरा व रंग रोगन कर साज-श्रृंगार करना आादि है। लेकिन देखा जाए तो ये सभी क्रिसमस मनाने के लिए बाहरी तैयारी हैं। यह होना भी चाहिए लेकिन ख्रीस्त के विश्वास में बढ़ने वाले प्रत्येक मसीही के लिए बगैर आंतरिक या आध्यात्मिक तैयारी के क्रिसमस का कोई मतलब नहीं रह जाता है।

आगमन काल की अवधि प्रत्येक मसीही को प्रार्थना, पश्चाताप व मनन चिंतन के लिए आमंत्रित करता है। संसार के प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर प्यार करता है और वह भी चाहते हैं कि समस्त मानवजाति प्रभु के प्रेम या प्यार का प्रत्युत्तर उन्हीं की तरह निस्वार्थ प्रेम, सेवा, दया व करुणा से दें। जो उनके द्वारा कहे गए शब्दों में निहित है।

**मैं तुम्हें एक नयी आज्ञा देता हूं कि तुम एक-दूसरे को ठीक वैसे ही प्यार करो, जैसा कि मैंने तुम्हें प्यार किया। (योहन 13 :34)**

इसमें उन्होंने कहा है - मैं तुम्हे एक नयी आज्ञा देता हूं कि तुम एक दूसरे को ठीक वैसे ही प्यार करो जैसा कि मैंने तुम्हें प्यार किया (योहन 13 :34)।

बिशप फेलिक्स टोप्पो ने यह भी कहा कि अपने पड़ोसियों को प्यार करना ही ईश्वर को प्यार करने का प्रत्यक्ष चिह्न है। जैसा कि संत याकूब कहते हैं कि यदि विश्वास के साथ कर्म नहीं है तो वह अपने आप में निष्प्राण है। (याकूब 2 :17 )। बिशप फेलिक्स ने बताया कि अंतिम न्याय के समय येसु हमसे कहेंगे जब मैं भूखा था तो तुमने मुझे खिलाया. मैं प्यासा था और तुमने मुझे पिलाया, मैं परदेशाी था तुमने मुझे अपने यहां ठहराया। मैं नंगा था तुमने मुझे पहनाया. मै बीमार था तुमने मेरी सेवा की..... (मती 25:35-40)।

आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि इस आगमन काल की आध्यात्मिक तैयारी में हम पोप फ्रांसिस के उस आह्वान को अपने जीवन में अंगीकार करें, जिसमें उन्होंने कहा है गरीब, जरूरतमंद, बेघर व हाशिए पर के लोगों की मदद करें। क्योंकि मसीही होने के नाते हम दूसरों की जरुरतों को ध्यान में रख यथासंभव अपनी सलाहियत और संसाधनों से उनकी मदद करने के लिए बुलाए गए है।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप: स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## ● तुतलो, टेरो, चचकपी और केशा की टीम सेमीफाइनल में पहुंची



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड प्रशासन के तत्वाधान में महादानी मैदान में चल रहे प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन छह मैच खेले गए। जिसका शुभारंभ मुखिया सुशांति भगत व नीरज कुजुर ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मार कर किया। पहला मैच चचकोपी पंचायत व जरिया पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें चचकोपी ने 2.1 से मैच जीत लिया। दूसरे मैच में हरिहरपुर जामटोली ने जीत दर्ज की वही तीसरे मैच में केशा ने जीत दर्ज की और चौथे रोमांचक मुकाबले में बेड़ो पंचायत की टीम ने जीत दर्ज की। इधर पांचवे मैच को चचकोपी और छठे मैच में केशा ने जीत कर अंतिम चार में जगह बनाई। वही डोरंडाए जरियाए हरिहरपुर जामटोली व नेहालु पंचायत के बालिकाओं का मैच भी होगा। आयोजन को सफल बनाने में डे बोर्डिंग के प्रशिक्षक अनमोल टोप्पो, सुशील कच्छप, प्रवीण बाजराय व मिरनाल खलखो, राखी कुमारी, अनामिका तिर्की व सुषमा टोप्पो ने सराहनीय योगदान दिया।

### लापुंग में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप शुरू

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री फुटबॉल आमंत्रण कप का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया।उद्घाटन मैच दानेकेरा और दोलैचा पंचायत के बीच खेला गयाए साथ ही डाढ़ी, बोकरौंदा व सापुकेरा पंचायत के टीम भी भाग लिए। इसमें जिला परिषद सदस्य हिन्दीया टोप्पो प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल, जयविलास लकड़ा, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी विजय रंजन तिर्की, अभय कुमार, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, सापुकेरा पंचायत के मुखिया सविता उरांव, पूर्व मुखिया जयन्त बरला, खेल शिक्षक रंजीत होरो उपस्थित थे।

### रेलाडीह, ताऊ, तैमारा की टीम सेमीफाइनल में

**बुंडू।** बुंडू प्रखंड मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच शुक्रवार पांच परगना किसान उच्च विद्यालय ताऊ मैदान में खेले गए।प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी 11 पंचायत की टीमों ने हिस्सा लिया।प्रतियोगिता का उद्घाटन बुंडू प्रखंड विकास पदाधिकारी संध्या मुंडू एवं अंचलाधिकारी राजेश कुमार डुंगडुंग ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्तकर एवं फुटबॉल पर किक लगाकर किया।प्रतियोगिता के प्रथम दिन रेलाडीहएताऊएतैमारा एवं बारूहातु पंचायत की टीमें अपनी .अपनी मैच जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के सेमी फाइनल एवं फाइनल के मैच शनिवार को खेले जाएंगे। मौके पर उपस्थित निपेन उरांवएसुमन महलीए धनतेरस मुंडाएश्रवण मुंडा ने प्रतियोगिता संचालन में प्रमुख भूमिका निभाई।



## स्पीड न्यूज

### संध्या प्रकरण: आरोपी पति को भेजा जेल



**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 397/22 के नामजद अभियुक्त जयंत कुमार सिंह उर्फ विशेन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह कटहल मोड़ स्थित रिंची हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के समीप नोवा नगर निवासी हरि सिंह का पुत्र है। उस पर न्यूज विंग में काम करने वाली पत्रकार पत्नी 31 वर्षीया संध्या कुमारी को शराब के नशे में मारपीट और प्रताड़ित किये जाने का आरोप है। अवर निरीक्षक हशनैन अंसारी की ओर से रातू थाने में आर्म्स एक्ट 25/1.एबी के तहत 1 दिसंबर को कांड दर्ज कराया गया था। बताते चलेंए कि संध्या ने गुरुवार की सुबह 9.30 बजे श्वसुर हरि सिंह की लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली थी। घटनास्थल से दो जिंदा कारतूस, तीन खोखे बरामद किये गये थे। रिवाल्वर को भी जब्त कर लिया गया था। जख्मी संध्या कुमारी रिम्स में भर्ती है। चिकित्सकों के मुताबिक वह खतरे से बाहर हैं।

### फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण 6 दिसंबर से

**सिल्ली।** रुडसेट संस्थान सिल्ली में आगामी 6 दिसम्बर से फास्ट फुड सटॉल उद्यमी प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक बेरोजगार युवक एंव युवतियां जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा बड़े स्तर पर स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं वे संस्थान कार्यालय में संपर्क कर अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रशिक्षण पूर्णत नि:शुल्क होगा एंव प्रशिक्षण के दौरान भोजन, ड्रेस तथा आवास व्यवस्था भी नि:शुल्क रहेगा। जानकारी संस्थान के जगदीश चन्द्र महतो ने दी है।

### चोरेया अंसारी महल्ला में लगा ट्रांसफारमर

**चान्हो।** प्रखंड के चोरेया अंसारी महल्ला का ट्रांसफार्मर विगत दो महीने से खराब था, जिस कारण ग्रामीणों को अनेक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते ही जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी के प्रयास से अल्प समय में जनहित में इसे बदलवा दिया। शुक्रवार को इसी ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उद्घाटन असगर अंसारी ने किया। इस अवसर पर गांव के मो इश्तियाक, फिरोज अंसारी, जमील अंसारी, अनिल साहु, रसीद अंसारी, मो हनीफ आदि उपस्थित होकर जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी को धन्यवाद दिया।

### निर्माण के 15 वर्षो बाद सिल्ली स्टेडियम का हो रहा मरम्मत

**सिल्ली।** विधायक सुदेश कुमार महतो के पहल से सिल्ली में स्थित स्टोटर्फ फुटबॉल स्टेडियम का मरम्मती कार्य किया जा रहा है। ज्ञात हो कि स्टेडियम का निर्माण वर्ष 2007 में तत्कालीन खेल मंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो के पहल पर किया गया था। निर्माण के बाद इन 15 वर्ष में स्टेडियम के रखरखाव पर विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। स्थानीय खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के आग्रह पर विधायक पहल पर स्टेडियम के छत, गैलरी, प्रवेश द्वार की मरम्मती एवं रंग रोगन कर स्टेडियम को नये कलेवर में सजाया जा रहा है। विधायक के इस पहल पर स्थानीय खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने आभार व्यक्त किया है।

### राहे को सुखाड़ राहत सूची में जोड़ने के लिए सीएम को सौंपा ज्ञापन

**राहे।** प्रखंड को सुखाड़ राहत सूची में जोड़ने एवं सुखाड़ राहत का लाभ किसानों को देने की मांग पर झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, जिला संयुक्त सचिव भुवनेश्वर मुंडा, जिला सदस्य जयपाल मुंडा एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रंगोवती देवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दूसरी बार ज्ञापन सौंपा। इन्होंने पुनर्मूल्यांकन कर राहे को सुखाड़ राहत सूची में शामिल करने की की है। ज्ञात हो कि सुखाड़ पीड़ित राहे प्रखंड को राहत सूची से बाहर रखने से राहे क्षेत्र के किसानों में भारी रोष व्याप्त है।

# दिन दहाड़े घर में घुस कर रुपये की चोरी

## ग्रामीणों ने चोरों से की पैसे लौटाने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के सदमा व चंदरा पंचायत के ग्रामीण चोरी की घटना से परेशान है। क्षेत्र में एक माह में छह लोगों के घरों में चोरी की घटना हो चुकी है। अब तो चोरों द्वारा दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंचाम दी जा रही है। बुधवार को भी दिन के 12 बजे के करीब मधुकाम नया टोला निवासी इंद्रदेव सिंह के घर में चोर घुस गए और बेडरूम में रखे बक्सा को ताला तोड़ 68 हजार रुपया चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, पूर्व मुखिया रमेशचंद्र उरांव, ग्राम प्रधान रंजित पाहन, समाजसेवी बाबूलाल महली, संजीव महतो, भगत उरांव, बिगु मुंडा, अमित उरांव, कमलेश करमाली, राहुल लोहरा, सहजनाथ महतो, दीपक सिंह, उमेश मुंडा सहित कई ग्रामीण पहुंचे। एक बैठक कर चोरी की घटनाओं पर चिंता जताए और चोरों से पैसे लौटाने की अपील करते हुए कहा है पकड़े जाने पर अंजाम भुगतना पड़ेगा। वहीं इंद्रदेव सिंह ने ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराया गया है। उसने बताया कि घर से बाइक निकाल सदमा चैक गए, तभी चोरों ने घटना को अंजाम दे फरार हो गए। बताया गया कि क्षेत्र में जुवारियों की भी संख्या बढ़ गई है। आशंका जताई गई है कि स्थानीय जुआरियों द्वारा ही चोरी की घटना को अंजाम दी जा रही है। बुधवार रात को ही सदमा निवासी रामप्रसाद महतो के घर से चोरों ने किचन में रखे 50 केजी चावल चुरा कर ले गए।



चोरी की घटना की जानकारी लेती पुलिस।

### 42 नामजद और दो हजार अज्ञात पर केस

**मांडर।** सरगांव निवासी मंगरा उरांव की पत्नी दयामणि उरांव ने 42 नामजद और दो हजार अज्ञात लोगों पर उसके घर को ध्वस्त कर देने को लेकर शुक्रवार को मांडर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दयामणि के अनुसार उसके ससुर ने उक्त 48 डिसमिल जमीन को 1980 में खरीदा था जिसके सारे कागजात उन लोगों के पास है। पिछले लगभग डेढ़ साल से वह वहां घर बना रही थी। उसके पति फौज में है जब भी वे छुट्टी में आते थे तो घर का थोड़ा बहुत काम होता था। पर पड़हा के लोगों ने उक्त भूमि को जतरा की भूमि बताते हुए हजारों की संख्या में जमा होकर गुरुवार को उसके पूरे घर को ध्वस्त कर दिया। इस घटना में उसे लगभग पंद्रह लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस से उसने तत्काल घटना में शामिल सभी लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# मंगु उरांव की विधवा को मिला दो लाख

## वरदान साबित हो रहा जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना

➲ सुषमा उरांव थी नॉमिनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा मृतको के परिजन के लिये वरदान साबित हो रहा है। होचर पतराटोली निवासी स्व मंगु उरांव की विधवा सुषमा उरांव को बीओआई की चट्टी ब्रांच ने 2 लाख रुपये का भुगतान सीधे एकाउंट में किया। 16 अप्रैल 2021 को उसका निधन हो गया था। उसने जीवित काल में ही बीमा कराया था। पत्नी सुषमा नॉमिनी थी। योजना का लाभ पाकर मृतक की पत्नी व पुत्र के चेहरे खिल उठे। इस दौरान एलडीएम डॉ श्रीकांत ने ग्रामीणों को योजना की जानकारी दी। योजना का लाभ के लिये लोगों को प्रेरित करते हुये उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को यह बीमा कराना जरूरी है। ताकिए उनके परिजनों को इसका लाभ मिल सके। हालाकिए सुषमा को पति की मौत के डेढ़ साल बाद राशि मिली। लेकिनए इससे अन्य लाभुकों में योजना के प्रति विश्वास बढ़ी है। बीमित राशि 3 नवंबर 22 को बैंक आ गयी थी। मौके पर मैनेजर पीयूष कुमार, स्टार कृषि विकास केंद्र के रण अभय, बैंक सखी रेखा गुप्ता व निशांत कुमार आदि बैंक कर्मी मौजूद थे।

### जानें क्या है योजना

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एक टर्म इंश्योरेंस प्लान है। इसमें निवेश के बाद यदि व्यक्ति की मौत हो जाती है, तो उसके परिवार को 2 लाख रुपये के लाभ दिये जाने का प्रावधान है। बीमित व्यक्ति की मृत्यु दुर्घटना में होने पर नॉमिनी को दोगुना लाभ मिलता है। श्री नरेंद्र मोदी ने 9 मई 2015 को जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना की शुरूआत की थी ।



# प्रशिक्षण: किसानों ने सीखे मशरूम उत्पादन के गुर



खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** झारखंड सामाजिक कल्याण संस्थान चुतरुडीह में उद्यान विकास योजनान्तर्गत जिला उद्यान कार्यालय रांची के सौजन्य से मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। समापन के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र एवं स्प्रे मशीन का वितरण किया गया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश उपस्थित हुए। लोगों को संबोधित करते हुये केशव महतो कमलेश ने कहा राज्य सरकार के द्वारा इस तरह के कार्यक्रम से ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं एवं पुरुष किसानों को स्वरोजगार मिलेगी। उन्होंने कहा मशरूम उत्पादन से हमारे क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। कम पूंजी एवं कम समय में आमदनी में वृद्धि होगा। संस्था के सचिव भुवनेश्वर महतो ने कहा झारखंड सामाजिक कल्याण संस्थान ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करने को लेकर महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

# रातू: पुरियो पंचायत के पूर्व मुखिया का निधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुरियो पंचायत के पूर्व मुखिया और समाजसेवी जगेश्वर साहू नहीं रहे। शुक्रवार की सुबह सात बजे घर में ही अंतिम सांस ली। 89 वर्षीय श्री साहू मलमाडू के रहने वाले और लंबे समय से बीमार थे। वह अपने पीछे पत्नी ललिता देवी, पुत्र बिमल साहू, सुधीर साहू, विनय साहू और पुत्री निर्मला देवी, उर्मिला देवी, प्रमिला देवी व मुन्नी देवी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। श्री साहू तीन भाइयों में बड़े थे। बतौर मुखिया कई उल्लेखनीय कार्य किया। कृषक सेवा सहयोग समिति में लगातार 18 वर्षों तक निदेशक मंडल के सदस्य रहे। जेपी आंदोलन के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह की अगुआई में जेल भी गये। गरीब व असहाय की सेवा कर समाज में अमिट छाप छोड़ी। श्री साहू के निधन पर लोगों ने शोक व्यक्त किया है। गांव के श्मशान में उनकी अंत्येष्टि की गयी।

### इन्होंने जताया शोक



पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत, डॉ लक्ष्मण उरांव, प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, अजय नाथ शाहदेव, शोभा यादव, इदरीश अंसारी, लखन गोप, महावीर विश्वकर्मा, कमरुल हक, शमीम मंसुरी, बेलाल अंसारी, असलम अंसारी, प्रकाश ठाकुर, भरत कांसी, चिंटू मिश्र, निर्मला भगत, आलोक उरांव, ज्योति भगत, रीता भगत, लक्ष्मण उरांव, बंधु महतो, संजीव तिवारी, शेख मुजिबुल, गोयंदा उरांव, परमेश्वर गोप, रमेशचंद्र महतो, प्रदीप महतो, सेवाराम महतो, प्रदीप कुमार महतो, मधु साहू, सोमेश्वर गोप, तकीमुद्दीन अंसारी, आशीष गोप, अहिल्या कच्छप।

# तमाड़: अस्पताल भवन निर्माण का शिलान्यास

**तमाड़।** क्षेत्र के कुबासाल बाजार के समीप करीब 52 लाख की लागत से बनने वाली सामुदायिक स्वास्थ उप केंद्र का विधिवत शिलान्यास विधायक विकास कुमार मुंडा ने नारियल फोड़कर किया। अस्पताल का निर्माण 15 वें वित्त आयोग निधि से की जाएगी। इस अवसर पर विधायक ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा की इस क्षेत्र पर एक अच्छे अस्पताल की कमी थी। जो इस अस्पताल के बन जाने पर पूरी हो जायेगी। लोग इस क्षेत्र में वर्षो से हो अस्पताल के लिए आंदोलनरत थे। इससे पूर्व स्थानीय लोगों ने विधायक का पारंपरिक रूप से भब्य स्वागत किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, जिप सदस्या भवानी मुंडा, प्रमुख अजय कुमार मुंडा, अरविंद कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रवि पातर, समीर महतो, धीरज प्रमाणिक, रंजीत सेठ, निर्मल महतो, विषम सिंह मुंडा, गंगाधर सिंह मुंडा, अनिल सिंह मुंडा, अशोक सिंह मुंडा, मकसूद आलम, हरधानए प्रताप सिंह मुंडा, मुन्ना महतो, मलिन महतो, प्रकाश सिंह मुंडा मौजूद थे।

## एक नजर में

### सिल्ली: निर्माण के साथ ही टूटने लगी सड़क



**सिल्ली।** सिल्ली से होकर गुजर रही मुरी रांची मुख्य सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। सड़क का निर्माण अभी पूरा नहीं हो पाया है और सड़क उखड़ने भी लगी है। ज्ञात हो कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रांची ( ग्रामीण) के अंतर्गत 20 करोड़ की लागत से मुरी रांची पथ सुदृढ़ीकरण कार्य संवेदक कम्पनी जय माता दी कंशट्रकशन रांची द्वारा किया जा रहा है। योजना के तहत मुरी रांची पथ के किमी 11 से किमी 60 तक 50 किमी लम्बी सड़क का मजबुतीकरन तथा राइडींग क्वालिटी के सुधार कार्य किया जाना है। वहीं संवेदक द्वारा गुणवत्ता को दरकिनार कर कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। मुरी सिल्ली के बीच जगह-जगह सड़क टुटने लगी है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि ऐसे निर्माण कार्य से नागरिकों की सुविधा के बजाय दुविधा होगी।

### इटकी: कुआं से युवक का शव बरामद



**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के आनंदपुर बस्ती के एक कुआं से शुक्रवार को इटकी पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। शव की पहचान आनंदपुर के रवि तिर्की (42 वर्ष) के रूप में कई गयी है। कागजी कार्यवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया है। पुलिस मामले को लेकर तहकीकात शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक 29 नवंबर की रात्रि करीब आठ बजे रवि के मोबाइल पर किसी का कॉल आया। कॉल रिसीव करने के बाद रवि घर से बाहर निकला और वापस नही लौटा। खोजबीन करने के बाद मृतक के भाई ने थाना में गुमशुदगी का एक मामला दर्ज कराया गया था।

### किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरियो पंचायत मुखिया नीरज कुजूर ने शुक्रवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत 25 किसानों के बीच 2 .2 किलो कुल 50 किलो सरसों बीज का मुफ्त वितरण किया। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि इस योजना का सीधा लाभ किसानों को मिलने से अब उनकी जीविका का साधन मिलेगा। मौके पर ग्राम प्रधान जयराम कच्छप, देवनाथ गोप अर्जुन महतो सहित कई किसान उपस्थित थे।

### चाइल्ड फंड इंडिया के सदस्यों ने किया कुंदी गांव का दौरा, योजनाओं की ली जानकारी

**इटकी।** संस्था चाइल्ड फंड इंडिया के सदस्यों ने शुक्रवार को इटकी प्रखंड के कुंदी गांव का दौरा किया। इस दौरान सरकार द्वारा चलायी जा रही बाल कल्याण व स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी ली। मौके पर मुखिया फ्रांसिस्का केरकेट्टा की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में कोविड सहित अन्य टीकाकरण में ग्रामीणों को सहयोग किये जाने का आह्वान किया गया। साथ ही बाल कल्याण व स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में संस्था के चंद्र शेखर पांडेय, रामा राव, प्रतिभा पांडेय, पुष्पलता तिग्गा, कर्मी कच्छप, गजानंद महतो, जसिंता बरला, रोशनी तिग्गा व नीलिमा खलखो, पूजा घोष, जॉन लकड़ा, मिथुन नाथ शामिल थे।

### स्कूल के बच्चों से सीखे तीरंदाजी के गुर



**बेड़ो।** राष्ट्रीय तीरंदाज दीप्ति कुमारी का आगमन आज बेड़ों के जरिया स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में हुआ। उन्होंने बच्चों को तीरंदाजी करने का प्रत्येक क्रिया को बारीकी से सिखाया। प्रशिक्षण लेने वालों में पिंकी कुमारी, विशाल लोहरा, श्रवण लोहरा, अमित, मानसी कुमारी, पूजा कुमारी, अमरनाथ साहू, सोनू, सोनाली, श्रिकांत व अन्य बच्चे थे। उप प्राचार्य सोनम प्रसाद के साथ शिक्षिकाओं में रानी मिंज, श्वेता खन्ना, प्रेमिका, राज कूपर व सुरेंदर मौजूद थे।

### आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली की समीक्षा बैठक

**पिस्कानगड़ी।** जनजाति सुरक्षा मंच के जिला संयोजक जगरनाथ भगत की अध्यक्षता में रविवार को जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में आयोजित विशाल आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रखंड से लेकर पंचायत लेवल पर छोटी.छोटी बैठक कर डीलिस्टिंग के बारे में लोगों को बताया।

# आईएचएम में खेल महोत्सव का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में आयोजित स्पर्धा 2022 वार्षिक खेल महोत्सव के समापन समारोह का सफल आयोजन शुक्रवार को किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुई। जिन्होंने कहा होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम की महत्ता को समझाते हुए बताया कि वर्तमान समय में यह कोर्स रोजगार प्रदान करने हेतु सर्वश्रेष्ठ कोर्स है। प्राचार्य एकादश के कप्तान डॉ भूपेश कुमार को वॉलीबॉल प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट चुना गया। लड़कियों के बैडमिंटन एकल मैच में तृतीय वर्ष की सुधा कुमारी विजेता व कुमारी मनीषा शर्मा उपविजेता रहीं। टग ऑफ वार में लड़कियों की मैच में सीनियर एकादश विजेता रहीं। वहीं लडकों में जूनियर एकादश विजेता रहे। साथ हीं एथेलिटिक्स के जैवलिन थ्रो छात्रों में द्वितीय वर्ष के आकाश कुमार, स्वर्ण पदक, प्रथम वर्ष के विकास कुमार, रजत पदक, क्राफ्टस्कोर्स के पवन खोया, कांस्य पदक तथा लड़कियों के जैवलिन थ्रोजमें प्रथम वर्ष की सोनाली कोंगारीए स्वर्ण पदकए तृतीय वर्ष की सुधा कुमारी रजत पदक एवम द्वितीय वर्ष की कुमारी अदिति ने कांस्य पदक जीता। स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर का पुरस्कार क्राफ्ट्स कोर्स के खुदीराम हेंब्रम तथा समग्र चैंपियन द्वितीय वर्ष के रोहित भारद्वाज को दिया गया।



# फूड प्वाइजनिंग के शिकार लोगों से मिलीं विधायक

**मांडर।** प्रखंड के गोरे गांव में फूड प्वाइजनिंग के शिकार लोगो से मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को अस्पताल में मुलाकात की। पीड़ित लोगों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मालूम हो कि बुधवार की रात प्रखंड के गोर गाँव में फुचका खाने से एक महिला सहित कुल 9 लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए थे। आनन.फानन में स्थानीय लोगों व प्रशासन के सहयोग से मांडर स्थित कांस्टेंट लिवेन्स अस्पताल में एडमिट कराया गया। बताया जा रहा है कि सात लोग अभी खतरे से बाहर हैं और दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी मिलते ही शुक्रवार की सुबह सात बजे मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की अस्पताल पहुंचे और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेहतर इलाज के लिए जो भी मदद की जरूरत पड़ेगी हरसंभव उनको मदद किया जाएगा। वहीं परिवार के मुखिया खुर्शीद अंसारी ने बताया कि हम गरीब आदमी हैं और एक साथ ही इतने लोग बीमार पड़ गए हैं जिनका इलाज करा पाना हमारे लिए बहुत मुश्किल हो रहा है। सरकार से और विधायक से हमको उम्मीद है कि वह हमारे परिवार को बचाने के लिए आगे आएंगे।

# ओरमांझी: सप्लाई पानी के जमाव से ग्रामीण परेशान

## थाने में की नाली बंद करने की शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** पीएचईडी विभाग की लापरवाही से प्रतिदिन पेयजल सप्लाई पानी बेकार बह रहे हैं। शास्त्री चौक स्थित सड़क किनारे पानी का जमाव हो रहा है। जमा पानी नाली से बह जाते हैं। लेकिन उसे भी बंद कर दिया गया। इससे आसपास के घरों में पानी घुसने की आषंका जताते हुए ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ओरमांझी थाना में की गई है। और बताया गया कि पूरे मुहल्ला का पानी जिस पुलिया से निकलता था, उसे चकला निवासी राजगीर महतो द्वारा बंद कर दिया गया है। जिससे 20-25 परिवारों के घरों में पानी घुसने की संभावना उत्पन्न हो गई है। इधर विभाग के जेई प्रभुशंकर राम ने कहा है कि सप्लाई पाइप सड़क के निचे से लिकेज है। मरमत करने पर सड़क खोदना पड़ेगा और वाहनों को आवागन बाधित हो जाएगा। जिसके कारण मरमत कार्य नही हो पा रहा है।



बस्ती के सामने जमा सप्लाई पानी।

### इन्होंने की शिकायत

शिकायत करने वालों बस्ती के मुकेश कुमार महतो, सुरेश महतो, मीना देती, महेश महतो, झरी उरांव, रवि कुमार, कुलदीप उरांव, रघु उरांव, छ्यालिस करमाली, कुलदीप करमाली, राजदीप करमाली, अमित कुमार, कमलेष महतो, अनिल बेदिया, राजकुमार वर्मा, उर्मिला देवी सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई है।

# सही कदम

सरकारी क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशकों, मुख्य कार्याधिकारियों और पूर्णकालिक निदेशकों के कार्यकाल को पांच वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष करने (या 60 वर्ष की आयु जो भी पहले हो) के सरकार के निर्णय को समझदारी भरा कदम माना जा सकता है क्योंकि ऐसा करने से ऐसे समय में बैंकिंग क्षेत्र की प्रतिभाओं को साथ बनाए रखा जा सकेगा जब उनके निजी क्षेत्र के प्रतिद्वंद्वियों के साथ जाने की आशंका रहती है।


बहरहाल गजट अधिसूचना में सरकारी बैंकों के प्रमुखों और पूर्णकालिक निदेशकों के लिए अनारक्षित विस्तार की पेशकश नहीं है। इस अधिसूचना में कहा गया है कि नियुक्ति शुरूआत में पांच वर्ष के लिए होगी और इसे पांच वर्ष का एक और अवधि विस्तार दिया जा सकेगा। इससे संकेत मिलता है कि सरकारी बैंकों के प्रमुख सरकार की इच्छा होने पर सेवा विस्तार पा सकेंगे। बहरहाल सरकारी बैंकों के प्रमुखों के लिए लंबा कार्यकाल, पांच वर्ष के कार्यकाल की तुलना में हस्तक्षेप की अधिक गुंजाइश तैयार करता है क्योंकि पांच वर्ष के कार्यकाल में शुरूआती एक-डेढ़ वर्ष का समय तो अक्सर नई जिम्मेदारियों को समझने में ही निकल जाता है। परंतु एक बार फिर व्यापक तस्वीर की बात करें तो बैंकों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्याधिकारियों के कार्यकाल में यह बढ़ोतरी सरकारी बैंकों में प्रतिभाओं की कमी की समस्या को आंशिक रूप से ही दूर कर सकती है। पहली बात तो यह कि ऋण संबंधी निर्णयों के मामले में वे निरंतर सरकार के स्वामित्व के अधीन काम करते हैं। लेकिन निजी क्षेत्र के बैंकों के उलट सरकारी बैंकों में यह अभी भी एक समस्या है। एक और बात यह कि सरकारी बैंकों और निजी बैंकों के वेतन भत्तों में इतना अधिक अंतर है कि लंबे कार्यकाल का आकर्षण शायद ही उसकी भरपाई कर पाए।

# सुखद संकेत

इस साल रबी फसलों की बोआई पिछले साल से ज्यादा हो रही है। चालू रबी सीजन में 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह तक रबी फसलों की कुल बोआई पिछले साल की समान अवधि से करीब 7 फीसदी ज्यादा हुई है। रबी फसलों की सामान्य बोआई की 50 फीसदी से ज्यादा बोआई हो चुकी है। रबी फसलों में प्रमुख फसल गेहूं, सरसों व चने की बोआई बढ़ रही है। बोआई में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी सरसों में हो रही है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 25 नवंबर तक 358.59 लाख हेक्टेयर में कुल रबी फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि में 334.46 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 7.21 फीसदी अधिक है। प्रमुख रबी फसल गेहूं की 152.88 लाख हेक्टेयर में बोआई हो चुकी है, जो पिछले साल की समान अवधि से 10.50 फीसदी अधिक है। सबसे ज्यादा वृद्धि सरसों की बोआई में हुई है। 25 नवंबर तक 70.89 लाख हेक्टेयर में सरसों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि में 61.96 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 14.41 फीसदी ज्यादा है। किसान बीते दो साल के दौरान सरसों के अच्छे भाव मिलने के कारण इसकी बोआई पर अधिक जोर दे रहे हैं। जिससे इसकी बोआई सबसे ज्यादा बढ़ रही है। गेहूं के दाम भी इस साल तेज रहे हैं। इसलिए इसकी बोआई भी बढ़ रही है। साथ ही मौसम भी अनुकूल है। चना रबी की तीसरी प्रमुख फसल है। रबी फसलों में कुल दलहन की बोआई पिछले साल के लगभग बराबर ही है। अब तक 94.26 लाख हेक्टेयर में दलहन की बोआई हो चुकी है, पिछले साल यह आंकडा 94.37 लाख हेक्टेयर था। इस साल कुल तिलहन फसलों की बोआई पिछले साल से अब तक 13.49 फीसदी अधिक हुई है। इस साल 75.77 लाख हेक्टेयर में तिलहन फसलों की बोआई हो चुकी है। यह देश के लिये सुखद संकेत है।

# पूंजीपतियों को वैश्विक होने से देश को लाभ





-आकाश प्रकाश

> 1991 से पहले देश में एकाधिकार एवं प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार आयोग (एमआरटीपीसी) के रूप में नियामकीय ढांचा था। हम आर्थिक शक्ति के चुनिंदा हाथों में सिमटने को लेकर चिंतित रहते थे। इसके बाद श्रम कानून, लघु उद्योगों को संरक्षण या अप्रत्यक्ष कराधान आदि के रूप में कानून ने हमेशा छोटी कंपनियों को प्रोत्साहित किया और बड़ी कंपनियों को हतोत्साहित। नियामकीय जटिलताओं के कारण कंपनियों का आकार बढ़ाना कठिन बना रहा।

**ऐंबिट** कैपिटल की सलाहकार, अर्थशास्त्री ऋतिका मांकड़ मुखर्जी ने एक दिलचस्प रिपोर्ट लिखी है जिसका शीर्षक है-स्काउटिंग फॉर जाइंट्स। रिपोर्ट भारतीय कंपनियों में परिमाण की कमी से संबंधित है। उन्होंने अलग-अलग दौर और देशों की कंपनियों के आंकड़ों का राजस्व के आधार पर अध्ययन किया और पाया कि भारतीय कंपनियां अन्य देशों की कंपनियों की तुलना में छोटी हैं। देश में छोटी कंपनियां बहुत हैं जबकि वैश्विक आकार की कम।

उनके विश्लेषण में बहुत विस्तृत ब्योरे और कुछ दिलचस्प आंकड़े हैं। उनकी रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादा भारतीय कंपनियां अपना आकार बढ़ाने में सक्षम नहीं हैं। 7 फीसदी की वास्तविक (और 13 फीसदी की नॉमिनल) जीडीपी और 2.8 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था के बावजूद हमारी कंपनियां उभरते बाजारों की तुलना में भी बहुत छोटी हैं।

उन्होंने बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा कंपनियों (बीएफएसआई) को छोड़कर 2,865 सूचीबद्ध कंपनियों का अध्ययन किया और पाया कि करीब 40 प्रतिशत कंपनियों का राजस्व एक अरब रुपये से कम है। अर्थव्यवस्था के विकास के बावजूद बीते दशक में यह अनुपात नहीं बदला और न ही छोटी कंपनियों की हिस्सेदारी घटी।

देश की सूचीबद्ध कंपनियों में से 55 प्रतिशत का राजस्व एक अरब से 100 अरब रुपये के बीच है। जबकि 5 प्रतिशत से भी कम कंपनियों का राजस्व 100 अरब रुपये से अधिक है। केवल 12 कंपनियों का राजस्व एक लाख करोड़ रुपये से अधिक है। बीएफएसआई में भी ऐसा ही है। गैर सूचीबद्ध कंपनियों में भी औसत आकार छोटा है।

भारत की तुलना अन्य उभरते बाजारों से की जाए तो अंतर और स्पष्ट है। एक ओर जहां देश की 40 फीसदी कंपनियों का राजस्व एक अरब रुपये से कम है, वहीं उभरते बाजारों में यह 12 फीसदी है। हमारी 55 फीसदी कंपनियों का राजस्व एक से 100 अरब रुपये के बीच है लेकिन उभरते बाजारों में ऐसी कंपनियां 64 फीसदी हैं। हमारी 4 फीसदी कंपनियों का राजस्व 100 अरब रुपये से अधिक है जबकि उभरते बाजारों में यह 15 प्रतिशत है।

छोटी कंपनियां बड़ी क्यों नहीं हो पा रहीं? क्या इसका कोई अर्थ है? इस पर ध्यान क्यों दें? हमारी नीति ऐतिहासिक रूप से आकार और परिमाण के खिलाफ रही है। 1991 से पहले देश में एकाधिकार एवं प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार आयोग (एमआरटीपीसी) के रूप में नियामकीय ढांचा था। हम आर्थिक शक्ति के चुनिंदा हाथों में सिमटने को लेकर चिंतित रहते थे। इसके बाद श्रम कानून, लघु उद्योगों को संरक्षण या अप्रत्यक्ष कराधान आदि के रूप में कानून ने हमेशा छोटी कंपनियों को प्रोत्साहित किया और बड़ी कंपनियों को हतोत्साहित। नियामकीय जटिलताओं के कारण कंपनियों का आकार बढ़ाना कठिन बना रहा। न्यायिक और नियामकीय माहौल भी स्थिर नहीं रहा है। ऐसे में बड़ी कंपनियों में निवेश को प्रोत्साहन नहीं मिला। चुनिंदा क्षेत्रों को छोड़कर हमारा घरेलू बाजार आज इतना बड़ा नहीं है कि वैश्विक परिमाण का समर्थन कर सके। एक लाख करोड़ रुपये से अधिक राजस्व वाली 12 कंपनियों पर नजर डालें तो ये सभी कंपनियां या तो ऊर्जा क्षेत्र की सरकारी कंपनियां हैं, टाटा स्टील और टाटा मोटर्स जैसी कंपनियां या फिर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और महिंद्रा समूह जैसे बड़े कारोबारी समूह। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज इकलौता अपवाद है जो अपने क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर शीर्ष पर है। कुछ ही ऐसी कंपनियां हैं जिनका आकार भी बढ़ा है और जो घरेलू तौर पर एक उद्योग पर केंद्रित हैं।

हमारी कंपनियां शोध एवं विकास पर भी अधिक व्यय नहीं करतीं। इस विषय पर पहले भी बात हो चुकी है। कंपनियों का आकार छोटा होने के कारण वे शोध एवं विकास पर अधिक खर्च नहीं कर पातीं लेकिन यह कमी नवाचार को प्रभावित करती है। हम वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं का हिस्सा भी नहीं बन सके। यदि हम स्मार्टफोन के मामले में वैश्विक आपूर्ति शृंखला का हिस्सा होते तो कई कंपनियों का स्वरूप बदल सकता था। ताइवान का इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र इसका उदाहरण है जो ऐपल कंपनी की आपूर्ति शृंखला पर आधारित है। प्रतिस्पर्धा और निर्यात को लेकर हमारे झुकाव की कमी जाहिर करता है।

उत्पादकता और परिमाण में सीधा संबंध है। बड़ी फर्म के पास निवेश के लिए संसाधन होता है और वे आधुनिक तकनीक और प्रबंधन अपना सकती हैं। यदि हमारा कारोबारी क्षेत्र छोटा बना रहा तो प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएगा। तकनीक जिस तरह उद्योगों को बदल रही है उसे देखते हुए निवेश ओर आधुनिकीकरण की कमी तथा नए व्यवहार से दूर रहना हमें गैर प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

दो ऐसे रुझान हैं जो इसे बदल सकते हैं। पहला तो यही कि स्टार्टअप का परिदृश्य बहुत अच्छा है। अमेरिका और चीन के बाद भारत सबसे बड़ा स्टार्टअप वाला देश है। सरकार ने इस क्षेत्र में मदद का वास्तविक प्रयास किया है।

देश में करीब 30 यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर का कारोबार) और 2-3 डेकाकॉर्न (10 अरब डॉलर का कारोबार) कंपनियां हैं। इनमें से अधिकांश अगले दो वर्ष तक अपनी जगह बनी रहेंगी। इनमें से ज्यादातर का कारोबारी मॉडल तकनीक आधारित है। तकनीक की मदद से कारोबार का परिमाण तेजी से बढ़ाया जा सकता है। वैश्विक कारोबारी मॉडल वाली अन्य कंपनियां या तो एनालिटिक्स में हैं या सॉफ्टवेयर सेवा क्षेत्र में। इनका विकास तेजी से हो सकता है क्योंकि ये डिजिटल हैं और इनकी भौतिक जरूरतें उतनी नहीं हैं।

जीएसटी और नोटबंदी के साथ अर्थव्यवस्था तेजी से औपचारिक हुई है। ऐसे में आशा यही करनी चाहिए कि बड़ी भारतीय कंपनियां तेजी से स्वरूप विस्तार करेंगी। जोखिम से बचने की प्रवृत्ति आम है और पूंजी केवल बड़े और सुरक्षित कर्जदारों के पास जा रही है।

तमाम क्षेत्रों में हमें यही देखने को मिल रहा है कि बड़े कारोबारी मजबूत हो रहे हैं और सुदृढ़ीकरण कर रहे हैं। इससे जहां उनका आकार तेजी से बढ़ेगा और आर्थिक प्रतिफल तथा मुनाफा बढ़ेगा।

## खास बात

### पूर्वी राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक

**सुधांशु कुमार**

**इन** दोनों याचिकाओं में टीएमए पाई और अन्य बनाम कर्नाटक सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का हवाला देते हुए कहा गया है कि नागालैंड, मिजोरम और मेघालय ईसाई-बहुल राज्य हैं।

बाकी राज्यों में भी असम को छोड़ कर ईसाईयों की तादाद ही ज्यादा है। वहां हिंदु अल्पसंख्यक हैं। लेकिन उनको यह दर्जा नहीं मिला है। इन याचिकाओं में सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का हवाला दिया गया है उसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्यों में आबादी के आधार पर ही भाषाई अल्पसंख्यकों के बारे में फैसला किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि किसी इलाके में जो लोग संख्या में कम हैं उन्हें संविधान के अनुच्छेद 30 (1) के तहत अपने धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए स्कूल और कॉलेज खोलने का अधिकार है। याचिकाओं में कहा गया है कि धार्मिक आधार पर भी अल्पसंख्यकों के बारे में फैसला राज्यों की आबादी के आधार पर ही किया जाना चाहिए, आबादी के राष्ट्रीय औसत के आधार पर नहीं।

इन याचिकाओं में 23 अक्तूबर, 1993 को केंद्र की ओर से जारी उस अधिसूचना को चुनौती दी गई है जिसमें मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी और जैन तबके के लोगों को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया था। याचिकाकताओं ने कहा है कि पूर्वोत्तर भारत की बहुसंख्यक आबादी अल्पसंख्यक के दर्जे की वजह से तमाम सरकारी लाभ ले रही है। यह सार्वजनिक धन की बबार्दी की मिसाल है। इलाके के ज्यादातर राज्यों में हिंदू समुदाय अल्पसंख्यक है. लेकिन वह अल्पसंख्यकों को मिलने वाले फायदों से वंचित है। डेलिना खांग्डुप ने मेघालय हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के हवाले से बताया है कि राज्य (मेघालय) में ईसाइयों की आबादी 74.59 प्रतिशत है जबकि हिंदुओं की 11.53 प्रतिशत। इसके अलावा आबादी में 4.4 प्रतिशत मुस्लिम, 0.33 प्रतिशत बौद्ध, 0.02 प्रतिशत जैन और 8.71 प्रतिशत दूसरे धर्मों के लोग शामिल हैं। इस कारण उन्हें कठिनाई हो रही है।

# मृग मरीचिका

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** बोली मुझे सुनहले चमड़ों वाला मृग ला दें तो मैं आपके बैठने के लिए मृगचर्म बनाऊं। राम ने कहा मैं अभी जाता हूं। लक्ष्मण बैठे देख रहे थे। उन्होंने सोचा मृग को मारने के लिये भगवान खुद चल दिये। मुझे आदेश देते तो मैं मारकर ला देगा। क्या बात है ये खुद चल दिये। वे कुछ समझ पाते इसके पहले राम मृग के पीछे दौड़ रहे थे। आश्चर्य की बात यह कि राम के बार-बार बाण मारने के बाद बाण उसे लग नहीं रहा था। ज्योंही मृग कुछ दूर गया राम ने बाण मार दिया और मृग रूपी मारीच मरने के पहले हाय लक्ष्मण कहा। रामजी समझ गये निश्चिय ही यह छल करने वाला कोई राक्षस है। यहां सीता तैयार बैठी थी। उसने कहा लक्ष्मण तुम्हारे भाई पर कोई संकट आया है। तुम जल्दी जाओ। लक्ष्मण ने कहा कोई संकट नहीं है। सीता बोली तुमने आवाज नहीं सुनी? वे तुम्हें पुकार रहे हैं। लक्ष्मण ने कहा- यह आवाज उनकी नहीं है। मैं बचपन से उनकी आवाज सुना हूं, जानता हूं, यह किसी बनावटी राक्षस की आवाज है। यहां सीता तो नाटक के लिये पहले से ही तैयार थी। लक्ष्मण तुम्हारे अंदर कलुष भावना है। तुम सेवा का नाटक किये हो। तुम मेरे साथ आये हो राम का सेवक बनकर लेकिन तेरे अंदर तो यही भावना है कि राम मर जाएं और तुम्हारी शादी सीता से हो। तेरे अंदर ये भावना है। सुनकर लक्ष्मण कांप गये। मैं क्या कह सकता हूं। फिर भी आप कह रही हैं तो मैं जा रहा हूं लेकिन आप मेरी एक बात मान लिजिएगा। मैं एक रेखा खींच देता हूं। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कॉर्टून वर्ल्ड

**अच्छे दिन का इंतजार**




साभार: कॉर्टनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### तेल की बढ़ती कीमत

**कच्चे** तेल की कीमतों में गिरावट आई। माना जाता है कि तेल की कीमतों में कमी होने से वस्तुओं की माल ढुलाई का खर्च कम होता है और इससे कीमतें गिरती हैं। विडंबना यह है कि हमारे यहां अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव का हवाला देकर तेल की कीमतों में बढ़ोतरी तो कर दी जाती है, लेकिन उसमें गिरावट के मुताबिक कमी नहीं की जाती।

**- भवेश, गढ़वा**

### गरीबों की सरकार?

**आम** जनता के लिए सस्ते अनाज की सप्लाई के लिए किसानों को जो समर्थन मूल्य सरकार देती थी वह गुजरे जमाने की बात हो जाएगी। कृषि सेक्टर पूरी तरह से मुनाफे से संचालित कार्पोरेट सेक्टर के नियंत्रण में आ जाएगा। आखिर कार्पोरेट के अच्छे दिनों के लिए तो मोदीजी सत्ता में आए हैं। अब जनता ठगी महसूस कर रही है विशेषकर मजदूर और किसान।

**- प्रदीप सिन्हा, हजारीबाग**

**भारतीय** स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाली और विदेशी भूमि पर भारतीय ध्वज फहराने वाली पहली महिला भीकाजी कामा जी की जयंती पर उन्हें शत शत नमन।


**- अन्नपूर्णा देवी, सांसद कोडरमा**

## रोचक ट्वीट

मैं किसी दबाव के आगे न तो झुक सकता हूं न हि मैं किसी ऐसे प्रयास से डर सकता हूं क्योंकि सवा तीन करोड़ झारखंड की जनता मेरे साथ है उनकी ताकत ही मेरी ताकत है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





**पुरुषार्थी-** संकल्पसिद्ध साधक के लिए जगत में कुछ भी दुर्लक्ष्य नही है मनुष्य मन अनंत ऊर्जा -असीमित शक्तियों का स्त्रोत है। एकाग्रतापूर्वक यौगिक क्रियाओं के अनुवर्तन और ईश अनुग्रह से यथार्थ-बोध संभव है

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# चांद पर खनन की तैयारी में जुटा नासा

## अंतरिक्ष विज्ञान



**नागेन्द्र सिंह**

नासा ने कहा है कि चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी को जमा करना और उसे नासा को सौंपना, चंद्रमा पर अंतरिक्ष व्यापार शुरू करने की अवधारणा की दिशा में पहला कदम होगा। चांद की सतह पर खनिज की खनन के लिए अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने दिखाई सक्रियता। अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नासा ने एलान किया है कि वह चांद की चट्टानों को निजी कंपनियों से खरीदना चाहता है, ताकि चांद पर खनन के कार्यों को शुरू किया जा सके। अंतरिक्ष एजंसी कंपनियों से प्रस्ताव ले रही है कि वे रोवर्स (चांद की सतह पर चलने वाली गाड़ियां) का उपयोग करके चंद्रमा से मिट्टी और पत्थरों को कैसे एकत्र करेंगे। नासा ने विभिन्न कंपनियों से चांद पर खनिज खनन योजना को लेकर प्रस्ताव मंगाया है। नासा ने योजना बनाई है कि वह चांद से लाए गए 50 से 500 ग्राम तक के नमूनों को खरीदने के लिए क्रमशः 15 हजार और 25 हजार डॉलर तक की राशि का भुगतान करेगा। नासा ने कहा, चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी को इकट्ठा करना और उसे नासा को सौंपना चंद्रमा पर अंतरिक्ष व्यापार शुरू करने की अवधारणा को साकार करने की दिशा में पहला कदम होगा। इस पहल से भविष्य में अंतरिक्ष उद्यमियों द्वारा चांद की जमीन पर खनन कार्य का तौर-तरीका विकसित करने में मदद मिलेगी। इस पहल से भविष्य के लिए अंतरिक्ष अभियानों में भी मदद मिलेगी। नासा की योजना है कि 2024 से पहले इस तरह के प्रयोग पूरे कर लिए जाएं। नासा ने 2024 तक मानव को फिर से चांद की सतह पर उतारने की योजना बनाई है। कंपनियों को चांद की सतह पर चंद्रमा की धूल या चट्टानों को इकट्ठा करना होगा। प्रत्येक कंपनी को उनके द्वारा इकट्ठा किए गए नमूनों की तस्वीरों को नासा को भेजना होगा। इसके अलावा इन नमूनों को कहां से इकट्ठा किया गया और इससे संबंधित डाटा भी अंतरिक्ष संस्थान को सौंपना होगा। शुरूआती योजना के मुताबिक, चांद की धरती से जमा किए गए नमूने को 50 से 500 ग्राम के बीच होना चाहिए और भविष्य के मिशन द्वारा संग्रह के लिए तैयार होना चाहिए।


नासा बाद की तारीखों में संग्रह के तरीकों का निर्धारण करेगी। एक ब्लॉग पोस्ट में नासा के प्रशासक जिम ब्रिडेनस्टाइन ने कहा, हम अपनी नीतियों को खोज के एक नए युग में लाने के लिए लगा रहे हैं, जिससे मानव सभ्यता को खासा लाभ होगा।ब्रिडेनस्टाइन ने कहा, वाणिज्यिक भागीदारी का लाभ उठाने से हमारी स्थायी, अभिनव, और कम दर में सुरक्षित रूप से चंद्रमा पर लौटने की क्षमता बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि नासा की योजनाएं 1967 की बाहरी अंतरिक्ष संधि का उल्लंघन नहीं करेंगी, जो मानती है कि आकाशीय निकाय और अंतरिक्ष स्वामित्व के राष्ट्रीय दावों से मुक्त हैं।

नासा की इस योजना की नींव 2015 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पारित किए गए कानून में पड़ी। इस कानून को बराक ओबामा ने राष्ट्रपति पद पर रहते हुए मंजूरी दी थी। इस कानून के तहत निजी कंपनियों को चांद की धरती पर खनन करने, संपत्ति का अधिकार, वहां पानी, खनिज एवं अन्य पदार्थों के उत्खनन का अधिकार सौंपा गया। ब्रिडेनस्टाइन के मुताबिक, नासा का हालिया कदम दुनिया के 110 देशों के बीच 1967 में हुए ह्यआउटर स्पेस ट्रीटी ऑफ 1967 समझौते के तहत ही है।चांद और अंतरिक्ष के अन्य ग्रह-उपग्रह इस्तेमाल या अन्य किसी भी तरह से किसी देश की राष्ट्रीय संपदा नहीं माने जाएंगे या उनके लिए संप्रभुता का दावा नहीं किया जाएगा। उनके मुताबिक, हमें चांद की सतह पर मौजूद बर्फ का इस्तेमाल करना होगा

# डॉ राजेंद्र प्रसाद का जीवन लोगों को सदा प्रेरित करता रहेगा

**138वीं जयंती पर विशेष**

**डॉ राजेंद्र प्रसाद** स्वाधीनता आंदोलन के एक अप्रतिम योद्धा थे। उनका संपूर्ण जीवन स्वाधीनता आंदोलन और राष्ट्र के नवनिर्माण में बीता था। आज के नेताओं को डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों निराला था। उनका जीवन सदा लोगों को प्रेरित करता रहेगा। देश के सबसे शीर्ष राष्ट्रपति पद पर आसीन होने के बावजूद उनके व्यवहार में कोई कमी नहीं आयी थी। वे राष्ट्रपति बनने से पूर्व जिस तरह रहते थे, राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनका रहन-सहन उसी तरह बना रहा। उनकी वेशभूषा में कोई तब्दीली नहीं हुई। वे आमजन के नेता थे। वे जीवन के अंतिम क्षण तक आमजन के ही नेता बने रहे।



आज की बदली परिस्थिति में राजनीति एक व्यवसाय बनकर रह गया है। लोग राजनीति में इसलिए प्रवेश करना चाहते हैं, ताकि अधिक से अधिक धन उपार्जन कर सकें, अपने नाम और शोहरत को बढ़ा सकें। जबकि, डॉ राजेंद्र प्रसाद की राजनीति इससे बिल्कुल अलग थी। आज की राजनीति सिर्फ सत्ता प्राप्ति का एक जरिया बनकर रह गया है। आज देशभर के सैकड़ों तथाकथित लोकप्रिय नेताओं के विरुद्ध विभिन्न न्यायालयों में मुकदमे दर्ज हैं। कई नेताओं को सजा भी दे दी गयी है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर वे वकालत से सदा सदा के लिए त्यागपत्र देकर सीधे स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़े थे। बापू की तरह डॉ राजेंद्र प्रसाद भी सत्य अहिंसा के प्रबल समर्थक थे। वे आजीवन सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते रहे थे। अगर वे चाहते तो वकालत कर एक बेहतर जीवन जी सकते थे। उन्होंने इस बेहतर जीवन का त्याग कर स्वाधीनता संघर्ष का ही मार्ग चुना था। इससे प्रतीत होता है कि उनके मन में राष्ट्र भक्ति कूट-कूट कर भरी थी। भारतीय राजनीति में उनका प्रवेश एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में हुआ था। उनकी विलक्षण प्रतिभा और कर्तव्य परायणता ने उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया था। जब सुभाष चंद्र बोस ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था, ऐसे वक्त में पुनः डॉ राजेंद्र प्रसाद को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने कांग्रेस संगठन को बहुत ही तीव्र गति से आगे बढ़ाया था।

सरोजिनी नायडू ने उनके बारे में लिखा, 'उनकी असाधारण प्रतिभा उनके स्वभाव का अनोखा माधुर्य था। उनके चरित्र की विशालता और अति त्याग के गुण ने शायद उन्हें हमारे सभी नेताओं से अधिक व्यापक और व्यक्तिगत रूप से प्रिय बना दिया। गांधीजी के निकटतम शिष्यों में उनका वही स्थान है, जो ईसा मसीह के निकट सेंट जॉन का था। सरोजनी नायडू की बातों से प्रतीत होता है कि डॉ राजेंद्र प्रसाद बाहर से साधारण दिखने वाले अंदर कितने असाधारण थे।

आज की बदली परिस्थिति में जहां चंहुओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है, आज हर एक भारतवासियों को डॉ राजेंद्र बाबू के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनकी सहजता, सरलता, कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। सच्चे अर्थों में यही संकल्प उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**विजय केसरी**
**लेखक कथाकार/स्तंभकार हैं।**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## ओवरलोडेड वाहनों के विरुद्ध जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया अभियान



अभियान के दौरान जांच।

**रामगढ़।** गोला प्रखंड अंतर्गत गोला बरलांगा मार्ग पर शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद के नेतृत्व में ओवरलोडेड वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। मौके पर बड़ी संख्या में ओवरलोडेड खनिज लदे वाहनों व मालवाहक वाहनों की जांच की गई। साथ ही वाहनों के विभिन्न कागजातों परमिट आदि की भी जांच की गई। जिसके उपरांत वाहन संचालकों के विरुद्ध कुल ढाई लाख रुपए का चालान किया गया।

### सजायाफ्ता लिपिक पर अधिकारियों ने दिखायी करम, मेहरबानी!

# फाइलों में दबा दिये गये मामले का आखिरकार दस माह बाद हुआ निस्तारण


### सजायाफ्ता लिपिक कौशल किशोर किये गये निलंबित, लिपिक तो नपे, दोषी पदाधिकारियों पर कब होगी कार्रवाई


### विभागीय नियमावली की अनदेखी करने वालों पर क्या होगी कार्रवाई!

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के सजायाफ्ता लिपिक कौशल किशोर वर्मा को आखिरकार बीते माह की 28 तारीख को निलंबित कर दिया गया। इस आशय की सूचना आरडीडीई द्वारा जारी कर दी गई। बता दें कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय गिरिडीह में रहते हुए उक्त लिपिक पर पैसे लेकर नौकरी दिलाने सहित कई मामलों पर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी गिरिडीह ने इसी वर्ष दो फरवरी को मामले पर आदेश पारित करते हुए लिपिक को दो वर्ष छह माह कारावास सहित आठ हजार रूपए का अर्थदंड लगाया था। राशि नहीं जमा कराने की स्थिति में तीन माह अतिरिक्त कारावास भुगतने का भी आदेश दिया गया था। मजे की बात यह है कि उक्त आदेश की प्रति डीईओ कार्यालय गिरिडीह से हजारीबाग पहुंचने में दस माह लग गए। बहरहाल उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आरडीडीई ने उक्त लिपिक को निलंबित करते हुए विभागीय जांच का भी आदेश दिया है। निलंबन अवधि में लिपिक का मुख्यालय डीएसई सह एसडीईई कार्यालय चतरा में बनाया गया है।

बेहद संवेदनशील इस मामले पर अधिकारियों की कार्यशैली कई प्रश्न खड़े करता है। तत्कालीन आरडीडीई ने लिपिक कौशल किशोर वर्मा का स्थानांतरण डीएसई कार्यालय हजारीबाग से डीईओ कार्यालय गिरिडीह किया था। फिर दो वर्षों के भीतर ही उक्त लिपिक का स्थानांतरण पुनः डीएसई कार्यालय हजारीबाग में कर दिया। जब झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने इसका





निलंबन के आदेश की कॉपी।

विरोध इस आधार पर किया कि किसी शिक्षकेत्तर कर्मी का दो वर्षों के भीतर स्थानांतरण पुनः उसी स्थान पर नहीं किया जा सकता है। तब उक्त लिपिक का प्रतिनियोजन डीईओ कार्यालय हजारीबाग में कर दिया गया। बाद में फिर उसे डीएसई कार्यालय भेज दिया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि विभागीय नियमावली की अनदेखी करने वालों पदाधिकारियों पर कब कार्यवाई होगी। एक सजायाफ्ता व्यक्ति कैसे अपने पद पर दस माह तक बना हुआ था। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि जिन्हें कोर्ट ने सजा दे दी हो उन्हें निलंबित कर बचाने का अंतिम प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। बहरहाल यक्ष प्रश्न अब भी बना हुआ है कि जिन पदाधिकारियों ने लिपिक पर इतनी मेहरबानी दिखाई उन पर कब कार्यवाई होगी!

## पूर्व मंत्री समरेश सिंह के निधन पर शोक व्यक्त



विद्यालय में शोकसभा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, छोटकी लारी में शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन कर झारखंड के पूर्व विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्री, अलग वनांचल राज्य के आंदोलन के अग्रदूत समरेश सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया गया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर सेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक ने कहा कि प्रातः स्मरणीय दादा एक बार हमारे विद्यालय के रजत जयन्ती समारोह में तत्कालीन शिक्षा मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद के साथ विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मौके पर प्राचार्य भोला करमाली, कृपाल महतो, मोगिश अहमद, प्रशिक्षु अध्यापिका शशि कुमारी सहित समस्त छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

# टमाटर व्यवसायी से की गयी लूट

### ड्राइवर को बनाया बंधक, जंगल में छोड़ा



भुक्तभोगी ड्राइवर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ -बगोदर एनएच 100 चलनिया अलकोपी के पास से टमाटर लदे पीकप वैन को ओवरटेक कर लूट लिया गया। लूटेरे स्विफ्ट डिजायर गाडी में सवार थे। मामला गुरुवार रात तकरीबन 9 बजे की बताई जा रही है। घटना के संदर्भ में वाहन मालिक दीपक साव ने बताया कि उसका ड्राइवर टमाटर लोड कर 6 बजे बालूमाथ से धनबाद जा रहें था, इसी दरम्यान बिष्णुगढ़ के पास स्विफ्ट डिजायर गाडी में सवार तीन लोगो ने उसकी गाडी को ओवरटेक कर ड्राइवर पर चाकू से हमला किया।

ड्राइवर को बंधक बना कर विष्णुगढ़ रोड और भेलवारा से तकरीबन 300 मीटर अंदर सरना थान नामक बीच जंगल में ले जा कर ड्राइवर से मारपीट की। बंदूक की नोक पर वाहन में लगे जीपीएस की जानकारी लिया और जीपीएस तोड़ कर फेंक दिया। ड्राइवर के साथ मारपीट करने के बाद आंखों में काली पट्टी बांधकर लूटेरे पिकअप वैन ले उड़े। ड्राइवर ने किसी तरह जान बचाकर आसपास के घर वालों से मदद मांगा व मोबाइल से वाहन मालिक को घटना के बारे में जानकारी दिया। जानकारी मिलते हीं बालूमाथ से मालिक अहले सुबह विष्णुगढ़ थाना पहुंचे और मामले की जानकारी देते हुए लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने की थानेदार से अर्जी की गई है।

## दरभंगा हाउस के एसओ सेफ्टी जीएम ने दो कोयला खदानों का निरीक्षण किया

**चरही।** शुक्रवार को कलकत्ता कोल इंडिया के ईडी सेफ़्टी नारायण दास और रांची दरभंगा हाउस के एसओ सेफ़्टी जीएम ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से दो कोयला खदानों का निरीक्षण किया ।सीसी एल के तापीन साउथ और परेज के कोयला खदान पहुंचकर जांच किया। उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कंपनी के कोई भी कामगार और पदाधिकारी खान के अंदर जाएं तो सुरक्षा-व्यवस्था के साथ जाएं ।ताकि खदान के अंदर घटने वाली घटनाओं से बचा जा सके ।कामगार हमेशा हेलमेट औ? जूता प्रयोग करें ।साथ ही ब्लास्टिंग के समय दूरी बनाकर रहें ।जिसमें घटनाओं से बच सके ।आगे यह भी कज की सुरक्षा की दृष्टिकोण से खदानों के अंदर जाने वाले सभी सड़कों को दुरुस्त कराया जाए। ताकि भारी-भरकम वाहन और मशीनें आसानी से आ जा सके। इसके अलावा कोयला उत्पादन पर भी बात किया। मौके पर एसओ सेफ्टी एसके त्रिवेदी, परियोजना पदाधिकारी एक के दिवाकर खान, प्रबंधक एसके सिंह, सुरक्षा अधिकारी पवन सिंह, सुरक्षा प्रभारी रंजीत कुमार विमल, त्रिवेणी महतो सहित कई अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित है।

# सरकारी चापानल में जेट पम्प लगाकर व्यक्तिगत इस्तेमाल, पड़ोसियों में है आक्रोश

### ग्रामीणों को पानी पीने में हो रही परेशानी, पदाधिकारियों से लगायी न्याय की गुहार



सरकारी चापानल में मोटर का उपयोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत में सरकारी चापानलो का अतिक्रमण का मामला प्रकाश में आया है। कोल्हुआ गांव के ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए सूचित किया है कि जिसके घर के सामने सरकारी चापानल लगाया गया है, वह उसे पूर्ण रूप से अतिक्रमण कर व्यक्तिगतरूप से प्रयोग किया जा रहा है। चापानल में समरसेबुल जेट पम्प मशीन लगाकर अपने छत पर टंकी लगाकर स्वयं तो सरकारी चापानल से पानी पी रहे है लेकिन अन्य लोगो को उससे कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है क्योंकि मोटर लगाते ही हाथ से चलाकर पानी देने वाले सिस्टम को बंद कर दिया गया है। मात्र मोटर के माध्यम से ही पानी निकलता है, वह पानी मात्र जो लोग मोटर लगाए है, उनके घर में ही पहुंच पा रही है, जिससे स्थानीय लोगो को काफी परेशानी हो रही है।

उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि उक्त मामले को गंभीरता पूर्वक जांच कर अतिक्रमण करने वाले लोगों पर विधिक कार्यवाही करते हुए सरकारी चापानलो को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाए।

जिससे हमलोगो को पानी पीने में दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। ग्रामीणों ने सरकारी चापानल को अतिक्रमण करने के मामले में वार्ड सदस्य सकलदेव पासवान, नथन साव, किशुन यादव सहित अन्य लोगो पर आरोप लगाया है। मुखिया मंगलदेव यादव ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है, आपस मे बैठकर उनसे वार्ता करते हुए जेट पम्प को हटाने की पहल की जाएगी।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** न्यायालय के आदेश पर जिले में बरही थाना कांड संख्या 205/15 में फरार प्राथमिकी अभियुक्त व बरही थाना क्षेत्र के मलकोको पंचायत के चतरो गांव के उमेश पासवान उर्फ भगीरथ पासवान पिता महादेव पासवान के घर पर शुक्रवार को बरही पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया।अभियुक्त के ऊपर गाली गलौज, मारपीट व हत्या करने का प्रयास करने को लेकर 13 जुलाई 2015 को धारा 341, 337, 338, 307, 504, 34 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। प्राथमिकी अभियुक्त कानून की नजरों से फरार चल रहा है। इधर, कोर्ट ने पुलिस को अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाने का आदेश दिया है। इस कार्रवाई में एसआई मनीषा टोप्पो समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि यदि अभियुक्त ने आत्म समर्पण नही किया तो अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की वारंट जारी किया जाएगा।

### जेएसपी फाउंडेशन ने 22 सरकारी विद्यालयों में लगाया कैंप

# स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया शुभारंभ



फीता काटकर स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते देवरिया मुखिया विकास कुमार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी फाउंडेशन ने पतरातू के अपने कार्य क्षेत्र के 15 गांवों मतकमा, देवरिया, हुरूमगढ़ा, कुरसे, बलकुदरा, गेगदा, किन्नी, घाघरा, कुशियारा, भंडरा, रसदा, लबगा, जयनगर, उचरिंगा एवं सोलिया के 22 सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के लिए शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर का उद्घाटन देवरिया पंचायत के मुखिया विकास कुमार ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मतकमा में प्रधानध्यापिका अनीता देवी के मौजूद्गी में फीता काटकर किया। मौके पर देवरिया मुखिया विकास कुमार ने जेएसपी फाउंडेशन के शिविर की सराहना करते हुए बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए इसे एक जरुरी कदम



छात्रा की स्वास्थ्य जांच करतीं चिकित्सक।

बताया। उन्होंने कहा की बच्चे स्वस्थ रहेंगे तभी इनका सर्वांगीण विकास संभव है। जेसीबी बच्चों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। शिविर का उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य जांच कर दवाई और मल्टीविटामिन उपलब्ध कराना एवं जागरूकता-सत्र चलाकर बच्चों में स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देना है। बताया गया को इस शिविर से लगभग 2000 बच्चे लाभान्वित होंगे।

# बहेरा कोल डंप चलाने को लेकर आमसभा



आम सभा में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही।** शुक्रवार को सीसी एल के तापिन साउथ ऑफिसर क्लब में बहेरा कोल डंप को सुचारू रूप से चलाने को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी व चुरचू प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो ने किया। इस सभा में तापिन साउथ कोल डंप को सुचारू रूप से चलाने को लेकर विस्थापित, प्रभावित और समाज सेवियों के बीच विचार-विमर्श किया गया।

मौके पर रोशनी देवी ने कहा कि डंप में राजनीति नहीं करें ।डंप मजदूर हित में खोला गया है। विनसेन टुडू ने कहा कि हाई पावर कमेटी बाहरी सदस्य को निष्कासित किया जाय। संतोष राय ने कहा कि 8 करोड़ 72 लाख रुपए का हिसाब मन्नू टुडू और रामकिशोर मुर्मू जल्द मजदूर को भुगतान करे। विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी ने कहा कि लोकल सेल जो दो वर्षों से चला है उसका मजदूरों का भुगतान जल्द से जल्द किया जाय। चुरचू प्रखंड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने कहा कि सेल का पैसा काउंटर पेमेंट ही मजदूर का विकल्प है' भाजपा चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह ने कहा कि हाई पावर कमिटी को? बर्खास्त करके मजदूर हित में चलाया जाए। मुख्य रूप से उपस्थित विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष बहेरा कोल डंप अध्यक्ष शिवलाल महतो,चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,भाजपा चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, बहेरा मुखिया देवकी महतो,विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, चौलेश्वर महतो, गुलाम रब्बानी, विधायक प्रतिनिधि वीणा मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारु।** प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का आयोजन शुक्रवार को हरली मैदान में किया गया।

मैच का उद्घाटन बीडीओ सुशील कुमार राय ने खिलाड़ियों से परिचय के बाद कीक मार कर किया। इस फुटबॉल लीग मैच में प्रखंड़ के नौ पंचायत से एक एक टीम को आमंत्रण किया गया था। इसमें पुनाई की टीम मैच में भाग नही लिया। जिन पंचायत के टीम ने मैच में भाग लिया इनमे दिगवार, जिनगा मेढकुरी खुर्द, कबिलासी, हरली, रामदेव खरिका, इरगा व दारू की टीम थी। प्रखंड में 9 पंचायत होने के कारण पहला लीग मैच हरली बनाम इरगा पंचायत के बीच खेला गया। हरली ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए इरगा पंचायत के टीम 3-0 से हरा कर क्वाटर फाइनल में अपना दावेदारी पेश किया। क्वार्टर फाइनल का चार मैच खेला गया।

क्वाटर फाइनल में सभी विजेता टीम आज सेमीफाइनल खेलेंगे। साथ ही आज ही जमीन फाइनल में विजेता टीम इस लीग मैच का फाइनल खेलेंगे।

मौके पर बीईओ गंगा सागर, बीडब्लूओ रविन्द्र कुमार आशीष कुमार, हरली मुखिया फरजाना खातून, दारू मुखिया सुनील कुमार, मेढकुरी खुर्द मुखिया भोली तुरी रामदेव खरिका से प्रभात कुमार इरगा से महाबीर यादव कबिलासी राजेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस पर

# द आरसीआइ के निदेशक राकेश रोशन ने दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर आरसीआई निदेशक राकेश रौशन ने साक्षरता दिवस मनाते हुए पत्रकारों को विशेष जानकारी देते हुए बताया कि कंप्यूटर साक्षरता दिवस हर साल 2 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन को सेलिब्रेट करने की शुआत 2001 में शुरू हुआ, विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस कंप्यूटर साक्षरता को दुनिया के सबसे दूरस्थ कोनों तक ले जाकर और विशेष रूप से भारत में बच्चों और महिलाओं के बीच तकनीकी कौशल के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए डिजिटल डिवाइड को



निदेशक राकेश रौशन।

संबोधित करना चाहता है। विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस पहली बार 2001 में एक भारतीय कंपनी, राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संस्थान की 20वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मनाया गया था। इस दिन की शुरूआत एक अध्ययन के जवाब में की गई थी जिसमें कहा गया था कि दुनिया में अधिकांश कंप्यूटर उपयोगकर्ता पुरुष हैं। निदेशक राकेश रोशन ने जानकारी देते हुए कहा कि आज के आधुनिक काल में शायद ही कोई ऑफिस कंप्यूटर से अछूता हो। दुनिया भर में कंप्यूटर साक्षरता विश्व औसत, जैसा कि द वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा निर्धारित किया गया है, ने पाया कि ओईसीडी देश उतने कंप्यूटर साक्षर नहीं हैं जितना कि कोई उम्मीद करेगा क्योंकि 25 प्रतिशत व्यक्ति कंप्यूटर का उपयोग करना नहीं जानते हैं, कम से कम 45 प्रतिशत खराब दर और केवल 30 प्रतिशत मध्यम से अत्यधिक कंप्यूटर साक्षर के रूप में दर।

# शॉट सर्किट से लगी आग, हजारों का समान जलकर राख

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा निवासी समाजसेवी सह एलआईसी एडवाइजर विनोद कुमार सिंह व पटेलनगर पंचायत की जलसहिया प्रतिमा सिंह के घर में शुक्रवार को आग लग गई। घटना में घर में रखे हजारों रूपये के समान जलकर राख हो गया। जिस वक्त घर में आग लगी उस समय वहां कोई नहीं था। घटना की जानकारी बगल में काम कर रहे हैं लोगों ने



घर से निकलता धुंआ।

फोन पर दी। जिसके बाद विनोद सिंह के रिश्तेदार व आसपास के लोग उनके घर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार विनोद सिंह का पूरा परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने पुश्तैनी गांव पलामू गए हुए हैं। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था। शुक्रवार की दोपहर लगभग 3 बजे घर में आग लगने की सूचना मिली। जिसके बाद अगल-बगल के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक घर में रखे टीवी, फ्रिज सहित हजारो रूपये लागत के समान जलकर खाक हो गया। कयास लगाया जा रहा है कि शॉट सर्किट से आग लगने के कारण उक्त घटना घटी है।

# 10 लाख का ब्राउन शुगर बरामद, चार गिरफ्तार

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र स्थित कनहरी मार्ग से पुलिस ने 10 लाख का ब्राउन शुगर बरामद क?िया है. इस मामले में चार युवकों को गिरफ्तार भी किया गया है। पकड़े गए युवकों के पास से 300 ग्राम ड्रग्स बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपियों में कटकमसांडी थाना क्षेत्र के बांझी गांव निवासी राजदीप प्रसाद व मटूक सिंह, पेलावल निवासी इंद्रजीत कुमार सिंह एवं शाहिद अंसारी शामिल है। इस संबंध में थाना प्रभारी उत्तम कुमार सिंह ने बताया कि इंटर साइंस कॉलेज के पास एक बलेनो कार में चार युवक सवार थे। वहीं ड्रग्स खरीद-बिक्री की बात कर रहे थे। इसकी गुप्त सूचना पुलिस कप्तान को मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके



पर पहुंचकर चारों युवकों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उनके पास से करीब 10 लाख रुपये का ब्राउन शुगर बरामद किया गया। कोर्ट में पेशी के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

## स्पीड न्यूज

### टीम वर्क संगठन का प्राण : राव



लोहरदगा।शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के समिति कक्ष में विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा रावजी की उपस्थिति में एक बैठक हुई । जिसमें विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधरलाल अग्रवाल , सचिव अजय प्रसाद , कोषाध्यक्ष अनिल कुमार ,विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, राजेश जी , सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ,शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास एवं मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी उपस्थित थे । ब्रह्मा राव ने कहा कि प्रबंधकारिणी समिति को संगठन के अनुकूल होना अच्छी बात है । टीम के द्वारा ही कोई भी कार्य संभव होता है । टीम वर्क ही संगठन का प्राण है । एक दूसरे से मिलजुल कर कार्य करने के बाद ही कार्यकर्ता का विकास होता है। विद्यालयों में विद्या भारती के जो 4 आयाम हैं , उनके विकास से ही विद्यालय का विकास संभव है । आधारभूत विषयों का क्रियान्वयन सही प्रकार से यदि होता है, तो बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है । गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आवश्यक है । अखिल भारतीय मंत्री ने शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रार्थना सभा कक्ष ,प्रधानाचार्य कक्ष ,कार्यालय ,पुस्तकालय , प्रयोगशाला सहित कक्षा का निरीक्षण किया।

### आइजी ने पुलिस की सुनी समस्याएं

सेन्हा। लोहरदगा जिले के न्यू पुलिस लाईन में आईजी पंकज कंबोज ने गुरुवार की देर शाम पुलिस की समस्या से अवगत हुआ।मौके पर पुलिस अधिकारियो एव जवानों ने आईजी के समीप समस्या रखते हुए बताया कि बिजली,पानी,जनरेटर, जीपी कटौती,बीमा पेंशन तथा पंचायत चुनाव के दौरान भत्ता नही मिलने की बात सहित अन्य जरूरतों का चीज के लिये जवान को काफी परेशानी होती है। आईजी ने एक एक पुलिस पदाधिकारीयों की समस्या सुनकर विभाग द्वारा जल्द ही समस्या का समाधान करने की बात कही वही पत्रकारों का सवाल का जबाब देते कहा कि लोहरदगा एस पी कार्यालय व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। लोहरदगा नक्सल प्रभावित जिला है। परन्तु पुलिस द्वारा यहाँ से अधिकांश नक्सलियों को खदेड़ दिया गया। साथ ही कहा कि जो भी नक्सली बचे हुए हैं। वे सरकार द्वारा सरेंडर पॉलिसी नीति के तहत सरेंडर करें और लाभ उठाएं । मौके पर एस पी आर रामकुमार, अभियान एस पी दीपक पाण्डेय,पुलिस अधीक्षक परमेश्वर प्रसाद,बी एन सिंह,सार्जेन्ट मेजर सुरेश कुमार ओझा के अलावे सभी पुलिस जवान मौजूद थे।

### सीएम रोजगार को लेकर साक्षात्कार

लोहरदगा। उपायुक्त के आदेश के आलोक में गठित स्क्रूटनी कमिटी द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी की गई व आवेदकों का साक्षात्कार लिया गया। आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी व साक्षत्कार 06 दिसंबर को सम्पन्न होगा। पहले दिन कुल 268 अभ्यर्थियों में से 171 उपस्थित और 97 अनुपस्थित रहे।इस मौके पर आइटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, कार्यपालक दण्डाधिकारी अमित बेसरा, कार्यपालक दण्डाधिकारी पूजा कुमारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

### नव दुर्गा मंदिर के लिए भूमि पूजन



लोहरदगा। वार्ड नंबर 18 अंतर्गत हटिया गार्डन में भव्य नव दुर्गा मंदिर निर्माण को लेकर विधि-विधान पूर्वक भूमि पूजन की गई। पंडित रामसेवक पाठक, जयशंकर मिश्र एवं परमानंद मिश्रा समेत अन्य पुरोहितों के द्वारा भूमि पूजन संपन्न कराई गई। यजमान के रूप में नवल किशोर अग्रवाल उनकी धर्मपत्नी रीता अग्रवाल, विश्वविजय अग्रवाल उनकी धर्मपत्नी अनु अग्रवाल, दुर्गा सोनी उनकी धर्मपत्नी शकुंतला देवी, विजय महतो उर्फ विक्की व उनकी धर्मपत्नी संगीता महतो एवं सुमन महतो व उनकी धर्मपत्नी पूजा कुमारी के द्वारा विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन की गई। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने पहुचंकर भूमि पूजन कार्यक्रम मे हिस्सा लिया। पुरोहितों से आशीर्वाद लेकर भूमि पूजन के बाद खुद से कुदाल चलाकर ईंट बिछाया। इसके बाद माँ दुर्गा की आरती में शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया।

### हेमंत के दौरे को ले झामुमो की बैठक




लोहरदगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला कार्यालय में 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन को ले तैयारी बैठक हुई। झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि सीएम का 13 दिसंबर को लोहरदगा समाहरणालय मैदान में खातियानी जोहार यात्रा होने जा रही है। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व महागठबंधन के कई मंत्री, विधायक आम सभा को संबोधित करेंगे। जिलाध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर अभी से ही कमर कस लेने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को कार्यक्रम में शिरकत कराने में अहम भूमिका निभाने का दिशा निर्देश दिया। मोजम्मिल अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में पूरे राज्य में किये जा रहे विकास कार्यों के बदौलत आज राज्य की जनता काफी हर्षित दिखाई दे रहे हैं।

# दो सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**बाइक गड्ढे में गिरा दो छात्रों की गयी जान, दो बाइकों की टक्कर में एक शिक्षक मौत**

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गुमला जिला में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो छात्र व एक शिक्षक की शुक्रवार को मौत हो गई। पहली घटना रायडीह थाना क्षेत्र के डोभडोभी पुल के पास घटी। जिसमें बाईक सवार दो छात्र बाइक अनियंत्रित होने से पुल के समीप एक गड्ढे में जा गिरे। जिसे लुथेरान उच्च विद्यालय गुमला के 10 वीं कक्षा का छात्र ईसया तिर्की व राजकीय मध्य विद्यालय गुमला के छठी कक्षा का छात्र शंकर चीक बड़ाईक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे शुक्रवार को घर से स्कूल जाने की बातकहर निकले थे और बाइक लेकर वे रायडीह की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डोभडोभी पुल के पास बाइक अनियंत्रित हो गया और बाईक पुल के नीचे जा गिरा। इस घटना में ईसया तिर्की की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि शंकर चीक बड़ाईक को स्थानीय लोगों द्वारा उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों बच्चों का परिवार गुमला के सरहुल नगर व फुलवार टोली में किराये के मकान में रहते हैं। ईसया तिर्की का घर चैनपुर प्रखंड के बारडीह गांव है। उसके पिता झारखंड पुलिस में कार्यरत है। इधर घटना की सूचना मिलने पर दोनों मृतक छात्रों के परिजन अस्पताल पहुंचे। जहां



दोनों मृतक छात्र।

बच्चों का पार्थिव शरीर देखकर उनका रो-रोकर बुरा हाल था। इधर घटना की सूचना पर लुथेरान स्कूल के कई शिक्षक भी सदर अस्पताल पहुंचे। शिक्षकों ने बताया कि मृतक ईसया तिर्की कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहा था। घर में स्कूल जाने की बात कहकर वह बाहर ही घूमता रहता था। दूसरी घटना पालकोट थाना क्षेत्र के करौंदा बेड़ा के पास की है। जहां दो बाईकों की टक्कर में कोलेंग स्कूल के शिक्षक



55 वर्षीय फिरन नगेशिया गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना में फिरन नगेशिया का पैर टूट गया और सर पर गंभीर चोट लगी है। पालकोट के ही एक शिक्षक कलेश्वर साहु ने घटना के बाद फिरन को उठाकर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल शिक्षक को रिम्स रेफर कर दिया गया। रांची ले जाने के क्रम में सिसई के पास रास्ते में ही शिक्षक ने दम तोड़ दिया।

# बकरा, सुकर, बत्तख और चूजा सात दिन में बांटे : डीसी

**जिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा में दिया निर्देश**

**मुख्यमंत्री रोजगार योजना में जिनका लोन पास नहीं हुआ है उनका आठ दिसबंर तक करें पूरा : सुशांत गौरव**

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला कल्याण विभाग अंतर्गत चलाए जा रहे सभी कल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में समेकित जनजाति विकास अभिकरण (2020-21) अंतर्गत बकरा विकास योजना के तहत अब तक 210 लाभुकों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। वहीं सुकर विकास योजना के तहत 90 लाभुकों को जोड़ा गया है। वहीं ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना के तहत कुल 60 लाभुक तथा बत्तख चूजा वितरण की योजना से कुल 615 लाभुक योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

उपायुक्त ने शेष बचे लक्ष्यों को 7 दिनों के अंदर योजना बना कर शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही लाभुकों के पेंडिंग वेरिफिकेशन के कार्य को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही। उपायुक्त ने जिले के सभी कल्याण छात्रावास की मरम्मती, जीर्णोद्धार के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिला प्रशासन द्वारा पिछले एक वर्षों में विभिन्न मदों से



कल्याण विभाग की समीक्षा करते गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव।

कल्याण विद्यालयों की मरम्मती व जीर्णोद्धार का कार्य, किचन तथा लाइब्रेरी निर्माण आदि कार्य किया जा रहा है जो की अपने अंतिम चरण पर है। इसके अलावा उपायुक्त ने निर्देश करते हुए कहा कि सरकार के सभी छात्रावास का उपयोग केवल सरकारी विद्यार्थियों तथा उनकी सहायता के लिए ही हो ।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत जिले में कुल 728 लाभुको के बीच 26,66,100 रुपए आवंटित किए गए है जो जिले के लिए एक अच्छी उपलब्धि है। उपायुक्त ने शेष बचे वितरण को दिसंबर से पहले आवंटित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अब तक जिले में कुल 198 के विरुद्ध अब तक 159 लाभुकों के बीच 2,22,21,602 ऋण उपलब्ध करवाए जा चुके है। उपायुक्त जिन लाभुकों का ऋण सेंक्शन नहीं हुआ है उनका 8 दिसंबर से पुर्व ऋण सेंक्शन करते हुए राशि वितरण करने का निर्देश दिया।

छात्रवृत्ति 2021-22 के अंतर्गत प्री मैट्रिक छात्रों में प्राप्त आवेदनों 102165 के विरुद्ध शत प्रतिशत बच्चों को भुगतान राशि उपलब्ध करवा दिया गया है। वहीं पोस्ट मैट्रिक के बच्चों का भी लगभग शत प्रतिशत छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान करवा दिया गया है। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्राप्त सभी आवेदनों का शत प्रतिशत छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान करने हेतु शिक्षकों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं अन्य संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया ताकि जल्द से जल्द यह कार्य पूर्ण हो सके।

### सुखाड़ राहत योजना से सभी किसानों को जोड़ें

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव ने शुक्रवार को ऋण माफी, सुखाड़ राहत योजना ,केसीसी तथा धान अधिप्राप्ति आदि योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में योजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति के विषय में चर्चा की गई। ऋण माफी योजना के तहत किसानों को मिलने वाले लाभों के लिए किसानों को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने 7 दिनों के अंदर जांचोपरांत शत प्रतिशत ऋण माफी से संबंधित प्रक्रिया को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही किसानों को एक रुपए की केवाईसी करवाने हेतु जानकारी देने की भी बात कही ताकि किसान इस योजना से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत उपायुक्त ने सभी किसानों को योजना से जोड़ने की बात कही। उन्होंने जेएसएलपीएस एवं अन्य संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए किसानों को योजना से लाभान्वित करवाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि इस योजना के तहत बेहतर कार्य करने वाले को सभी एसडीओ अपने स्तर से पुरस्कृत करेंगे। केसीसी की समीक्षा के दौरान बताया गया कि केसीसी हेतु 28000 लक्ष्य के विरुद्ध कुल 21000 आवेदन प्राप्त है। जिसपर उपायुक्त ने सभी बैंक से समन्वय स्थापित करते हुए सभी आवेदनों को स्वीकृत कर किसानों को लोन उपलब्ध कराने की बात कही।

# लोहरदगा में सीएम के दौरे को ले डीडीसी ने की बैठक

**आपकी द्वार शिविर में आये आवेदन को जल्द करें निष्पादित : गरिमा सिंह**

लोहरदगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दौरे को लेकर उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता मे समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, केसीसी, झारखंड फसल राहत योजना, मुख्यमंत्री ऋण माफी योजना, मनरेगा, छात्रवृत्ति योजनाएं और पर्यटन एवं खेलकूद योजनाओं में जिला के उपलब्धि की समीक्षा की गई। डीडीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया कि



आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनकी समीक्षा कर उसका निष्पादन कराया जाय। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि महिला पर्यवेक्षिका और बीआरसी के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का भी निष्पादन जल्द कराया जाय। कोई भी आवेदन लंबित ना रहे। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन जल्द कराने का निदेश दिया गया। परियोजना निदेशक आइटीडीए, लोहरदगा द्वारा बताया गया कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों में आवेदनों की स्क्रीनिंग प्रारंभ हो चुकी है जो 6 दिसंबर तक चलेगी। जिन आवदनों में दस्तावेजों की कमी है वैसे आवेदकों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है।

### बालू घाटों की नीलामी शीघ्र करें सरकार :आलोक साहू

लोहरदगा।जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर लोहरदगा सहित झारखंड के अन्य जिलों में बालू घाटों की नीलामी शीघ्र करने की मांग किये। श्री साहू ने कहा कि बालू घाटों की नीलामी नहीं होने के कारण सरकार को राजस्व की क्षति तो हो ही रही है साथ ही साथ क्षेत्र का विकास भी प्रभावित हो रहा है। सरकारी काम बालू का अभाव में नहीं हो पा रहे हैं जनता को अपने घर बनाने में परेशानी हो रही है तथा बालू से जुड़े रोजगार में सैकड़ों की संख्या में मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। श्री साहू ने कहा कि झारखंड में 15 अक्टूबर से एनजीटी ने प्रतिबंध को हटा दिया है और सरकार के आदेश से राज्य में बालू घाटों की नीलामी करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। सरकार के आदेश के बावजूद प्रशासनिक उदासीनता के कारण डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद झारखंड में एक भी बालू घाटों की नीलामी नहीं हुई है जो दुर्भाग्य की बात है। जिससे सरकार की बदनामी हो रही है तथा विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा में उगरा, मेढो, कैमो ,मनहो, लावागांई का लोहरदगा से डिस्टिक सर्वे रिपोर्ट बनकर राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण रांची के पास भेजा जा चुका है तथा 15 अन्य बालू घाटों का सर्वे हो रहा है ।

# भारत जोड़ों यात्रा में शामिल हुए कांग्रेस नेता

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। देश में बढ़ती नफरत, बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ राहुल गांधी के द्वारा शुरू किए गए भारत जोड़ो यात्रा में विगत 29 नवंबर को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोध कांत सहाय के नेतृत्व में मंत्रियों विधायकों एवं झारखंड के कांग्रेसियों का एक टीम अतिथि यात्री के रूप में मध्यप्रदेश के इंदौर में शामिल हुए। जिसमें लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुखेर भगत प्रदेश डेलिगेट नेसार अहमद, लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस का अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, एवं सलीम अंसारी बड़े, भी



शामिल हुए। झारखंड से पहुंचे सभी अतिथि यात्रियों का राहुल गांधी के कैंप सांवेर में भारत जोड़ों यात्रा के राष्ट्रीय संयोजक दिग्विजय सिंह जयराम रमेश एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के द्वारा स्वागत किया गया,तत्पश्चात प्रातः 6:00 राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा के दौरान लोहरदगा जिला कांग्रेस के नेताओं को भी राहुल गांधी से मिलने एवं साथ चलने का अवसर मिला।इस अवसर पर प्रदेश डेलिगेट नेसार अहमद ने

**नेसार अहमद ने राहुल गांधी से झारखंड आने का किया आग्रह**

राहुल गांधी से लोहरदगा एवं झारखंड में चलाए जा रहे भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ में जानकारी दिए और उनसे झारखंड आने का आग्रह भी किए।

नेसार अहमद ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी के इस भारत जोड़ो अभियान को जनसमर्थन मिल रहा है निश्चित तौर पर आने वाले समय में देश के अंदर बदलाव अवश्यंभावी है। वर्तमान में देश के अंदर जिस तरह से नफरत और विभाजन की राजनीति हुई है इससे देश को काफी नुकसान हुआ है देश के अंदर भय और नफरत का माहौल खड़ा किया गया है।

## एक नजर में

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल टूर्नामेंट शुरू



घाघरा। घाघरा प्रखंड के रन्हे स्टेडियम में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय बालक बालिका मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने किया। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग का उदघाटन मैच अरंगी पंचायत बनाम कुगांव पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें अरंगी पंचायत की टीम 2 -0 से विजयी रही। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले हारे हुए टीम को हताश ना होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है। आप खेल में बेहतर कर अपना भविष्य संवार सकते हैं। आज के परिवेश में खेलकूद में बच्चे अपना नाम रोशन कर रहे हैं। बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उसे निखारने की जरूरत है। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य बच्चो को एक मंच के माध्यम से आगे लाने का प्रयास है। विजेता टीमों को पुरस्कार देकर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेश पंडित,बबलू कुमार,लाल ,रोहित सहित कई लोग उपस्थित थे।

### ईवीएम वेयर हाउस का डीसी ने किया निरीक्षण

गुमला। ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की। निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम सामदानी से लिया। उन्होंने वहां रखे ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का भी जायजा लिया। जिसमे उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री गुलाम सामदानी, एश्ट नोडल पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरंग, कांग्रेस के अकिल रहमान, बीजेपी के विकाश सिंह, नेशनल कांग्रेस पार्टी के अशोक शर्मा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंजीत सरदार एवम राजद के रविंद्र बडाइक तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल परिसर से बाईक की चोरी

गुमला।थाना क्षेत्र के फोरी सुगीटोली गांव निवासी सुरेंद्र कुमार यादव के बाईक की चोरी सदर अस्पताल परिसर से शुक्रवार को हो गई। सुरेंद्र कुमार यादव बाईक से मरीज लेकर अस्पताल आया था। मरीज को इलाज के लिए अंदर लेकर चिकित्सकों के पास गया। इलाज कराने के बाद जब वह बाहर निकला तो उसका बाईक अस्पताल परिसर से गायब था। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में बाईक ले जाने की तस्वीर कैद हुई है। वहीं सुरेंद्र कुमार यादव ने घटना की शिकायत गुमला थाना में भी की है।

### महिला हिंसा के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

सिसई। महिला हिंसा के विरोध में शुक्रवार को सिसई में महिलाओं के द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर से निकाला गया जो मेन रोड, थाना रोड होते थाना परिसर तक पहुंचा। कैंडल मार्च का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनीला खलखो कर रही थी। सभी महिलाएं ने अपने हाथों में मोमबत्ती लेकर महिला उत्पीड़न,घरेलू हिंसा, बाल विवाह, लिंग आधारित हिंसा को रोकने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनीला खलखो ने कहा कि आज समाज बहुत आगे निकल गया है फिर भी बहुत ऐसे लोग हैं जो रूढ़िवादी विचारधारा के चलते महिलाओं का शोषण कर रहे हैं। जिससे सभी को मिलकर ऐसे सोच को खत्म करना है और नए समाज में स्त्री और पुरुष के बीच समानता लाने का संकल्प लिया।

### अलबर्ट एक्का के शहादत दिवस पर कार्यक्रम आज

गुमला। परमवीर चक्र विजेता लायंस नायक शहीद अलबर्ट एक्का का 51 वें शहादत दिवस पर 3 दिसंबर को उनके पैतृक गांव जारी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सैनिक कल्याण संगठन व जारी प्रखंड के ग्रामवासियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। जारी स्थित परमवीर अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी और मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### समाज कल्याण विभाग की एसडीओ ने की समीक्षा



गुमला। अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत चल रहे सभी कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी द्वार सभी योजनाओं की एक एक कर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या योजना एवम सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पर चर्चा करते हुए योजना के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के आवेदन का इंट्री करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान महिला पर्यवेक्षिका एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से आने वाली कठिनाइयों से अनुमंडल पदाधिकारी को अवगत करवाया । जिसका अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी , महिला पर्यवेक्षिका , बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के अलावा संबंधित विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

### छात्राओं को दी गई मानसिक समस्याओं की जानकारी



गुमला। मिशन बदलाव के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के संयोजक सह मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता नंदलाल साहू ने शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सिसई व गुमला में छात्राओं को विभिन्न तरह के मानसिक समस्याओं की जानकारी दी। नंदलाल ने बच्चियों को नकारात्मक विचार, ध्यान एकाग्रता में कमी, हिनता की भावना, पढ़ाई में मन नहीं लगना, अत्यधिक गुस्सा, चीढ़-चीढ़ापन, भूख की कमी, प्यास की कमी, नींद बाधित, आत्महत्या की विचार आना, अकेलापन, किसी काम में मन नहीं लगना, डर, फोबिया, मोबाईल अडिक्शन,अभिभावकों के साथ खुलकर अपनी बातों को रखना एवं छात्राओं और टीचर्स के बीच अच्छी तालमेल आदि विषयों पर कॉउंसलिंग किया गया। नंदलाल साहू ने कहा किसभी छात्रों और शिक्षकों का समन्यव सकारात्मक हो जाय तो स्कूलों का माहौल भी अच्छा रहेगा और छात्र टीचर को अपनी बात बताएंगे।

### बच्चे शिक्षित होंगे तो अंधविश्वास होगा खत्मः थाना प्रभारी

चैनपुर। मालम नवाटोली गांव के आर सी मध्य विद्यालय में चैनपुर पुलिस के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बच्चों के बीच समाज में फैल रही कुरीतियों को विस्तार पूर्वक समझाया गया। मौके पर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि आप आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। आज गांव में डायन बिसाही जैसे कई मामले सामने आते हैं। यह सब एक अंधविश्वास है। आप शिक्षित होंगे तभी अपने समाज से इस तरह के अंधविश्वास को जड़ से खत्म कर पाएंगे। आप अपनी पढ़ाई में निरंतर ध्यान दे। आगे चलकर अपने गांव व विद्यायल का नाम रौशन करें।

# जमशेदपुर पूर्व की बस्तियों को चमकायेगी टाटा स्टील यूआइएसएल

➲ विधायक सरयू राय ने जुस्को एमडी संग की बैठक, महत्वपूर्ण सुविधा पर बनी सहमति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में विगत अनेक वर्षों से लंबित जन-सुविधा परियोजनाओं पर शीघ्र कार्य आरम्भ करने एवं समय सीमा के भीतर इन्हें पूरा करने के लिये टाटा स्टील युटिलिटिज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (पूर्ववर्ती जुस्को) के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक रितुराज से मिला। उनके एवं अन्य अन्य अधिकारियों के साथ संतोषजनक लंबी वार्ता हुई।

वार्ता के पश्चात विधायक सरयू राय ने बताया कि विद्युत आपूर्ति के संबंध में तीन बिन्दुओं पर सार्थक विमर्श हुआ। एक, जमशेदपुर के विभिन्न गैरकंपनी इलाकों में कंपनी द्वारा विद्युत आपूर्ति करने के बारे में, दूसरा, जमशेदपुर के गैर-कंपनी इलाकों में जिस समय झारखंड सरकार की कम्पनी जेबीभीएनएल से कम बिजली मिलती है, लोड शेडिंग के कारण लाईन कटते रहती है उस समय बिजली की कमी को पूरा करने के लिये टाटा स्टील की कंपनी टीएसयूआईएल से बिजली लेने के बारे में और तीसरा केबुल कंपनी इलाके में सभी घरों में टाटा स्टील का सीधा बिजली कनेक्शन देने के बारे में।

एमडी रितुराज ने बताया कि कंपनी ने सभी इलाकों में बिजली देने के लिए अधोसंरचना का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण शुरू कर दिया है। बागुन नगर के घरों में बिजली आपूर्ति क्षमता के विस्तार का काम जारी है। इसके लिए वहाँ नई पावर सबस्टेशन संरचना खड़ा करने पर काम चल रहा है। इसका विस्तार बागुनहातु, बारीडीह मोहरदा-मुराकाटी इलाके तक होगा। मोहरदा में नया पावर स्टेशन लगाकर घरों में बिजली देने का सर्वे पूरा हो गया है, काम शुरू हो रहा है। बर्मामाइंस के विनोवा आश्रम क्षेत्र में बिजली-पानी की व्यवस्था पर काम चालू है। छायानगर, निर्मल नगर इलाकों में भी नया सबस्टेशन बनाने की बाधायें दूर हो गई हैं।

इसी तरह गैरकम्पनी इलाकों में पीक पीरियड में बिजली की सरकारी आपूर्ति में कटौती होने पर कमी पूरी करने के लिए कंपनी बिजली देने के लिये तैयार हो गई है। इसके लिए कंपनी की ओर से जल्द ही एक ठोस तकनीकी प्रस्ताव सरकार के विद्युत जीएम, जमशेदपुर को सौंपा जाएगा।



सरयू राय, जमशेदपुर विधायक।

**केबुल इलाके में घर-घर बिजली देगी कंपनी :** टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज ने विधायक को बताया कि कंपनी केबुल इलाके में घर घर बिजली कनेक्शन देने के लिए तैयार है। इसके लिये निधि की व्यवस्था भी स्वीकृत हो गई है। टाटा स्टील के लीगल (विधिक) कोषांग से प्रतिवेदन प्राप्त होते ही एकमुश्त बिजली देने की वर्तमान व्यवस्था को बदलकर इसकी जगह घर घर कनेक्शन देने की व्यवस्था होगी। बैठक में गैर कंपनी इलाकों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के बारे में गहन विमर्श हुआ। कंपनी की ओर जानकारी दी गई कि से अब तक छुटे हुए इलाकों में पेयजल की आपूर्ति करने की योजना की स्वीकृति मिल गई है और निधि की व्यवस्था भी हो गई है। योजना पर काम शुरू करने के लिए जरूरी पाईप आदि आवश्यक सामानों की खरीद करने की चरणबद्ध प्रक्रिया आरम्भ हो गई है, प्रक्रिया प्रगति पर है। महीना-डेढ़ महीना में काम शुरू हो जाएगा। इसमें भुईयाडीह ब्राह्मण टोला में जल निकासी की योजना, बाबूडीह, लाल भट्ठा, स्लैग बस्ती, इंदर सिंह बस्ती तथा जोजोबेडा आदि इलाके में लागू होने वाली पेयजलापूर्ति की योजनाएं शामिल हैं। एमडी ने विधायक को बताया कि मोहरदा पेयजलापूर्ति की सभी टंकियों की 12 वर्ष बाद सफाई करने का काम पूरा कर लेने के बाद जमशेदपुर के लीज क्षेत्रों की तरह मोहरदा, बारीडीह, बागुनहातु, बागुन नगर, बिरसा नगर में भी स्वच्छ जलापूर्ति करने और परियोजना को सुदृढ करने एवं विस्तारित करने का काम प्रगति पर है।

**नालों में सिवरेज नहीं गिरे इसके लिए जेएनएसी और यूआइएसएल बनायेंगे प्लान :** जमशेदपुर के विभिन्न इलाकों से गुजर रहे करीब आधा दर्जन बड़े नालों की सफाई करने, इन नालों में घरों के सिवरेज नहीं गिरे इसकी व्यवस्था करने तथा नालों का पानी मुहल्लों में नहीं घुसे इसके लिए जेएनएसी से मिलकर योजनाएँ बनाने पर भी वार्ता हुई ताकि जमशेदपुर को बेहतर और स्वच्छ शहर बनाया जा सके और यहाँ का जनजीवन बेहतर किया जा सके।

**कंपनी, जेएसइबी और जेएनएसी की बनेगी समन्वय समिति :** विधायक ने सुझाव दिया कि बिजली, पानी, सड़क, सफाई आदि जनसुविधाएं बेहतर हो सकें इसके लिए कम्पनी, सरकार का बिजली विभाग और जेएनएसी मिलकर समन्वय समिति बने जिसकी नियमित बैठकें हों। इस कार्यकारी समन्वय की दिशा में मेरा प्रयत्न जारी है ताकि 20-25 वर्षों से लंबित पड़े हुए कार्यों को जनहित में त्वरित गति से पूरा किया जा सके।

विधायक ने बताया कि इस बारे में परसों बिजली विभाग के सचिव श्री अविनाश कुमार से उनकी वार्ता उनके कार्यालय में हुई। उन्होंने जीएम विद्युत, जमशेदपुर से भी दूरभाष पर बात किया और निर्देश दिया कि कंपनी की बिजली इस्तेमाल करने के संबंध में तकनीकी अड़चनों का निष्पादन करें, कंपनी के साथ संयुक्त प्रस्ताव तैयार कर सरकार के विचारार्थ शीघ्र भेजें।

## स्पीड न्यूज

### एसएसपी ने पुलिसकर्मियों के बीच किया हेलमेट वितरण



टाटा स्टील के सौजन्य से प्राप्त हेलमेट को वरीय पुलिस अधीक्षक, ने शुक्रवार को पुलिस केंद्र गोलमुरी में पुलिस पदाधिकारी /कर्मियों के बीच वितरित किया। एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को नियमित रूप से हेलमेट पहन कर ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया।



### गोराई समाज का चौथा स्थापना ओल्ड एज होम में मनाया गया

**जमशेदपुर।** गोराई (तेली) कुलु समाज कल्याण केंद्रीय समिति जमशेदपुर झारखंड के केंद्रीय अध्यक्ष दयाल गोराई की अध्यक्षता में शुक्रवार के दिन गोराई समाज के चौथे स्थापना दिवस पर बाराद्वारी ओल्ड एज होम आशीर्वाद भवन (नियर एपेक्स अस्पताल) में रह रहे बुजुर्गों माता-पिता के साथ मिलकर केक काटकर सभी सदस्यों ने स्थापना दिवस मनाया। साथ ही वहां के संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन को सहयोग राशि के रूप में 10,000 रुपये दिये गये। इसके बाद वहां रह रहे परिवारवालों के साथ सभी सदस्यगण शामिल होकर चाय नाश्ता और केक का आनंद लिया। मौके पर महासचिव राजू गोराई, कोषाध्यक्ष संतोष गोराई, मीडिया प्रभारी करन गोराई, जितेंद्र गोराई, प्रदीप गोराई, मालती गोराई, महेश्वर गोराई, संदीप गोराई, सुदेश गोराई, भागीरथ गोराई, राजू गोराई, महाबीर गोराई, गणेश गोराई, बिहारी गोराई, भरत गोराई आदि शामिल हुए।

### गम्हरिया : वीमेंस कॉलेज की छात्रा लापता

**गम्हरिया।** गम्हरिया प्रखंड के मुड़िया पंचायत अंतर्गत हाथीटांड़ निवासी प्रशांत कुमार महतो की पुत्री श्वेता महतो विगत 29 नवंबर से लापता हो गयी है। इस मामले में युवती के पिता ने सीनी निवासी आशीष प्रमाणिक पर पुत्री को जबरन अपहरण कर लेने की शिकायत सरायकेला पुलिस से करते हुए अपनी पुत्री को सुरक्षित वापस लाने की गुहार लगाई है। इस बाबत उन्होंने शुक्रवार को पद्मश्री छुटनी महतो से भी मिलकर मदद की अपील की। प्रशांत ने बताया कि उनकी पुत्री जमशेदपुर में रहकर ही वहीं वीमेंस कॉलेज में पढ़ती है। बीते रविवार चार दिसंबर को पुत्री को देखने लड़के वाले आने वाले थे। इसलिए वे 29 नवंबर को उसे लाने गये थे, जहां पता चला कि शाम को ही वह निकल चुकी है। काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चलने पर शुक्रवार को वे अपनी पत्नी के साथ पद्मश्री छुटनी महतो के पास पहुंच घटना की जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगायी। पद्मश्री छुटनी महतो ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। दूसरी ओर, आरोपी युवक आशीष द्वारा भी सीनी ओपी में आवेदन देकर अपने ऊपर लगे आरोप को गलत बताते हुए दोनों स्वेच्छा से शादी करने की जानकारी दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आज मंत्री और विधायक करेंगे जुगसलाई आरओबी का निरीक्षण

**जमशेदपुर।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं विधायक मंगल कालिंदी शनिवार को दोपहर 1 बजे जुगसलाई आर ओ बी के कार्य प्रगति का निरक्षण करेंगे। ज्ञात हो कि जुगसलाई की जनता दशकों से रेल ओवरब्रिज के लिए प्रतीक्षारत है। आरओबी का कार्य प्रारंभ होने के बाद रुक गया क्योंकि कई तरह की समस्या थी जब मंत्री बन्ना गुप्ता के संज्ञान में यह बात आई तो उन्होंने आरओबी का औचक निरक्षण किया। फिर जो समस्या थी, सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बुलाकर दिशानिर्देश दिया। जुस्को को आग्रह कर स्थानीय घरों को शिफ्ट करवाया गया। बिजली विभाग को कहकर ट्रांसफार्मर शिफ्ट करवाया गया। पथ निर्माण विभाग को कहकर संवेदक की जो नक्शे की संचिका लंबित थी, उसका निष्पादन करवाया गया।

## मानगो फ्लाई ओवर निर्माण पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने देखा पावर प्रजेंटेशन

# फ्लाई ओवर निर्माण की दिशा में एक कदम और आगे बढ़े मंत्री बन्ना गुप्ता

■ रांची में टाटा स्टील, जुस्को और सरकारी उच्चाधिकारियों संग की बैठक

■ मानगो में मंत्री और उच्चाधिकारी रविवार को करेंगे उच्च स्तरीय दौरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विरोधी दलों के व्यंग्य और उपहास को दरकिनार करते हुए जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता मानगो को यातायात जाम से मुक्ति दिलाने के लिए अपने ड्रीम प्रोजेक्ट फ्लाई ओवर को धरातल पर उतारने की दिशा में एक-एक चरण आगे बढ़ रहे हैं। इसी चरणबद्ध तरीके से चलते हुए झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने विधानसभा क्षेत्र मानगो को जमशेदपुर से जोड़ने के लिए करीब 500 करोड़ की लागत से बनने वाले फ्लाई ओवर को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जुस्को के प्रणय सिन्हा, सीनियर जनरल मैनेजर कैप्टन धनंजय मिश्रा, अमित सिंह, आरसीडी के चीफ इंजीनियर अमित सिंह, सीडीओ राजेश कुमार सिंह, हेम्ब्रम जी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बता दें कि फ्लाई ओवर के लिए बजट झारखंड सरकार के कैबिनेट में मंत्री पहले ही पास करवा चुके हैं।



रांची में पावर प्रजेंटेशन के दौरान बन्ना गुप्ता, जुस्को के प्रणय सिन्हा, कैप्टन धनंजय मिश्रा और रोड कंस्ट्रक्शन डिवीजन के अधिकारीगण।

बैठक में मानगो फ्लाई ओवर के कार्य को गति देने के लिए विस्तृत चर्चा की गई, इसमें फ्लाई ओवर निर्माण को प्रजेंटेशन के माध्यम से दिखाया गया, मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने फ्लाई ओवर निर्माण की सभी बारिक और महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए उसके प्रगति रिपोर्ट पर अंतिम अध्ययन किया। बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक बन्ना गुप्ता ने बताया कि रविवार को टाटा स्टील, जुस्को, आरसीडी के अधिकारियों का दल और जिला प्रशासन की टीम मंत्री बन्ना गुप्ता के नेतृत्व में मानगो फ्लाई ओवर निर्माण स्थल समेत अन्य जगहों का दौरा करेगा। उन्होंने बताया कि सभी प्रकिया को पूर्ण कर जल्द ही फ्लाई ओवर निर्माण का कार्य शुरू होगा और तय समय सीमा पर जमशेदपुर की जनता को इसका लाभ मिलेगा। बता दें कि फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य दो साल के भीतर पूरा कराने का लक्ष्य लेकर मंत्री चल रहे हैं।

## श्रीनाथ विवि के आइटी डिपार्टमेंट के छात्रों ने किया ऑटो कलस्टर भ्रमण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** शुक्रवार 2 दिसंबर को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विवि के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ऑटो क्लस्टर आदित्यपुर का भ्रमण किया गया। विद्यार्थी यहां एक कार्यशाला में भी सम्मिलित हुए कार्यशाला पीएचपी के ऊपर थी। यहां श्री मनु कुमार आईटी हेड से विद्यार्थियों ने संपर्क साधा। विद्यार्थियों को श्री मनु कुमार ने पीएचपी कंपूटर की जानकारियां छात्रों के साथ साझा किया। मनु कुमार ने करियर गाइडेंस के अलावा कुछ प्रोजेक्ट के ऊपर भी छात्रों को जानकारियां दी। विद्यार्थियों ने उनसे कई प्रश्न भी पूछे जिनका मनु ने जवाब दिया। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक देव ज्योति घोष, शशिकांत सिंह, सुश्री तनुप्रिया श्री प्रशांत कुमार इस कार्यशाला मे सम्मिलित हुए। मीडिया से बात करते हुए छात्रों ने कहा कि यह कार्यशाला उनके कैरियर के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध हुई है।

## अखिल भारतीय इंटर एनआइटी टूर्नामेंट में जमशेदपुर का परचम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जयपुर और सिलचर में आयोजित अखिल भारतीय इंटर एनआईटी टूर्नामेंट 2022 में एनआईटी जमशेदपुर के छात्र छात्राओं के शानदार जीत पर आज संस्थान में सभी विजेता खिलाड़ियों का पूरे हर्षोल्लास के साथ संस्थान के निदेशक डॉ कमलेश कुमार शुक्ला एवं कुलसचिव कर्नल डॉ निशीथ कुमार राय ने भव्य एवं शानदार स्वागत किया। उक्त टूर्नामेंट में संस्थान के कई छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है विदित है कि एनआईटी जयपुर एवं सिलचर में आयोजित तीन दिवसीय टूर्नामेंट में देशभर के 21 एनआईटी के छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया जिसमें एनआईटी जमशेदपुर के सुशांत झा (पुरुष वर्ग) एवं निक्की कुमारी (महिला वर्ग) में जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीत कर राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड बनाया।





इंटर एनआइटी टुर्नामेंट में भाग लेकर आयी टीम के विजेता सदस्य निदेशक डा केके शुक्ला के साथ।

## प्रशासन ने वोटर कार्ड से आधार लिंक कराने में राजनीतिक दलों से मांगी मदद

■ डीसी विजया जाधव ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक

■ कहा-मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को हर मतदाता तक पहुंचना है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 9 नवंबर से 8 दिसंबर तक जिले में चलाये रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 को जनभागीदारी का रूप देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। थर्ड जेंडर, सेक्स वर्कर, 80+ आयु वर्ग, दिव्यांगजन, आश्रय गृहों में निवास करने वाले व्यक्ति के लिए समावेश सप्ताह हो या विश्व दिव्यांगता दिवस पर जिला स्तरीय विशेष कैंप, जिला प्रशासन का प्रयास है कि सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकरी विजया जाधव ने अपने कार्यालय कक्ष में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर इस अभियान को जनभागीदारी का रूप देने में सहयोग की अपील की गई। अनुरोध किया कि अपने कार्यकर्ताओं के साथ उन सभी के परिजनों को भी, जिनका नाम किसी कारणवश अबतक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया हो वे इस अभियान से जुड़कर अपना नाम मतदाता सूची में जरूर दर्ज करायें। साथ ही नुक्कड़, सभा या जहां भी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी/कार्यकर्ता उठते-बैठते हों वहां आमजनों एवं आसपास के लोगों को भी जिला प्रशासन की भावनाओं से अवगत कराने को कहा।



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक करतीं उपायुक्त।

## बीओआई के जेडएम ने की डीसी विजया जाधव से शिष्टाचार मुलाकात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव से उनके कार्यालय कक्ष में बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर, जमशेदपुर जोन श्री अनुज कुमार अग्रवाल ने शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान उपायुक्त ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकों की भूमिका, जिला प्रशासन को अपेक्षित सहयोग तथा कुछ बैंकों द्वारा बरती जा रही शिथिल रवैये से अवगत कराया जिसपर जोनल मैनेजर ने अपेक्षित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई जिनमें आदिम जनजाति सबर एवं बिरहोर के वैसे लाभुक जिनके पास बैंक खाता अभी तक नहीं है, वैसे सभी प्रखंडो में बीडीओ से समन्वय स्थापित करते हुए कैम्प मोड में बैंकों द्वारा खाता खुलवाने की बात कही गई। उपायुक्त ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जिले में निवासरत 5259 आदिम जनजाति परिवारों के 20178 सदस्य में से करीब 6035 लाभुकों को ही पेंशन योजना का लाभ मिल पा रहा है । उन्होने सबर एवं बिरहोर परिवारों के बच्चों के भी बैंक खाता खोलने की बात कही ताकि छात्रवृत्ति की राशि उन्हें प्रदान की जा सके।



## बास्केट बॉल के रोमांचक मैच का गवाह बन रही लौहनगरी

➲ विद्या भारती चिन्मया में अंडर-19 के स्टूडेंट दिखा रहे अपनी प्रतिभा

■ सीबीएसई क्लस्टर-3 बास्केट बॉल (अंडर-19 लड़के और लड़कियां) टूर्नामेंट 2022 की चार दिवसीय प्रतिस्पर्धा का दूसरा दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, (टेल्को जमशेदपुर) में सीबीएसई क्लस्टर-3 बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट 2022 के चार दिवसीय प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन बास्केट बॉल कोर्ट 1 के **पहले मैच** में कैरली स्कूल, रांची का सामना गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, बोकारो से हुआ जिसमें गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, बोकारो ने अपनी जीत दर्ज की।

**दूसरा मैच** सेंट माइकल स्कूल, पटना और जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के बीच हुआ, जिसमें सेंट माइकल स्कूल, पटना विजयी रहा। **तीसरा मैच** केरला पब्लिक स्कूल, बमार्माईस और विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, टेल्को(अंडर-19 लड़कियों) के बीच खेला गया, जिसमें केरला पब्लिक स्कूल, बर्मामाइंस ने जीत रेखांकित की। **चौथा मैच** जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली रांची और धनबाद पब्लिक स्कूल, धनबाद (अंडर-19 लड़कियों) के बीच खेला गया जिसमें धनबाद पब्लिक स्कूल विजयी रहा। **पांचवां मैच** में सेंट मैरीज इंग्लिश हाई स्कूल, जमशेदपुर और आर्मी स्कूल रामगढ़(अंडर-19 लड़कियों) के बीच हुआ, जिसमें सेंट मैरीज इंग्लिश हाई स्कूल, जमशेदपुर ने जीत हासिल की। समाचार लिखे जाने तक धनबाद पब्लिक स्कूल, धनबाद और सेंट मैरीज इंग्लिश हाई स्कूल, जमशेदपुर के बीच तथा विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, टेल्को और आर्मी स्कूल, रांची के बीच मैच जारी था।



चिन्मया स्कूल में चल रहे मैच का एक रोमांचक दृश्य।

**बास्केटबॉल** कोर्ट 2 में पहला मैच आर्मी स्कूल, रामगढ़ और ट्रिनिटी ग्लोबल, पटना के बीच खेला गया। जिसमें ट्रिनिटी ग्लोबल, पटना की टीम विजयी रही। दूसरा मैच एटॉमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल, तुरामडीह और केरला पब्लिक स्कूल,बमार्माइस के बीच खेला गया, जिसमें केरला पब्लिक स्कूल, बमार्माइस की टीम विजयी घोषित की गई। तीसरा मैच श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल, बोकारो और डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल, बोकारो टीम ने जीत हासिल की।

## एक नजर में

### डीबीएमएस कदमा में अंडर-19 वॉलीबॉल आज से



**जमशेदपुर।** डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल की मेजबानी में सीबीएसई क्लस्टर थर्ड बालक एवं बालिका (अंडर-19) अंतर स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आगाज 3 दिसंबर से होने जा रहा है जो पांच दिसंबर तक चलेगा। डीबीएमएस कदमा की प्रेसिडेंट ललिता चंद्रशेखर ने बताया कि चैंपियनशिप का उद्घाटन 3 दिसंबर की सुबह 9 बजे पूर्वी सिंहभूम की उपायुक्त विजया जाधव करेंगी। जहां डीबीएमएस कदमा के विद्यार्थी एक शानदार ड्रिल का प्रदर्शन भी करेंगे। शाम 6:30 बजे से प्रतिभागियों के लिए हमारे छात्र-छात्राएं रंगारंग कार्यक्रम पेश करेंगे जबकि रात 7:30 बजे से बड़ा खाना होगा। जिसमें सभी प्रतिभागी और उनके कोच एक साथ भोजन करेंगे। समापन 5 दिसंबर को अपराह्न 3 बजे होगा।

### 200 मीटर चल डीसी ऑफिस पहुंचे मेंटली हैंडिकैप्ड बच्चे



**जमशेदपुर।** पैरेंट्स एसोसिएशन ऑफ मेंटली हैंडिकैप्ड ऑफ जमशेदपुर के तत्वावधान में मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चे 200 मीटर वॉक कर जब डीसी कार्यालय परिसर पहुंचे तो उपायुक्त खुद उनका हौसला बढ़ाने उनके बीच आईं और उनकी विशेष प्रतिभा की जानकारी होने पर प्रशंसा की। कुछ बच्चे ऐसे थे जिन्होंने म्यूजिक में विशारद किया तो कुछ बच्चे खेल के क्षेत्र में जिले और राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया था। उपायुक्त से मिल सभी बच्चे काफी खुश थे। उन्होंने अपने हाथों से बनाया फूल व मोमबत्ती उपायुक्त को भेंट कर खुशी जाहिर की।

### घाटशिला के विभूति मंच पर लघु फिल्म प्रदर्शनी आज से





**घाटशिला।** क्रिएटिव आर्ट डिवीजन, घाटशिला एवं टेक 5 कम्युनिकेशंस, कोलकाता के संयुक्त प्रस्तुति व द लिटिल एंजेल स्कूल द्वारा प्रायोजित विजन 2022 (लघु फिल्म प्रदर्शनी) 3 एवं 4 दिसंबर को संध्या 5 बजे से विभूति मंच, कॉलेज रोड, घाटशिला में होने जा रही है। कार्यक्रम के प्रथम दिन में विभिन्न विद्यालयों के बच्चे शिरकत करेंगे। जिसमें कोलकाता के प्रख्यात फिल्म निर्देशक तथागत भट्टाचार्य बच्चों को विभिन्न फिल्मों के प्रदर्शन के साथ फिल्म निर्माण के तरीके एवं इनकी गतिविधियों के संबंध में चर्चा करेंगे। इस दौरान कुल 5 फिल्में प्रदर्शित की जायेंगी। फिर प्रख्यात जादूगर किंशूक मुखर्जी जादू का जलवा दिखायेंगे। द्वितीय दिन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कुल 10 फिल्में दिखाई जायेंगी जो कोलकाता जमशेदपुर सहित देश के विभिन्न फिल्म निर्माता एवं निर्देशक ने तैयार किया है। उक्त कार्यक्रम 3 घंटे की होगी।

### आरवीएस अकादमी में मना कंप्यूटर साक्षरता दिवस





**जमशेदपुर।** विद्यार्थियों को कंप्यूटर का महत्व बताने के लिए आरवीएस अकादमी, डिमना रोड, मानगो में विशेष सभा की गयी। विद्यालय के चेयरमैन बिंदा सिंह, प्राचार्या वीशा मोहिंद्रा, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें कंप्यूटर संबंधी तथ्य, प्रश्नोत्तरी और भाषण शामिल थे। गतिविधियां बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक थीं। चेयरमैन ने सभी से आग्रह किया कि कंप्यूटर की प्राथमिक जानकारी सभी को होनी चाहिए क्योंकि यह युग आधुनिक यंत्रों को समर्पित है खासकर कंप्यूटर जिसका उपयोग हर क्षेत्र में व्यापक रूप से देखने को मिल रहा है।

### विधायक मंगल कालिंदी ने किया कंबल वितरण



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार ठंड को देख जरूरतमंदों के बीच कंबल बांट रही है। इसी कड़ी में जुगसलाई विधानसभा के नप क्षेत्र के गरीब नवाज कॉलोनी में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने 160 जरूरतमंदों को कंबल दिया। विधायक ने कहा कि गरीब किसी जात या संप्रदाय का हो, हेमंत सरकार हर समय उनके दु:ख में सहभागी बनने को प्रयत्नशील है।

### रानी गुप्ता ने बिटिया की शादी में दी राशन सामग्री



**जमशेदपुर।** समाजसेवी रानी गुप्ता एवं सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति अध्यक्ष बिहार झारखंड एवं राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण जन कल्याण संगठन वरिष्ठ उप निदेशक जरूरतमंद कैलाश कॉलोनी हरिजन बस्ती बर्मामाइंस निवासी पिता का नाम काशीनाथ मुखी की पुत्री की शादी 4 तारीख को है जिसमें रानी से गुहार लगाई कि बेटी की शादी में कुछ मदद करें। रानी ने राशन सामग्री शुक्रवार को उनके माता-पिता के हाथ में देते हुए शुभकामनाएं और बधाई दी। जहां जसवीर कौर, रीना कुमारी, रेनू कुमारी, सुमन, आदि महिलाएं भी थीं।

### आदिवासी उवि उलीडीह में सांसद बनवायेंगे दो कमरे



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को आदिवासी जनकल्याण उच्च विद्यालय में जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो ने सांसद निधि से दो कमरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया और अपने संबोधन में समाज को शिक्षित और सशक्त बनाने में विद्यालय की भूमिका के बारे में बताते हुए आगे भी यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। शिलान्यास कार्यक्रम में उलीडीह मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान, विकास सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह, राकेश सिंह लोधी, पवन राय, जीतू गुप्ता, प्रमोद मालाकार, राहुल कुमार,कैलाश बिरूआ, सरजू बास्के के अलावा विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उलीडीह थाना प्रभारी विनोद टुडू एवम पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### विकास में सबको भागीदारी दिलाने के लिए राजनीति में आया हूं : मनोज सिंह



**मेदिनीनगर।** समाज के सभी तबके तक विकास की धारा पहुंचाने के लिए राजनीति में आया हूं। राजनीति मेरे लिए व्यवसाय नहीं है बल्कि सेवाभाव है। यह कहना है भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का। श्री सिंह शुक्रवार को वार्ड नंबर पांच में घर घर यात्रा के तहत जनसंपर्क में बोल रहे थे। उनके साथ धर्मेंद्र यादव, रामदाश मांझी, सहेंद्र पासवान, रिंकू मेहता, सत्येंद्र यादव, मुकेश मेहता, मोहमद शेरा, सुधीर पासवान आदि थे।

### पाटन : बरवाडीह-लातेहार के बीच हुआ मैच



**पाटन पलामू।** प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मैच का खेल जंक्शन बरवाडीह एवं लातेहार के बीच खेला गया। जिसका शुभारंभ सगुना मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, किशुनपुर स्वास्थ्य विभाग के कंपाउंडर लालदेव मेहता एवं भाजपा मीडिया प्रभारी सह पूर्व पंसस प्रत्याशी चंदन दुबे ने किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि खेल से जहां एक और आपसी भाईचारा का पैगाम जाता है। वहीं दूसरी ओर समाज को एक सूत्र में बांधकर रखने का संदेश भी देता है। मौके पर किशुनपुर पंचायत के गणमान्य लोगों के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

### मिर्जा खलील बेग के निधन पर शोकसभा



**मेदिनीनगर।** ज्ञान मंदिर स्कूल परिसर में परिमल प्रवाह व राष्ट्रीय सेवा मंच ने शायर मिर्जा खलील बेग के निधन पर श्रद्धांजलि सभा की। जिसमें जिला के साहित्यकारों ने निधन को साहित्य व समाज का अपूरणीय क्षति बताया। कहा कि वे जीवन पर्यन्त साहित्य व सामाजिक सौहार्द्र के लिए काम करते रहे। वक्ताओं ने उनके परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट किया। मौके पर प्रो सुभाषचंद्र मिश्र, विजय शुक्ल, हरिवंश प्रभात, श्रीधर द्विवेदी, रविशंकर पांडेय, रमेश सिंह, प्रियरंजन पाठक, उमेश पाठक 'रेणु', सत्यनारायण तिवारी, विजय शंकर मिश्र, परशुराम तिवारी थे।

### पिकअप ने लूना में मारी टक्कर, एक की मौत



**हुसैनाबाद, पलामू।** जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग वार्ड चार नागबाबा गम्हरिया के समीप गुरुवार की रात्रि करीब 8 बजे पेट्रोलियम पिकअप टैंकर ने एक टीवीएस छोटा बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें लूना सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नरेंद्र सिंह (32) पिता स्व बल्लू सिंह कमगापुर निवासी बताया गया है। मौके पर हुसैनाबाद थाना सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल भेज दिया और पिकअप टैंकर को हुसैनाबाद थाना लाया है।

### पदयात्रा में शामिल हुए बिट्टू पाठक



**पांडू पलामू।** पलामू जिला में कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा लगातार जारी है। शुक्रवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की भारत जोड़ो यात्रा में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक उपस्थित हुए। अध्यक्षता पांडु प्रखंड अध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत कजरू पंचायत से होते पिपरा, मुरुमतु, घासीदाह पंचायत तक की गयी। बिट्टू पाठक ने कहा कि देश में नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है। यात्रा में प्रदेश प्रतिनिधि हसन जैदी, पांडू प्रखंड प्रभारी इंदु भगत, संतोष चौबे, चिंतामणि तिवारी, देवांद शुक्ला, शैलेश मेहता, सुनील कुमार शुक्ला, श्याम दुलार शुक्ला, डबलू शुक्ला, सुनील पांडे, डॉ एजुल अंसारी, मुख्तार अंसारी थे।

### भाकपा माओवादी मना रहे पीएलजीए सप्ताह



**मेदिनीनगर।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी पीएलजीए सप्ताह मना रहा है। इसके तहत वे काफी खूंखार तेवर में हैं। इस दौरान नक्सली किसी भी घटना को अंजाम देने की फिराक में रहते हैं। माओवादियों ने सप्ताह के पहले ही दिन पलामू जिला के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में पोस्टर चिपका कर अपनी उपस्थिति को दर्ज कराया है। पलामू में माओवादी के पीपुल्स लिबरेशन ऑफ गुरिल्ला आर्मी पीएलजीए सप्ताह के कारण पुलिस अधीक्षक ने अलर्ट जारी किया है। इधर, नक्सलियों ने इस दौरान स्थापना सप्ताह के पहले ही दिन नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पंचायत के इलाके में पेड पर पोस्टर चिपकाया है।

### आयुक्त के निरीक्षण में गायब लिपिक सस्पेंड

**मेदिनीनगर।** राजकीय बालिका प्लस टू उवि, मेदिनीनगर (केजी स्कूल) के लिपिक प्रीतम कुमार को निलंबित कर दिया गया है। आयुक्त जटा शंकर चौधरी के औचक निरीक्षण के समय बिना सूचना विद्यालय से अनुपस्थित मिले लिपिक प्रीतम कुमार को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने निलंबित किया है। इससे संबंधित पत्र भी उन्होंने जारी किया है। आयुक्त के निरीक्षण के समय क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक शिव नारायण साह, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार भी थे। निरीक्षण के समय लिपिक बिना सूचना विद्यालय से अनुपस्थित पाये गये थे। अनुपस्थित लिपिक के अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी थी। उनके छुट्टी से संबंधित कोई आवेदन भी प्राप्त नहीं हुए थे।

### हरिहरगंज : खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता छात्र छात्राओं को मिला पुरस्कार



**हरिहरगंज पलामू।** शहर स्थित सीता प्लस टू उवि में शुक्रवार को खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विजेताओं को मेडल देते हुए प्राचार्य गोपाल शरण राणा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में 1500 मीटर तथा 3000 मीटर दौड़ के प्रथम छोटू कुमार, 200 मीटर दौड़ के प्रथम आकाश कुमार, गोला फेंक की द्वितीय पिंकी कुमारी तथा भाला फेंक में द्वितीय स्थान पाने वाले ऋतिक रोशन शामिल हैं। इस दौरान क्या हाल है के खेल शिक्षक अर्जुन पासवान को भी सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक अजय राय, ओरेंद्र यादव, डॉ राजकुमार, कन्हैया सिंह सुप्रिया रंजन भारती, योगेंद्र राम, कुमार संतोष आदि उपस्थित थे।

# गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, संवेदक गुणवत्तापूर्ण करें कार्य, नहीं तो कार्रवाई

➲ नगर निगम में हो रहे विकास कार्यों पर सख्त हुईं महापौर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर महापौर सख्ती दिखाते हुए कहा है कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।यदि कोई भी संवेदक विकास कार्य में लापरवाही बरतते हैं तो उसकी जांच करा कर संवेदक के ऊपर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने संवेदकों को आगाह करते हुए कहा है कि अपने कार्य में गुणवत्ता लायें। महापौर अरुणा शंकर ने आज एक बार फिर सारे निगम के संवेदको को जो निगम के कार्यों में गुणवत्ता नहीं बरत रहे उन्हें आगाह करते हुए कहा कि निगम में घटिया काम बर्दाश्त नहीं कि जायेगी। उन्होंने कहा कि एक दो दिनों के अंदर टीम गठित कर कार्यों का निरीक्षण स्वयं करूंगी। जिनके कार्यों में गुणवत्ता की कमी पाई जायेगी उस संवेदक को ब्लैक लिस्ट के साथ ही साथ अगर भुगतान कर दिया गया है तो राशि की रिकवरी भी की जायेगी।



अरुणा शंकर, महापौर, मेदिनीनगर।

महापौर ने निगम के नागरिकों से अपील की है कि जहां भी कार्य चल रहा है या हो चुका है और संवेदक ने घटिया काम किया है, तो तुरंत इसकी जानकारी मुझे 9153964344 पर शिलापट्ट और कार्यस्थल का फोटो तथा शिकायत पत्र के साथ मुझे व्हाट्सएप करें। शिकायतकर्ता को गुप्त रख निश्चित कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने संवेदकों को आगाह किया है कि निगम को चारागाह न समझें। चाहे जितना भी रसूख वाले संवेदक होंगे उनपर निश्चित कार्रवाई होगी। वैसे संवेदक जो आजकल 15 से 20प्रतिशत नीचे जाकर काम ले रहे हैं और घटिया काम कर निकल जाना चाहते हैं। उनके लिए निगरानी टीम बनायी जायेगी। ताकि हमें पता चल सके कि निगम का एस्टीमेट ज्यादा बन रहा या लोग घटिया काम कर निकल जाना चाहते हैं।

# विश्रामपुर : सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने को लेकर ग्रासिम ने निकाली प्रभात रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नप के रेहला स्थित ग्रासिम औद्योगिक संस्थान में शुक्रवार को नेशनल पॉल्यूशन प्रिवेंशन डे पर 150 संस्थान कर्मी के साथ वरिष्ठ पदाधिकारी तथा आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के सैकड़ों बच्चों ने बैनर पोस्टर के साथ प्रभात रैली निकाली। इसमें प्रतिबंधित सिंगल प्लास्टिक यूज के इस्तेमाल से पूर्णतः परहेज करने का संकल्प लिया गया। साथ ही जनसामान्य को भी इसके इस्तेमाल नहीं करने का संकल्प लेने के लिए प्रभात रैली के माध्यम से जागरूक किया गया।

### कभी भोपाल में गैस रिसाव से गयी थी हजारों की जान



संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों ने दो दिसंबर 84 की रात भोपाल में गैस रिसाव से हजारों निरपराध की जान गई। विश्व के सबसे बड़ी औद्योगिक दुर्घटना से सबक लेकर पर्यावरण पर नित्य प्रति बढ़ रही खतरे से आगाह करते हुए संस्थान में सभी निर्धारित सुरक्षा मापदंड पालन करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि रेहला ग्रासिम औद्योगिक संस्थानों में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग निषिद्ध रखने के प्रबंधन के निर्णय को अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही ऊर्जा के श्रोतों का दोहन नहीं करने तथा बेवजह इस्तेमाल नहीं करने का संस्थान के उपस्थित शीर्ष पदाधिकारी ने आह्वान किया। पर्यावरण सुरक्षा पर ज्यादा तवज्जो दिया गया। दैनिक जीवन और अपने कार्यप्रणाली में प्लास्टिक के प्रयोग को निषिद्ध करने पर का संस्थान के एच आर हेड अजीत तिवारी ने सभी को संकल्प लेने को आग्रह किया। वहीं अकाउंट्स हेड शिवम पाठक ने पर्यावरण संरक्षण और अपने लिए सुरक्षा मानकों का शत प्रतिशत अनुपालन पर जोर दिया। वहीं पावर प्लांट हेड दीपक शर्मा ने सुरक्षा और संरक्षा के प्रति सबको सजग रहने की अपील की। इस महत्वपूर्ण आयोजन में रेहला ग्रासिम संस्थान के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों में महाप्रबंधक अमित माहेश्वरी, दिनेश पांडेय, प्रणव पांडा, सुजीत सिंह, अशोक सिंह, कुंदन कुमार व एबीपीएस के प्रिंसपल सुनील खन्ना आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# जागरूकता ही फाइलेरिया से समुचित बचाव : डॉ शशिभूषण

■ पांकी विधायक ने किया फाइलेरिया से बचाव पर जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/नीलांबर पीतांबरपुर।** फाईलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हेतु जागरूकता अभियान का शुभारंभ पांकी भाजपा विधायक श्रीमान कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका +2 विद्यालय, नीलांबर-पितांबर पुर के प्रांगण में किये।

मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कस्तूरबा विद्यालय के बच्चियों को समझाते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। इस गंभीर बीमारी के प्रति सभी को सजग होने की जरूरत है। कहा कि चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने फाइलेरिया से बचाव हेतु दी जाने वाली दवा का हम सभी को लेनी चाहिए। साथ ही इससे बचाव हेतु अन्य निर्देशों का भी सख्ती से पालन करना चाहिए। फाइलेरिया एक कृमि के कारण होने वाली बीमारी है। यह मच्छर के काटने से फैलता है।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते पांकी विधायक।

दवा के सेवन के साथ-साथ अपने आसपास सफाई भी जरूर रखें। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका +2 विद्यालय की वार्डन फुल कुमारी, प्रखंड नीलांबर-पीतांबर पुर के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जीत वाहन सिंह, उप स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर राजीव रंजन, ब्लॉक डेटा मैनेजर नीलेश पांडेय, प्रो बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, प्रखंड तरहसी भाजपा के मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, रोशन सिंह, बजरंगी सोनी, राजकुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

विधायक चंद्रवंशी ने सहायक नगर आयुक्त के साथ लिया जायजा, कहा

# प्रजापति मोहल्ला में भेलवा नदी तट पर बनाया जायेगा गार्डवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप के वार्ड एक के प्रजापति मोहल्ला में भेलवा नदी तट पर गार्डवाल बनेगा। इसकी घोषणा पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। विधायक शुक्रवार को प्रजापति मोहल्ला पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने विधायक से भेलावा नदी तट किनारे गार्डवाल बनवाने की मांग की। जिसके बाद उन्होंने बिश्रामपुर नप के सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज को स्थल पर बुलवाया और स्थलीय जायजा लिया। उसके बाद उन्होंने गार्डवाल बनवाने की घोषणा की। मो प्रवेज ने विधायक को आश्वस्त किया कि प्रक्रिया पूरा करते हुए एक माह के अंदर गार्डवाल का कार्य शुरू हो जायेगा। विधायक श्री चंद्रवंशी ने ग्रामीणों के साथ बैठक भी की। बैठक में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी। जिसका समाधान भी विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी कराते गये। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, निवर्तमान पार्षद किरण शर्मा, शिवबंश मिश्रा, संतोष राम सहित कई लोग मौजूद थे।



ग्रामीणों के साथ बैठक करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी।

## कर्नल कप : देवरी कलां और हीरा सिकनी की टीम ने दर्ज की जीत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** पलामू हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में आज भी दो मैच खेला गया। पहला मैच कचरा बनाम देवरी कला खेला गया। जिसमें दोनों टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। खेल के आखिरी क्षणों में देवरी कलां के तरफ से विशाल ने गोलकर टीम को जीत दिलाया। वहीं आज के दूसरे मुकाबले में टूनामेंट में पहली बार खेल रही है हीरा सिकनी बनाम भगड़ा के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिला। दोनों तरफ खिलाड़ियों को गोल करने का कई मौका मिला लेकिन उस को गोल में तब्दील नहीं कर पाये। अंत में हीरा सिकनी टीम के रंजन के गोल की बदौलत 1झ0 से जीत दर्ज किया। मैच से पूर्व आज के मुख्य अतिथि पूर्व नगर अध्यक्ष छठन राम और सेवानिवृत शिक्षक गोवर्धन सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और उनका हौसला बढ़ाया।


## सतबरवा : पंससों के साथ बीडीओ की बैठक में लिये गये कई निर्णय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** पंचायत समिति सदस्यों की बैठक शुक्रवार को प्रखंड सभागार में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रीमा देवी ने किया जबकि संचालन बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने किया। बैठक शुरू होते ही उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर रौशन रंजन पाठक के बीच कोरोना काल के दौरान सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को क्षतिपूर्ति राशि की सूचना उपलब्ध नहीं कराने पर तू-तू मैं-मैं हुई। वहीं इसके उपरांत पलामू व चतरा सांसद प्रतिनिधि ने सतबरवा बाजार समिति की जमीन तथा सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप बड़का पत्थल स्थित श्मशान घाट जाने वाला रास्ता का जमीन कब्रिस्तान के जमीन कह कर अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए मापी करवाने के मांग किया। वहीं कई पंसस सदस्यों ने जनहित से जुड़े पेयजल, स्वास्थ, शिक्षा, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, राशन, सड़क समेत बुनियादी समस्याओं पर चर्चा की गई।

### आवास पूरा नहीं करनेवाले 87 लाभुकों पर जल्द किया जायेगा सर्टिफिकेट केस : बीडीओ



**उंटारी रोड, पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र में 87 लाभुकों पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) राशि लेकर आवास पूर्ण नहीं करने पर लाभुकों के विरुद्ध उंटारी रोड बीडीओ ललित राम ने निलाम पत्र वाद दर्ज करने को लेकर जिला निलाम पत्र पदाधिकारी को पत्र लिखा है। इस संबंध में बीडीओ ललित राम ने बताया कि वितीय वर्ष 2016-21 में इन लाभुकों को आवास मिला था, आवास निर्माण पूर्ण करने को लेकर इन्हें तीन बार नोटिस भी दिया गया था परंतु आवास निर्माण के कार्य को पूर्ण नहीं किया जा रहा है। आवास पूर्ण नहीं करने पर कुल 87 लाभुकों पर राशि वसूली को लेकर निलाम पत्र दर्ज किया जायेगा।

### मंत्री प्रतिनिधि रूद्र ने की खाद्य आपूर्ति की समीक्षा



**तरहसी पलामू।** तरहसी प्रखंड मुख्यालय ब्लाक परिसर के सभागार में खाद्य आपूर्ति विभाग के समीक्षा बैठक की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव के मंत्री प्रतिनिधि सह पांकी बिधान सभा के पूर्व प्रत्याशी रूद्र शुक्ला शामिल थे। बैठक में सीओ सह एमओ और तरहसी प्रखण्ड के सभी डीलर मौजूद थे। समीक्षा बैठक में मंत्री प्रतिनिधि रुद्र शुक्ला ने कहा कि तरहसी प्रखण्ड की आम जनता को खाद्य आपूर्ति का सीधा लाभ मिलेगा । किसी तरह की समस्या के समाधान के लिए वे मंत्री से सीधा वार्ता करेंगे। कहा कि खाद्य आपूर्ति मामले में दोषी पाये जानेवाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। कार्यक्रम में बिशेश्वर मेहता, राम कठिन पांडेय, संदीप मिश्रा, मनीष पाठक, पंचम पासवान, रौशन पांडेय, हरि नारायण यादव, गुड्डू पांडेय, आदित्य पांडेय समेत कई लोग शामिल थे।

### विश्रामपुर : अधिवक्ता सुधीर चौबे को भ्रातृशोक

**बिश्रामपुर (पलामू)।** पलामू जिला के वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर चौबे के भाई मिथलेश चौबे की मौत हृदय गति रुकने से हो गई। पैतृक गांव केतात से उनका अंतिम क्रियाकर्म हो रहा है। सूचना मिलने पर कई लोग अधिवक्ता सुधीर चौबे के पास पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट किया। शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, युवा कांग्रेसी नेता ज्ञानेंद्र पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू, नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय, सुनील पांडेय, अशोक सिंह, भृगुनाथ सिंह, आलोक चौबे, ललित चौबे सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## अवैध खनन रोकने को एसडीओ ने एसडीपीओ-सीओ संग की बैठक

>> सीओ पुलिस से समन्वय बनाकर करें कार्रवाई : एसडीएम



**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में अवैध बालू और पत्थर माइनिंग को रोकने को लेकर अनुमण्डल प्रशासन ने शिकंजा कस दिया हैं इसको लेकर शुक्रवार को अनुमंडल मुख्य सभागार में एसडीओ कमलेश्वर नारायन ने एसडीपीओ पूज्य प्रकाश एवं हुसैनाबाद एवं मोहम्मदगंज, हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी और सभी थाना के पुलिस अधिकारीयो के साथ बैठक किया। बैठक में सभी पदाधिकारियों से बारी बारी अद्यतन जानकारी ली। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद में पुलिस की मिली भगत से अवैध बालू का कारोबार चरम थाक्षेत्र क्षेत्र में इसको लेकर आम लोगों में चर्चा होती रही है जिसके बाद एसडीओ ने शिकंजा कसने को लेकर बैठक की।

### पांच को होगी जिला स्तरीय सब जूनियर कबड्डी चयन प्रतियोगिता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन 5 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से जीएलए कॉलेज डाल्टनगंज के मैदान में सब-जूनियर बालक/ बालिका कबड्डी चयन प्रतियोगिता रखा है। इसमें जिला के सरकारी, गैर सरकारी, स्कूल /क्लब के वैसे खिलाड़ी भाग लेंगे जिनका वजन 55 किग्रा से कम व जन्मतिथि 31-12- 2006 के बाद है। इसकी जानकारी पलामू डिस्ट्रिक्ट कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमला नंद दुबे ने दी।

### रिश्वतखोर राजस्व कर्मचारी को पांच वर्ष की सजा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के स्पेशल जज एंटी करप्शन अमरेश कुमार की अदालत ने रिश्वतखोरी के एक मामले में दोषी पाते हुए पिपरा अंचल के राजस्व कर्मचारी अवधेश प्रसाद सोनी उर्फ अवधेश सोनी को पांच वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

## हुसैनाबाद : बेनीकला मुखिया श्रवण राम के पिता का निधन

■ दाह संस्कार में सैकड़ों गणमान्य लोग हुए शामिल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बेनिकला पंचायत के मुखिया श्रवण राम के पिता कईल राम 72 वर्ष का गुरुवार को देर सांध्य लगभग 6 बजे अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गयी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को मुखिया जी के चाचा घर मे तिलक आया हुआ था घर मे सभी लोग उत्साह में आये हुए मेहमानों की आवभगत कर रहे थे और कईल राम भी तिलक की तैयारी कर कुर्सी पर बैठे हुए थे लेकिन कुदरत का खेल ऐसा हुआ कि थोड़ी ही देर में बैठे बैठे उनके सीने में दर्द हुआ और वे वही दम तोड़ दिए इसके बाद घर मे हित कुटुम सहित सभी लोगो मे पल भर में मौहाल चीख और चीत्कार में बदल गया। इधर, मुखिया के पितृशोक की लहर फैल गयी।

# तिरंगा से पटा शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक, आज मनेगा जन्मोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू का सिंगरा खुर्द स्थित शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक तिरंगा से पट गया है। सिंगरा समेत पलामू मां भारती के सपूत शहीद अनुराग शुक्ला के जन्मोत्सव पर देशभक्ति के रंग में सराबोर है। तीन दिसंबर को हर वर्ष की भांति लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का भव्य जन्मोत्सव मनाया जायेगा।

जहां 28 वें जन्मदिवस पर संध्या 4 बजे 28 पौंड का केक शहीद की मां उषा शुक्ला के द्वारा काटा जाएगा वहीं भोजपुरी सम्राट गोलू राजा अपने टीम के साथ सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक सोहर एवं देशभक्ति गीतों से शहादत को को नमन करेंगे। मौके पर पलामू सांसद समेत प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी। शहीद अनुराग के पिता जीतेंद्र शुक्ला ने बताया कि उनके पुत्र ने देश सेवा में अपना जान न्योछावर कर किर्तिमान गढ़ा है। उसकी किर्ति गाथा को पलामू देश भर तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला युद्ध प्रशिक्षण के दौरान अपने तीन साथियों की जान बचाने में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। ये उनकी मानवता का परिचय पलामू के रग रग में देशभक्ति का बयार बनकर बहेगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने में शिशिर शुक्ला, संतोष शुक्ला, आशीष भारद्वाज, राकेश तिवारी, एपी लकी की भूमिका अहम है।



सजाया गया शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक।

# समस्या की जांच कराने के बदले डीएसइ ने मांगा शिकायत पत्र

➲ मामला छतरपुर के कउवल मध्य विद्यालय का

**गजेंद्र कुमार**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में सरकारी विद्यालयों में पठन पाठन एवं मध्याह्न भोजन की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। जिस कारण सरकारी विद्यालय में बच्चों के नामांकन कराने से अभिभावक कतराते हैं। बावजूद अभिभावकों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने से लाचारी में अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाने पर मजबूर हैं। लेकिन विद्यालय प्रबंधन समिति एवं विद्यालय के शिक्षक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। कहीं मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी तो कहीं पठन-पाठन सुचारू रूप से संचालित नहीं किये जा रहे हैं तो कहीं संयोजिका व रसोइया के बीच सामंजस्य स्थापित नहीं होने से झगड़ा होता रहता है। इसी का एक ताजा उदाहरण छतरपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय कउवल में संयोजिका एवं रसोईया के बीच झगड़ा हो गया। जिसमें संयोजिका ने रसोईया पर गर्म खिचड़ी उझल दी। जिस कारण रसोइया गंभीर रूप से जलकर जख्मी हो गयी।



■ वहीं इस विद्यालय में वर्ग चार के बच्चे वर्ग दो के बच्चों को पढ़ाते हैं। मध्य विद्यालय कउवल में सरकार द्वारा बाथरूम शौचालय का निर्माण तो कराया गया है लेकिन प्रधानाध्यापक विनोदनारायण के द्वारा उसे बंद कर दिया गया है। जिस कारण छात्र-छात्राओं को खुले मैदान में शौच व पेशाब के लिए बाहर जाना पड़ता है। यहां तक कि विद्यालय के शिक्षिकाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बाबत जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार से पत्रकार द्वारा जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गयी तो जिला शिक्षा अधीक्षक ने उल्टा पत्रकार से ही शिकायत पत्र मांगा। उन्होंने कहा कि आप मुझे लिखित जानकारी दें तब हम जांच करायेंगे। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत मुझे कोई करेगा तभी तो हम जांच करायेंगे। जब उनसे पत्रकार द्वारा यह कहा गया कि बीइइओ से जांच कराई जाये तो उल्टा उन्होंने बीइइओ कौन हैं नाम बताने को कहा। डीएसइ को छतरपुर बीइइओ कौन है यह भी नहीं पता है।

स्पीड न्यूज

### दैनिक मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कतरास ।** रामकनाली ओपी क्षेत्र के सलानपुर बस्ती खटाल स्थित साइडिंग में दैनिक मजदूर पैरू भुइयां( 36) ने रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली ।एक माह पूर्व उसकी पत्नी अपने बच्चों को लेकर अपने मायके पश्चिम बंगाल के पांडेश्वर चली गई है। मृतक का दो पुत्र,एक पुत्री है ।सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया। इस संबंध में पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर लिया है।

### बीजीएच में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल में विश्व एड्स दिवस के दौरान अस्पताल के कर्मियोंए नर्सिंग स्कूल के छात्राओं एवं चिकित्सकों द्वारा समाज में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व एड्स दिवस का संदेश लिखित गुब्बारा छोड़ा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में बोकारो जनरल अस्पताल के चिकित्सकए नर्सिंग स्कूल की छात्राएं एवं कर्मी उपस्थित थे।

### गरीबों के अनाज वितरण में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नही : शंकर

**बाघमारा।** प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष शंकर महतो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति को पत्र देकर भीमकनली पीडीएस में लाखो रुपए की हुई अनाज घोटाले की जांच की मांग के लिए एक प्रखंड स्तरीय समिति गठित करने का पत्र दिया । श्री महतो ने अपने पत्र में कहा है की अनाज वितरण में अनियमित और भ्रष्ट्राचार हुई है । कार्डधारी और सामाजिक कार्यकर्ता के शिकायत का निपटारा पारदर्शी तरीके से होना चाहिए । इसके लिए आवश्यक है की हर बिंदुओं की जांच हो । अनाज वितरण, ई पोश मशीन, स्टॉक सभी का मिलान अच्छी तरह करना चाहिए । श्री महतो ने जांच समिति का गठन कर बिंदुवार जांच नहीं होने पर कांग्रेस पार्टी प्रखंड कार्यालय में जोरदार आंदोलन करेगी।

### चिरकुंडा में लगाया गया रोजगार कैंप

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा स्थित श्रम कल्याणकेंद्र स्थित नियोजनालय कार्यालय भवन में शुक्रवार को बजाज कैपिटल और आमदनी प्राइवेट लिमिटेड ग्रुप द्वारा रोजगार कैंप लगाया गया है। जिसमें 10वीं 12वीं से लेकर ग्रेजुएशन आईटीआई के योग्यता वाले छात्रों ने आवेदन जमा किये है। बताया गया कि प्रशिक्षण के उपरांत सीधी भर्ती की जा रही है। कही योग्यता के अनुसार चयन किया जा रहा है। बोकारो, धनबाद, आसनसोल , दुगार्पुर स्थान में नौकरी के लिए चयन किया जा रहा है। कहा गया कि यहां पूर्व में भी रोजगार मेला रोजगार कैंप लगाया गया। दूर दूर से पहुचे युवाओं ने नौकरी के लिए इंटरव्यू दिया है। राजीव सिन्हा आमदनी प्राइवेट लिमिटेड के स्टेट हेड, प्रसनजीत दत्ता, विजेंद्र कुमार बजाज कैपिटल स्टेट हेट, जेईएस आनंद कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

### सीसीएल ढोरी क्षेत्र ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के अंतर्गत एसडीओसीएम परियोजना के अंतर्गत चंद्रपुरा प्रखंड स्थित फतेहपुर में एनसीआरएपी के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 152 लोगों को डां डॉक्टर श्वेता शरण ने इलाज कर दवा दिया। डॉ श्वेता शरण ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि इस मौसम में हमेशा गर्म पानी का सेवन करें। ठंड से बचने की हमेशा प्रयास करें। शिविर को संचालन करने में चीफ फार्मासिस्ट आर के प्रतापए फार्मासिस्ट चंद्रकांत प्रसादए आया सावित्री देवीए वार्ड बॉय गणेश तुरीए हेल्पर मोहम्मद अफरोज आलम का सराहनीय योगदान रहा।

# कतरास थाना के निकट फायरिंग से दहशत

## 3 राउंड फायरिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शुक्रवार को कतरास थाना क्षेत्र में कतरास थाना से महज कुछ ही दूरी पर टाइल्स मार्बल के दुकान पर अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम देकर कतरास पुलिस को खुली चुनौती दी है। कतरास थाना के महज कुछ ही दूरी पर दिनदहाड़े अज्ञात बाइक सवार अपराधियों द्वारा फायरिंग से पूरे इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। बताते चलें कि काली मंदिर के समीप बाइक सवार अपराधियों ने दिन दहाड़े टाइल्स मार्बल दुकानदार दिनेश कुमार भगत पर 3 राउंड गोली फायरिंग की ।दुकानदार दिनेश कुमार भगत ने बताया की प्रतिदिन की तरह दुकान में बैठे थे तभी बाइक सवार 2 लोग मास्क लगा कर आए और 3 राउंड गोली चलाया,एक गोली लेटर पैड में लगा । इस गोलीबारी की घटना में दुकानदार दिनेश कुमार भगत बाल-बाल बच गए हैं। सूचना पाकर कतरास पुलिस मौके पर आकर घटना की जांच में जुट गई ।पुलिस ने 3 खोखा जब्त किया है ।बगल के दुकान में लगे सी सी टी वी के फुटेज को पुलिस जांच कर रही है। घटना को अंजाम देने के लिए तीनों अपराधी बाइक में सवार होकर एवं मास्क लगाकर पहुंचे थे । घटना के बाद क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।



## आलू लदा ट्रक पुल से गिरा, ड्राइवर की मौत

**तोपचांची।** राजगंज की सीमा पर दयाबस पहाड़ के पास एचएच पर शुक्रवार की सुबह आलू लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर बांका पुल से करीब 50 फीट नीचे गिर गया। हादसे में ट्रक संख्या डब्ल्यूबी 15 डी 9559 के चालक बबलू हाजरा की मौत हो गई। वह पश्चिम बंगाल के वर्धमान का रहने वाला था। जबकि खलासी फुलचंद गंभीर रूप से घायल है। ग्रामीणों ने घायल खलासी को एनएचएआई के वाहन से इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेजा है। आलू लदा ट्रक बंगाल से बिहार जा रहा था। दयाबस पहाड के समीप तीखा मोड़ होने के कारण ट्रक संतुलित होकर सीधे पुल के नीचे गिर गया। इस घटना में ट्रक के परखच्चे उड़ गए। तोपचांची थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया है ।

## सिंदरी में हिंसक प्रदर्शन के आरोपी धनंजय महतो को जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** बलियापुर के ग्रामीणों द्वारा विगत 25 अगस्त 2022 को सिन्दरी में हिंसक प्रदर्शन व मारपीट के आरोपी बड़ादाहा पंचायत के मुखिया धनंजय महतो उर्फ बी डी महतो को गिरफ्तार कर शुक्रवार को सिन्दरी पुलिस ने जेल भेज दिया है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी से सिन्दरी पुलिस द्वारा उक्त घटना के संदर्भ में किए गए केस में 39 नामजद आरोपियों में अब तक चार आरोपियों को जेल भेज चुकी है। इसी घटना में सिन्दरी अनुमंडल क्षेत्र के तत्कालीन भौंरा ओपी प्रभारी हिमांशु कुमार घायल हो गए थे और अभी तक सामान्य स्थिति में नहीं हैं। सिन्दरी थाना प्रभारी सह निरीक्षक सुरेश प्रसाद ने बताया कि सिन्दरी पुलिस व बलियापुर पुलिस के संयुक्त छापेमारी में धनंजय महतो को बलियापुर थाना क्षेत्र के बड़ादाहा से गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले पुलिस ने इसी मामले में घटना के चार दिन बाद 29 अगस्त को बलियापुर चौक से धनंजय प्रसाद गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसी घटना के दूसरे आरोपी करन महतो को 4 सितंबर को गौशाला ओपी क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस घटना के एक अन्य आरोपी सतीश महतो को सिन्दरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार के द्वारा लोदना ओपी क्षेत्र के तिलयबनी से गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस घटना के अन्य नामजद आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। क्षेत्र में चर्चा यह भी है कि विगत 27 नवंबर को बलियापुर हवाई पट्टी में उक्त घटना के एक अन्य आरोपी जयराम महतो ने पुलिस की उपस्थिति में खुलेआम गर्जना की थी।

## समरेश सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शुक्रवार को बिजय कुमार झा के आवासीय कार्यालय में पूर्व मंत्री स्व. समरेश सिंह के निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 74 आंदोलन के अग्रणी नेता के. बी. सहाय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन राकेश रंजन उर्फ चुन्ना यादव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए बिजय झा ने कहा कि हमने झारखंड के एक जुझारू नेता को खो दिया, उनकी कमी हमेशा खलेगी, उन्होंने हमेशा गरीब गुरबा के हित और समाज के हित मे हमेशा काम किया। सभा को संबोधित करते हुए भावी मेयर प्रत्याशी डॉ शिवानी झा ने कहा कि हमने झारखंड का एक सर्वमान्य नेता को खो दिया है, उन्होंने कहा कि एक अभिवावक के रूप में हमेशा ही हमलोगों को उनका प्यार और आशीर्वाद मिलता था। उनका जाना समाज के साथ साथ मेरे लिये भी अपूरणीय क्षति है। श्रधांजलि सभा मे मुख्य रूप से श्रवण खेतान, राजेंद्र कुमार राही, राजेन्द्र प्रसाद राजा, गौतम मंडल, सांसद प्रतिनिधि शंकर चौहान, उदय सिंह, विनय सिंह, राजेंद्र वर्मा, सोमनाथ चटर्जी, अजय बर्मन, नवल किशोर शर्मा, गलटू सिंह, उमेश ऋषि, जय राम दास, राजेश सिंह, आशु सिंह, रमेश सिंह, संतोष दे, मंगल चौहान, निर्मल कुमार, भगवान दास शर्मा, अस्मृति सिंह, रमेश कुमार राय, कांता प्रसाद सिंह, निमाई मुखर्जी, मन्नू महतो, कृष्णा कुमार, विनय पासवान, मुन्ना यादव, मुन्ना झा, मिसिर मंडल, राजीव रंजन मिश्रा, मुन्ना पाठक, गीता देवी, सुनीता देवी, धीरज सिंह, चंद्रदेव सिंह, रूपेश सिंह, परवेज इकबाल, आशीष केशरी एवं सैकड़ो लोग मौजूद थे।



## बीआइटी में पेड़ से टकरायी बाइक , एक युवक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** गौशाला ओपी क्षेत्र के बीआईटी सिन्दरी के महिला छात्रावास के निकट एक पेड़ से बाइक की जोरदार टक्कर में बाइक सवार अवधेश कुमार ठाकुर की दुर्घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जोरदार टक्कर में बाइक सवार का सिर गंभीर रूप से फट गया था। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह आठ बजे बीआईटी सिन्दरी परिसर स्थित महिला छात्रावास के निकट एक पेड़ से तेज रफ्तार हीरो सीटी डिलक्स बाइक संख्या जे एच 10 सी सी 1929 की टक्कर हुई। इस जोरदार टक्कर में बाइक सवार गौशाला ओपी क्षेत्र निवासी अवधेश कुमार ठाकुर (37) का सिर गंभीर रूप से फट गया था। दुर्घटना के बाद लगभग बीस मिनट तक अवधेश दुर्घटनास्थल पर पड़ा रहा। सूचना मिलने पर गौशाला ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुँची। अवधेश के शरीर में कोई हरकत नहीं थी। 100 नंबर पर सूचना देकर एंबुलेंस बुलाया गया और अवधेश को एंबुलेंस से एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया। जहाँ चिकित्सकों ने जाँच के बाद अवधेश कुमार ठाकुर के मौत की पुष्टि कर दी। मृतक गौशाला स्थित पानी टंकी के समीप पीएचईडी के सेवानिवृत्त कर्मचारी रामचन्द्र ठाकुर का पुत्र था। मृतक अवधेश विवाहित था, परंतु कोई संतान नहीं थी।

## बगदा के पंकज ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के ग्राम पंचायत बगदा के युवा समाजसेवी पंकज कुमार मोदक ने अपनी ओर से बसरिया गांव में नि:शक्तए ऑख से अंधों तथा निहायत जरूरतमंदों के बीच कंबल व गर्म वस्त्र का वितरण किया ।उन्होंने शीतलहरी व कड़ाके की ठंड को देखते हुए निहायत गरीबए नि:शक्तए असहायए वृद्ध ए लाचार एसमेत कई बेहद जरूरतमंदों व निहायत गरीबों के बीच कंबल वितरण किया ।श्री मोदक ने कहा कि इन दिनों शीतलहरी व कड़ाके की ठंड पड़ रही है ।इससे गरीबों को राहत दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। गरीबों और असहायों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म। उन्होंने कहा कि गरीबों के बीच जनप्रतिनिधि तथा अधिकारियों को जितना कंबल वितरित करना चाहिए उतना होता नहीं है ।आगे भी जरूरतमंद लोगों को अपनी ओर से कंबल व गर्म वस्त्र वितरित करने की प्रतिबद्धता प्रकट की।

## रघुवर दास ने समरेश सिंह को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दासए जमशेदपुर विधायक सरयू राय सहित तमाम राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोगों ने समरेश दा के स्थानीय सेक्टर.चार आवास पर जाकर श्रद्धांजलि दी और शोक व्यक्त किया ।आरएसएस के गिरीश सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा कि जन जन के आंख का तारा टूट गयाए झारखंड के रंगमंच का प्रमुख अभिनेता अपना अभिनय दिखा कर अंतर्ध्यान हो गया ।पूर्व मंत्री उमाकांत रजकए बोकारो विधायक बिरंची नारायण सहित तमाम लोगों ने अश्रुपूरित आँखों से उनका अंतिम दर्शन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।रघुवर दास केएम हॉस्पिटल जाकर चंद्रपुरा मे आदिवासी समुदाय के युवकों पर हुई धारदार हथियार से घायल हुए युवकों से मिले। पूर्व मुख्यमंत्री ने घटना की विस्तृत जानकारी पीड़ितों से ली। बेहतर इलाज हेतु अस्पताल प्रबंधन से कहा। उनके साथ विधायक बिरंची नारायण, संजय त्यागी, लक्ष्मण नायक, अर्जुन सिंह, माथुर मंडल, पन्नलाल कान्दू, विक्की लोहरा, झन्तु दे आदि मौजूद थे।



## राजकिशोर महतो की पुण्यतिथि मनी

**बेरमो/फुसरो।** फुसरो नगर के पुराना बीडीओ ऑफिस में गिरिडीह के पूर्व सांसद राजकिशोर महतो की द्वितीय पुनयतिथि नरेश महतो के यूनियन कार्यालय में मनाई गई। विस्थापित नेता नरेश महतो ने कहा कि जब तक बिनोद बाबू झारखंड आंदोलन का नेतृत्व करते रहे राजकिशोर बाबू झारखंड आंदोलन को बाहर से समर्थन कर कानूनी लड़ाई में आंदोलनकारियों का सहयोग करते रहे।

### राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस की तैयारी जारी

**बोकारो।** आगामी 8.10 दिसंबर को डीपीएस बोकारो में आयोजित राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस की तैयारियां जोर.शोर से की जा रही हैं। राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं संचार परिषदए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागए भारत सरकार की ओर से प्रायोजित तथा साइंस फॉर सोसाइटीए झारखंड द्वारा आयोजित इस कांग्रेस में राज्य के विभिन्न जिलों से सैकड़ों प्रतिभागी अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का परिचय देंगे। उक्त आयोजन के विभिन्न पहलुओं पर विचार.विमर्श हो रहा है।

## मुआवजा की मांग पर टॉप केयर अस्पताल के समक्ष धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** बेरमो अनुमंडल के आईइएल थाना क्षेत्र अंतर्गत टॉप केयर अस्पताल परिसर में शुक्रवार को मुआवजे की मांग को लेकर मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने धरना दिया। बता दें कि पिछले दिनों इसी अस्पताल में गोमिया प्रखंड के सियारी ग्राम निवासी धनजी करमाली की पत्नी 34 वर्षीय अरुणा देवी का इलाज में लापरवाही के कारण निधन हो गया था। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में हल्ला हंगामा किया तब प्रबंधन और मृतक के परिजनों के साथ एक समझौता हुआ जिसमें उनके आश्रितों को एक लाख पचहत्तर हजार रुपये मुआवजा देने पर सहमति बनी। तत्काल 25 हजार रुपये अस्पताल प्रबंधन ने मृतक के आश्रित को दिया। शेष राशि 30 नवंबर के पहले भुगतान करने का लिखित में आश्वासन दिया था। अस्पताल प्रबंधन द्वारा जब निर्धारित समय पर मुआवजा राशि का भुगतान नहीं कियाए तब मृतक के आश्रितएग्रामीण और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने अस्पताल परिसर पर धरना दे दिया। धरना के पश्चात सूचना मिलने पर स्थानीय थाना प्रभारी अभिषेक महतो सशस्त्र बल के साथ अस्पताल पहुंचे और इस संबंध में धरना दे रहे ग्रामीण एवं प्रतिनिधियों से बात की। तत्पश्चात धरना दे रहे लोगों से जानकारी लेने के बाद अस्पताल प्रबंधन से दूरभाष पर बात किया। बात करने के बाद थाना प्रभारी ने बताया कि जो पिछले दिनों समझौता हुआ है उसका समाधान के लिए दो दिन का समय लिया है। तब तक धरना को स्थगित करने को कहा। थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन देने बाद धरना को स्थगित किया गया है।



## सरस्वती विद्या मंदिर के भैया-बहनों ने कबड्डी में लहराया परचम

### कबड्डी के विजेता को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा में सहोदया कांप्लेक्स धनबाद चैप्टर द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता भैया-बहनों को विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति, धनबाद विभाग के विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडेय व विद्यालय परिवार द्वारा वंदना सभा में मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि 29 व 30 नवंबर,2022 को सहोदया द्वारा अंतर विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता बड्स गार्डन स्कूल,राजगंज में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में प्रथम चक्र बालक-बालिका वर्ग के विजेता 35 विद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा के भैया-बहनों की कबड्डी टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन बनी। जिसमे शारीरिक एवं खेलकूद प्रमुख आचार्य प्रभात कुमार जी एवं कुणाल जी का सराहनीय योगदान रहा।



### विद्यालय परिवार ने दी बधाई

भैया-बहनों की इस सफलता पर विद्या विकास समिति,झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, धनबाद विभाग के विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडेय, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष माधव सिंह, सचिव विनय कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल,, विद्यालय परिवार के आचार्य-दीदी जी ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ दीं। प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी जी ने भैया-बहनों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आप इसी प्रकार विद्या भारती और विद्यालय का नाम रोशन करते रहे। धनबाद विभाग के विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडेय जी ने भैया-बहनों का मार्गदर्शन करते हुए कहा परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता ,आप इसी प्रकार परिश्रम करते रहे निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी। मौके पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## एक नजर में

### बीएसएल के आरजीबीएस में सहगान उद्यान का उद्घान



**बोकारो।** बीएसएल के आरजीबीएस विभाग के कर्मियों द्वारा विकसित श्सहगान उद्यानश का उद्घाटन अधिशासी निदेशक;संकार्यद्ध बी के तिवारी द्वारा किया गया। मौके पर सीजीएम ;हॉट स्ट्रिप मिलद्ध आलोक वर्माए आरजीबीएस के जीएम इंचार्ज सुब्रत कुमारए जीएम पी पी रावए जीएम एन एन रामटेके सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे ।विभाग के कर्मियों द्वारा आंतरिक संसाधनों से विकसित श्सहगान उद्यानश में सेल लोगोए रोल ग्राइंडर का मॉडलए क्वालिटी के प्रति बोकारो स्टील की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता श्क्यू श सिम्बल बनाया गया है। उद्यान को विकसित करने में नन्द कुमारएएस के रायए शीलभद्र देवए प्रवीण कुमारए आदित्य कुमारए अंकुरए सुशीलए अभिषेक एवं अन्य का अहम योगदान रहा।

### ग्रामीण फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में मानगो की टीम चैंपियन



**बोकारो।** स्थानीय मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में आयोजित बोकारो स्टील ग्रामीण फुटबाल प्रतियोगिता.2022 के फाइनल मैच में मानगो की टीम ने सिजुआ की टीम को 5.4 से पराजित किया। मैच के दौरान बतौर मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाशए ईडी बी के तिवारीए संजय कुमारए सुरेश रंगानीए अमिताभ श्रीवास्तवए जे दास गुप्ताएजीएम एन ए सैफीए सी आर के सुधांशुए वरीय प्रबंधक एस रजकए नरकाराए तुपकाडीहए झोपरो तथा सिजुआ के मुखियाए मैच के ऑफिशियलए ग्रामीण तथा फुटबाल प्रेमी उपस्थित थे ।मैच के 48 वें मिनट में मानगो के श्रीराम हेम्ब्रम ने गोल कर सिजुआ की टीम पर बढ़त बनाई पर सिजुआ के अरविन्द सोरेन ने 65 वें मिनट में गोल दाग कर मैच को बराबरी पर ला दिया और निर्धारित समय तक मैच बराबरी पर रहा। टाई ब्रेकर के निर्धारित समय में सिजुआ के राकेश सोरेनए रमेश मरांडी तथा संदीप सोरेन ने एक.एक गोल किये जबकि मानगो के धीरेन्द्र मरांडीए बाबू लाल हेम्ब्रमए पी सोरेन तथा शिव कुमार मुर्मू ने एक.एक गोल कर टीम को 5.4 से विजय दिलाई। मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया।

### पेटरवार स्कूल में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट

**बेरमो/पेटरवार।** पेटरवार स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को प्रखंड प्रशासन के तत्वावधान में दो दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस टूनार्मेंट में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के टीमो ने भाग लिया। इसके पूर्व टूनार्मेंट का उद्घाटन जिप सदस्य प्रहलाद महतोए चरगी पंचायत की मुखिया रानी कुमारी मुर्मूए विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल में किक मार कर की। टूनार्मेंट के उद्घाटन सत्र के दौरान खेले गए फुटबॉल टूनार्मेंट में चरगी पंचायत की टीम ने पिछरी दक्षिणी पंचायत को 1.0ए अरजुवा पंचायत की टीम ने उतासारा पंचायत को 3.0ए उलगड्डा पंचायत की टीम ने चांदो पंचायत को 1.0ए कोह पंचायत की टीम ने पतकी पंचायत को 3.0ए ओरदाना पंचायत ने मायापुर पंचायत को 1.0ए चलकरी दक्षिणी पंचायत ने अंगवाली दक्षिणी को 1. 0 एवं दारिद पंचायत की टीम ने बुंडू पंचायत को 1. 0 गोल के अंतर से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। शनिवार को सेमी फाइनल ओर फाइनल मैच खेला जाएगा।

## गणित और विज्ञान के शिक्षक नहीं रहने के कारण 228 स्कूली बच्चों का भविष्य अंधकारमय

### बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोयाबाद।** दो शिक्षको की कमी के कारण मध्य विद्यालय कनकनी के 228 बच्चो का भविष्य खतरे मे पड़ गया है। विद्यालय मे गणित और विज्ञान की पढ़ाई नही हो रही है ,जिस कारण बच्चे का भविष्य अंधकार मे जा रहा है। विद्यालय के गणित और विज्ञान के शिक्षको की ड्यूटी कहीं और लगा दी गई है, जिस कारण बच्चो की पढ़ाई ठप पड़ गई है ।विद्यालय में पढ़ाने वाले विज्ञान की शिक्षिका रजिया सुल्ताना की ड्यूटी नेता जी सुभाषचन्द्र बोस विद्यालय हीरापुर में लगा दी गई है जबकि गणित के शिक्षक विनोद कुमार सिंह को एसडीओ ऑफिस धनबाद में ड्यूटी पर लगा दिया गया है। दोनो मुख्य विषय के शिक्षको के विद्यालय मे नही होने के कारण बच्चे पढ़ाई मे रूचि नही दिखा रहे है। शुक्रवार को विद्यालय मे झारखंड सरकार की ओर से कक्षा एक और दो के बच्चो के बीच स्कूल ड्रेस और रबर कटर पेंसिल पेन का किट बांटा गया ।कांग्रेस नेता इम्तियाज अहमद व विद्यालय समिति की उषा देवी के द्वारा बच्चो के बीच कीट का वितरण किया गया। मौके पर इम्तियाज अहमद ने प्रभारी प्रधानाध्यापक इंदु किशोर सिन्हा से विद्यालय की समस्याओं की जानकारी ली ।जब उन्हे पता चला कि विद्यालय मे गणित और विज्ञान के शिक्षक नही है तो उन्होने कहा कि विद्यालय में दो शिक्षकों की कमी है। 228 बच्चो के भविष्य का सवाल है गणित और विज्ञान की पढ़ाई में बच्चे पीछे हो रहे है। बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ नही होने दिया जाएगा ।उन्होंने तुरंत धनबाद डीएसई से फोन पर बात कर शिक्षको की कमी दूर करने का आग्रह किया, इस पर डीएसई ने जल्द ही कमी दूर करने की बात कही। इम्तियाज अहमद ने कहा कि इस मामले मे जल्द ही धनबाद डीसी व डीएसई से मिलकर विद्यालय मे शिक्षको की कमी दूर करने के लिए ज्ञापन दूंगा। मौके पर प्रधानाध्यापक इंदु किशोर सिन्हा, शिक्षक पीएन सिंह, गौतम प्रभाकर, इस्लाम अंसारी आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## रितेश और जेनेलिया पर लोन में गड़बड़ी का आरोप



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख और उनकी पत्नी अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख पर बैंक से लिए लोन पर गड़बड़ी करने का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार लातूर में रितेश-जेनेलिया की कृषि-प्रसंस्करण कंपनी के लिए 116 करोड़ रुपये का कर्ज देने में सहकारी बैंकों की ओर से गड़बड़ी किए जाने के आरोप के बाद महाराष्ट्र सरकार ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## सपा विधायक 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**कानपुर।** जाजमऊ आगजनी मामले में फरार सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी ने पुलिस कमिश्नर आवास पर सरेंडर किया था। पुलिस लाइन में उनसे साढ़े तीन घंटे तक पूछताछ के बाद एसीएमएम तीन की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## मुंबई में दो जनवरी तक धारा 144 लागू

**मुंबई।** मुंबई में धारा 144 लागू कर दी गई है। पांच या इससे अधिक लोगों के एक जगह पर इकट्ठे होने पर मनाही है। इसके अलावा सार्वजनिक सभा के प्रदर्शन पर भी रोक है। आदेश के मुताबिक, पूरे राज्य में धारा 144 चार दिसंबर से दो जनवरी तक लागू रहेगी।

## स्वामी चक्रपाणि की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की निगरानी कर रही संस्था 'राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट' में खुद को शामिल करने के लिए स्वयंभू संत स्वामी चक्रपाणि की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। सीजेआइ डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए चक्रपाणि को संबंधित ट्रस्ट के समक्ष अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। चंद्रचूड ने कहा, 'हमें खेद है। हम यहां इस याचिका पर विचार नहीं करने जा रहे हैं। आप जो चाहें करें।'

## शेयर बाजार की तेजी थमी

**मुंबई।** शुक्रवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार छह दिन की तेजी थम गई। सेंसेक्स 415.69 अंक की गिरावट लेकर 63 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 62868.50 अंक और निफ्टी 116.40 अंक लुढ़ककर 18696.10 अंक पर आ गया।

### गुजरात में विपक्ष पर जमकर बरसे पीएम मोदी

# कांग्रेस का इवीएम में खराबी का गाना शुरू

एजेंसी

**पाटन/आणंद।** गुजरात में पांच दिसंबर को दूसरे चरण का मतदान होना है। पीएम मोदी भी तूफानी प्रचार में जुटे हैं।

मोदी ने शुक्रवार को कांकरेज और पाटन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने विपक्षी पार्टी कांग्रेस को आड़े हाथ लिया।

**कांग्रेस ने हार मान ली**

मोदी ने पाटन में कहा कि कांग्रेस की विशेषता चुनाव के समय मोदी का अपमान करना और मतदान के समय इवीएम का अपमान करना है। यह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि कांग्रेस ने इस चुनाव में हार मान ली है। गुजरात के लोगों को बीजेपी पर भरोसा है। मोदी ने कहा कि गुजरात को विकसित गुजरात बनाने के लिए गुजरात की नारी शक्ति की भूमिका बहुत बड़ी है। पिछले 20 वर्षों में सूखा, बेमौसम, सुजलाम ने सुफलाम के माध्यम से हरी-भरी धरती बनाने का काम किया है।

**लटकाना, भटकाना कांग्रेस की आदत:** मोदी ने कहा कि लटकाना और भटकाना कांग्रेस की आदत है। कांग्रेस का स्वभाव है कि वह कोई भी ऐसा काम नहीं करती जिसमें उसका अपना हित न दिखाई देता हो।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की गौ वंश की विरासत हमारी बहुत बड़ी ताकत है। विपरीत परिस्थितियों में भी हमारी कांकरेज की गाय ने अपना स्वभाव बदल लिया है।



### कांग्रेस को सजा देने की अपील

नरेंद्र मोदी ने आणंद में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कल मतदान पूरा हुआ है। कांग्रेस चुनाव के पहले बोलना शुरू कर देती है कि इवीएम खराब है उसमें गड़बड़ है। पूरे चुनाव में मोदी को गाली देनी और चुनाव के वक्त इवीएम को गाली देना कांग्रेस का काम है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस गुलामी वाली मानसिकता में आ गई है। कांग्रेस के लोगों ने अंग्रेजो के साथ बहुत काम किया है। पीएम मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस होती है तब केवल घोटाला होता है। भाजपा और उसकी सोच में बहुत अंतर है। कांग्रेस को आप सजा दीजिए।

## दुनिया के सबसे महंगे शहरों में भारत के तीन

**172 की लिस्ट जारी**

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** एक वार्षिक सर्वेक्षण में दुनिया के 10 सबसे महंगे शहरों की सूची जारी की गई है। इस सूची में न्यूयॉर्क और सिंगापुर को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान मिला है जबकि ऑस्ट्रेलिया का सिडनी पहली बार टॉप 10 में शामिल हुआ। ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति के आधार पर 2022 में न्यूयॉर्क दुनिया का सबसे महंगा शहर बना है। वहीं सिंगापुर को भी इसी आधार पर प्रथम स्थान मिला है। हालांकि, सबसे अधिक बार नंबर वन पर रहने का रिकॉर्ड सिंगापुर का ही रहा है। साल 2021 को छोड़कर सिंगापुर बीते 10 सालों में आठ बार पहले स्थान पर रहने का रिकॉर्ड बनाया है। बीते साल तेल अवीव पहले स्थान पर था जिसे कि इसबार तीसरा स्थान मिला है।



**भारत के तीन शहर शामिल**

वहीं 172 देशों की सूची में भारत के तीन शहरों को जगह मिली है। इनमें कर्नाट की राजधानी बेंगलुरु, तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई और गुजरात का शहर अहमदाबाद शामिल हैं। इन्हें क्रमशः 161, 164, 165 वां स्थान मिला है।

## छत्तीसगढ़ सीएम की उप सचिव गिरफ्तार

**रायपुर।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट सौम्या चौरसिया को इडी ने गिरफ्तार कर लिया है। उससे पहले इडी ने आइएएस अधिकारी समीर विष्णोई और व्यापारी सूर्यकांत तिवारी सहित तीन अन्य को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि यह मनी लॉन्ड्रिंग मामला खदानों में लगे ट्रांसपोर्टर और ट्रकों पर अवैध लैवी वसूलने का है। यह आशंका जताई जा रही है कि 16 महीनों में 500 करोड़ रुपये यहां से वहां किए गए।

## मूसेवाला हत्याकांड का मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ अमेरिका में गिरफ्तार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ को कैलिफोर्निया में गिरफ्तार कर लिया गया है।

भारतीय खुफिया एजेंसियों के सूत्रों की मानें तो गोल्डी बराड़ को कैलिफोर्निया में हिरासत में लिया गया है। खुफिया एजेंसियों को इनपुट मिला है कि गोल्डी बराड़ को कैलिफोर्निया में 20 नवंबर या उससे पहले डिटेन कर लिया गया है। हालांकि, अब तक कैलिफोर्निया की तरफ से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान भारत सरकार को नहीं मिला है।



## वैज्ञानिक नंबी नारायणन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाइकोर्ट का आदेश

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इसरो जासूसी केस में केरल हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत पा चुके चार आरोपियों को बड़ा झटका दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 1994 के इसरो जासूसी मामले में वैज्ञानिक नंबी नारायणन को कथित रूप से फंसाने के एक मामले में एक पूर्व पुलिस महानिदेशक सहित चार व्यक्तियों को अग्रिम जमानत देने के केरल हाईकोर्ट के आदेश को शुक्रवार को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने मामले को हाइकोर्ट को वापस भेज दिया और उसे इस मुद्दे पर चार सप्ताह के भीतर फैसला करने का निर्देश दिया।

## बस्तर में खदान धसने से सात लोगों की मौत



**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। जगदलपुर से 11 किलोमीटर दूर ग्राम मालगांव में चूना पत्थर की खदान अचानक धंस गई। इस हादसे की चपेट में आने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि हादसे की चपेट में आने से 12 से ज्यादा ग्रामीण उसमें फंस गए थे। सूचना के मुताबिक घटना स्थल पर अभी भी कई और लोग फंसे हुए हैं। उन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

## अमरिंदर, स्वतंत्रदेव भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य बने

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह, उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और पंजाब कांग्रेस के पूर्व नेता सुनील जाखड़ को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया है। पार्टी की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। पार्टी ने कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आए जयवीर शेरगिल को राष्ट्रीय प्रवक्ता पंजाब नियुक्त किया गया है। इसके अलावा मदन कौशिक, विष्णु देव साय, राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी, मनोरंजन कालिया और अमरजोत कौर को राष्ट्रीय कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है।

## महायुद्धः बाइडेन के बाद पुतिन भी बातचीत को राजी

एजेंसी

**मॉस्को/कीव।** क्या यूक्रेन में बीते 9 महीने से चल रहा महायुद्ध अब थमने की ओर है! बीते दो दिनों के घटनाक्रम से तो ऐसा ही लगा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात के बाद कहा था कि यदि पुतिन युद्ध करना चाहें तो वह बात करने के लिए राजी हैं। अब उनकी इस बात पर क्रेमलिन से पॉजिटिव जवाब आया है। रूसी राष्ट्रपति की ओर से कहा गया है कि यदि यूक्रेन संकट का कोई हल निकलता है तो वह बातचीत के लिए तैयार हैं। इससे पहले बाइडेन ने कहा था कि यूक्रेन संकट का एक ही हल है कि व्लादिमीर पुतिन अपने सैनिकों को वापस बुला लें। इसके अलावा उन्होंने कहा था कि यदि व्लादिमीर पुतिन सैनिकों को हटाएं और बातचीत को राजी हों तो मैं भी वार्ता के लिए तैयार हूं।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि व्लादिमीर पुतिन हमेशा बातचीत के लिए तत्पर रहे हैं, लेकिन रूस यूक्रेन से पीछे नहीं हटेगा। पेस्कोव ने कहा कि हमारे राष्ट्रपति हमेशा ही बातचीत के लिए तैयार रहे हैं। बशर्ते रूस के हित इससे प्रभावित न होते हों। पुतिन का कहना है कि उन्हें यूक्रेन पर अटैक करने का कोई अफसोस नहीं है। उनका कहना है कि पश्चिमी देशों की वर्चस्व की जंग को चुनौती देने के लिए उन्हें कदम उठाना पड़ा है।



## सेना को अत्याधुनिक युद्ध पोतों और हथियारों से लैस किया जा रहा है : राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि समुद्री सीमाओं की सुरक्षा को पुख्ता बनाने के लिए नौसेना तथा तटरक्षक बल को अत्याधुनिक युद्धपोतों और हथियारों से लैस किया जा रहा है। सिंह ने शुक्रवार को मुंबई में रक्षा मंत्रालय से संबद्ध संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसीलिए नौसेना तथा तटरक्षक बल को मजबूत तथा ताकतवर बनाया जा रहा है। नौसेना की मारक क्षमता बढ़ाने में शिपयार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए राजनाथ ने कहा कि सभी शिपयार्ड ने समय रहते गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की आपूर्ति की है जिससे देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों का भी उन्होंने उल्लेख किया।

## नीतीश की सभा में हंगामा, अभ्यर्थियों को जदयू कार्यकर्ताओं ने मारकर भगाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मुजफ्फपुर।** बिहार के मुजफ्फपुर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सभा में जमकर हंगामा हुआ है। सभा में कार्यकर्ताओं और प्रदर्शनकारियों के बीच खूब कुर्सियां चली। दरअसल नीतीश कुमार शुक्रवार को कुढ़नी में आयोजित जनसभा को सबोधित करने पहुंचे थे। तब यहां सीटीइटी और बीटीइटी अभ्यर्थी नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें वहां से हटाना चाहा तो प्रदर्शनकारी हंगामा करने लगे। तब जनसभा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने कुर्सी मारकर अभ्यर्थियों को खदेड़ दिया। इस दौरान अभ्यर्थियों और जदयू कार्यकर्ताओं के बीच खूब कुर्सियां फेंकी गई। इस दौरान लोग गिरते पड़ते भागे। भगदड़ में महिलाएं भी गिरते-पड़ते वहां से भागीं। बताया जा रहा है कि अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री शर्म करो, डूब मरो के साथ साथ हाय हाय के नारे लगाए जिससे वहां मौजूद जदयू कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और फिर उनकी कुर्सी से मारकर पिटाई की।




## ई-रुपये : पहले ही दिन हुआ 1.71 करोड़ का लेन-देन

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के चार प्रमुख शहरों दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और भुवनेश्वर में डिजिटल रुपये के पायलट परीक्षण की शुरूआत कर दी है। प्रोजेक्ट के लिए चुने गए बैंकों की ओर से 1.71 करोड़ रुपये डिजिटल रुपये की मांग की गई। जिसमें चार बैंकों भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ ग्राहक और व्यापारी इसका लेनदेन कर सकेंगे। बैंकों की मांग के अनुरुप केंद्रीय बैंक ने डिजिटल रुपया जारी कर दिया। आरबीआइ की ओर से जारी किया गया ई-रुपया डिजिटल टोकन पर आधारित है। इसे केंद्रीय बैंक ही जारी कर सकता है और इसका मूल्य बैंक नोटों के समान ही है। इसे पेपर नोटों की तरह 2000, 500, 200,100, 50 और अन्य वैध डोनोमिनेशन में जारी किया गया है। यह डिजिटल रुपया एक खास ई वॉलेट में सुरक्षित रहेगा, जिन्हें प्रोजेक्ट के लिए चुने गए बैंकों की ओर से उपलब्ध कराया जाएगा। यह वॉलेट बैंक की ओर से जारी किया जाएगा।

## भूमि ने दिखाया वेडिंग लुक



भूमि पेडनेकर अक्सर अपने स्टाइल से फैंस को आकर्षित करती हैं। वे इंस्टाग्राम पर अपने अलग लुक में फोटोज शेयर करती रहती हैं। हाल ही उन्होंने साड़ी में कुछ फोटोज शेयर किए। दोस्त की शादी के लिए भूमि ने शिबोरी प्रिंट की ब्लू साड़ी कैरी की। इस साड़ी के साथ उन्होंने डिफरेंट स्टाइल ब्लाउज कैरी किया। भूमि ने इस लुक के साथ एथेनिक ज्वैलरी कैरी की, जिससे वे काफी डिफरेंट लग रही थीं। भूमि का आई कैचिंग लुक उनके फैंस को आकर्षित कर रहा है। भूमि ने डिफरेंट एंगल में फोटो खिंचवाएं हैं, जिनमें वे काफी अलग रही हैं। यूजर के अनुसार, भूमि ने खूबसूरती की परिभाषा ही बदल दी। भूमि के इस लुक पर एक यूजर का कहना था कि वे इसमे नेचुरल नहीं लग रही हैं। ऐसा लग रहा है कि वे कुछ और बनना चाह रही हैं। उनका फ्रंट रिविलिंग लुक कुछ यूजर्स को पसंद नहीं आ रहा है। भूमि अक्सर इंस्टाग्राम पर ग्लैमरस लुक में फोटोज पोस्ट करती रहती हैं। पिछले दिनों उन्होंने व्हाइट आउटफिट में फोटोज शेयर किये थे।




## बेल्जियम के विश्व कप से बाहर होने पर गुस्से में रोमेलू लुकाकू, डगआउट में जमकर की तोड़फोड़

एजेंसी

**दोहा।** बेल्जियम की टीम कतर में चल रहे फुटबॉल विश्व कप से बाहर हो चुकी है। उसे गुरुवार (एक दिसंबर) रात क्रोएशिया ने 0-0 की बराबरी पर रोक कर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। बेल्जियम को आगे बढ़ने के लिए किसी भी हाल में जीत की आवश्यकता थी, लेकिन टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। उसके स्टार स्ट्राइकर रोमेलू लुकाकू ने गोल करने के कई मौके गंवाए। इसके बाद लुकाकू की आलोचना सोशल मीडिया पर जमकर हुई। ग्रुप-एफ में जब बेल्जियम की टीम मैदान पर उतरी तो कप्तान ईडन हेजार्ड और रोमेलू लुकाकू शुरूआती एकादश में नहीं थे। पहले हाफ में दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर पाई। हाफटाइम के ठीक बाद लुकाकू को ड्रीस मार्टेंस की जगह सब्सीट्यूट के तौर पर उतारा गया। लुकाकू उसके बाद पूरे मैच में टीम के साथ रहे। उन्हें गोल करने के कम से कम तीन आसान मौके मिले, लेकिन वह हर बार चूक गए।

**90वें मिला था आसान मौका**

इनमें से 90वें मिनट में मिला मौका तो सबसे आसान था। क्रोएशिया के गोलकीपर गोलपोस्ट से दूर हो चुके थे। गेंद लुकाकू के सीधे सामने आई। उन्होंने हेडर लगाने की जगह उसे छाती से रोका, लेकिन नियंत्रित नहीं कर पाए। गेंद गोलपोस्ट में नहीं गया और क्रोएशियाई गोलकीपर ने आकर गेंद को आसानी से पकड़ लिया।

**हेनरी के गले लगकर रोए लुकाकू :** मैच समाप्त होने के बाद लुकाकू काफी निराश दिखे। वह सहायक कोच थिएरी हेनरी के गले लग गए और काफी देर तक रोते रहे। इसके बाद वह भारी कदमों से डगआउट की बढ़े। वहां जाकर उन्होंने अपना गुस्सा डगआउट के शीशे पर उतारा और उसे फोड़ दिया।



**गोल्डन जेनरेशन का सपना टूटा :** बेल्जियम की इस टीम में कप्तान इडेन हेजार्ड, दुनिया के बेस्ट मिडफील्डर में से एक केविन डी ब्रुइन, स्टार स्ट्राइकर रोमेलू लुकाकू और गोलकीपर थिबाउट कोर्त्वा सहित कई स्टार खिलाड़ी हैं। इस कारण इस टीम को बेल्जियम की फुटबॉल इतिहास में 'गोल्डन जेनरेशन' कहा गया। उसी गोल्डन जेनरेशन के एक सदस्य रोमेलू लुकाकू ने इस मुकाबले में कई गलतियां कीं।

## ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन बनाई 344 रन की बढ़त

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्ट इंडीज को 283 रन पर ऑलआउट करने के बाद तीसरे दिन शुक्रवार को 344 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट के नुकसान पर 29 रन बना लिये हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**मुंबई।** बीसीसीआइ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए शुक्रवार को घोषित 15-सदस्यीय स्क्वाड में ऑलराउंडर देविका वैद्या को शामिल किया है। इस सीरीज की शुरूआत 9 दिसंबर से नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में होनी है। स्क्वॉड: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), जेमिमा रॉड्रिग्ज, दीप्ति शर्मा, राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, रेणुका सिंह ठाकुर, मेघना सिंह, अंजलि सरवनी, देविका वैद्य, एस मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देओल।

## सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को हरा कर जीती विजय हजारे ट्रॉफी

एजेंसी



**अहमदाबाद।** सौराष्ट्र ने शेल्डन जैकसन (133 नाबाद) के शानदार शतक और चिराग जानी (43/3) की हैट्रिक की बदौलत शुक्रवार को फाइनल में महाराष्ट्र को पांच विकेट से हराकर दूसरी बार विजय हजारे ट्रॉफी जीत ली। महाराष्ट्र ने रुतुराज गायकवाड़ (108) के शतक की मदद से सौराष्ट्र को 50 ओवर में 248 रन का लक्ष्य दिया। सौराष्ट्र ने यह लक्ष्य 46.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। गायकवाड़ ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरा शतक जड़ते हुए 131 गेंदों पर सात चौकों और चार छक्कों की बदौलत 108 रन बनाये। महाराष्ट्र गायकवाड़ के सैकड़े के दम पर बड़े स्कोर की ओर अग्रसर थी लेकिन चिराग ने 49वें ओवर में हैट्रिक ली जिसके कारण गायकवाड़ की टीम 248 रन ही बना सकी। जैकसन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए हार्विक देसाई (50) के साथ 125 रन की शतकीय साझेदारी की। जैकसन ने अंत तक विकेट पर खड़े रहकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। जैकसन ने अपनी मैच जिताऊ पारी में 136 गेंदों पर 12 चौकों और पांच छक्कों के साथ नाबाद 133 रन बनाये, जिसमें 47 ओवर में जड़ा गया विजयी चौका शामिल है।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND
REQUIRED PRINCIPAL
Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.
Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
Class VIII Today (Combined) ₹ 250
Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
Mathematics Practical ₹ 60
Science Practical ₹ 60
S. Science Practical ₹ 60
Hindi Vyakaran-I ₹ 60
English Grammar-I ₹ 60
Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50
Classes VI & VII
Class VII Today (Combined) ₹ 240
Class VI Today (Combined) ₹ 240
Hindi Vyakaran-I ₹ 60
English Grammar-I ₹ 60
Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!